नई दिल्ली
सोमवार 13 जुलाई 2026
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष,
चतुर्दशी वर्ष : 30, अंक : 85
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 34
न्यून. 28

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

मप्र की सबसे बड़ी साइबर ठगी

## ग्वालियर के बुजुर्ग सीए से 21 करोड़ रु. हड़पे





अशोक विजयवर्गीय

लड़की ने ऑनलाइन निवेश और भारी मुनाफे का झांसा देकर जाल में फंसाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

हैलो... मैं दिव्या बोल रही हूं, सोशल मीडिया पर आए इसी एक मैसेज से शुरू हुई चैटिंग ने मध्य प्रदेश चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के मुख्य निर्वाचन अधिकारी और सीनियर चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) अशोक विजयवर्गीय को कंगाल बना दिया। ऑनलाइन निवेश और भारी मुनाफे का झांसा देकर शातिर साइबर ठगों ने 70 वर्षीय बुजुर्ग सीए से 21 करोड़ 6 लाख रुपए हड़प लिए। इसे प्रदेश ▶▶ शेष पेज 5 पर

नेतृत्व के बुलावे पर दिल्ली पहुंचे, नितिन नबीन के सामने रखा अपना पक्ष

# नरोत्तम बोले- भाजपा में पैदा हुआ, यहीं मरूंगा, इधर-उधर की कोई बात ही नहीं

▶▶ रविवार को समर्थन में बंद रहा दतिया बाजार

▶▶ आज आशुतोष के नामांकन में शामिल होंगे

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

शनिवार को राजधानी में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और प्रभारी संगठन महामंत्री अजय जामवाल से मुलाकात के बाद दतिया के टिकट से वंचित पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा रविवार को दिल्ली पहुंच गए। समर्थकों के उत्पात के बाद केंद्रीय नेतृत्व ने उन्हें तलब किया था।

दिल्ली में उन्होंने भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन से मुलाकत कर अपना पक्ष रखा। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि उन्हें



नरोत्तम मिश्रा

जिससे मिलना था, मिल चुका। अब वापस दतिया जा रहा हूं और सोमवार को भाजपा प्रत्याशी आशुतोष तिवारी के नामांकन के दौरान साथ रहूंगा। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि मैं भाजपा में पैदा हुआ हूं और भाजपा में ही मरूंगा। इधर-उधर की कोई बात ही नहीं। न निर्दलीय न आजाद, भाजपा के लिए काम करूंगा। उधर, दतिया में समर्थक भी शांत हो गए हैं। मप्र भवन में मीडिया से चर्चा में नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि मैंने उनको समझाया है वो मान भी गए हैं। वो क्षणिक आवेश था। इधर, भाजपा ने दतिया में डैमेज कंट्रोल शुरू कर दिया है। भाजपा ▶▶ शेष पेज 5 पर

### नरोत्तम के काम आगे बढ़ाऊंगा : आशुतोष

भाजपा प्रत्याशी घोषित होने के बाद आशुतोष तिवारी रविवार को पहली बार पीतांबरा पीठ पहुंचे। मां पीतांबरा के दर्शन कर आशीर्वाद लिया और चुनाव अभियान की शुरुआत का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने क्षेत्र के विकास के लिए जो काम किए हैं, चुनाव जीतने के बाद उन्हें आगे बढ़ाया जाएगा।

### बसपा नहीं लड़ रही चुनाव, सपा कांग्रेस के साथ

बसपा सुप्रीमो मायावती ने दतिया उपचुनाव से दूरी बनाते हुए मध्य प्रदेश इकाई को साल 2028 के विधानसभा चुनाव पर फोकस करने के निर्देश दिए हैं। यहां बसपा के चुनाव न लड़ने का बड़ा फायदा आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशी दामोदर यादव को मिल सकता है, जो दलित और अन्य पिछड़ा वर्ग के वोटों के बिखराव को रोककर ▶▶ शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

ट्विशा शर्मा केस

### जिम्नास्टिक बेल्ट पर मिले स्किन टिशू, रिपोर्ट सीबीआई को सौंपी

**भोपाल।** ट्विशा शर्मा मौत मामले में दिल्ली एम्स की फॉरेंसिक टीम ने अपनी 11 पन्नों की अंतिम गोपनीय रिपोर्ट सीबीआई को सौंप दी है। इस रिपोर्ट में एक ऐसा चौंकाने वाला खुलासा हुआ है, जो केस की पूरी दिशा बदल सकता है। हिस्टोपैथोलॉजिकल जांच में फंदे के रूप में इस्तेमाल की गई जिम्नास्टिक बेल्ट पर मृतका के स्किन टिशू (त्वचा के नमूने) मिले हैं, जो ट्विशा की गर्दन की चोटों से पूरी तरह मेल खा रहे हैं। दरअसल, पहली पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यह वैज्ञानिक संबंध स्थापित नहीं हो पाया था क्योंकि तब जांच अधिकारी मेडिकल बोर्ड के सामने बेल्ट पेश नहीं कर सके थे। इसके बाद मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के आदेश पर एम्स दिल्ली के डॉक्टरों ने दोबारा जांच शुरू की। एम्स के फॉरेंसिक विभाग के प्रमुख डॉ. सुधीर गुप्ता ने बताया कि करीब एक महीने तक राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय जर्नल्स का अध्ययन करने और वैज्ञानिक तर्कों को परखने के बाद यह स्पष्ट राय दी गई है, जो न्यायपालिका के लिए तस्वीर पूरी तरह साफ कर देगी।




गृहमंत्री शाह ने अहमदाबाद में की पौधरोपण कार्यक्रम की शुरुआत

# 'मिशन फाइव मिलियन ट्रीज' शुरू किया करोड़ों के विकास प्रोजेक्ट की सौगात दी

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने भारत का हरित आवरण बढ़ाने के लिए 'एक पेड़ मां के नाम' पहल शुरू की थी और यह जन आंदोलन बन गई। अर्धसैनिक बलों ने 7 वर्ष में 7 करोड़ पेड़ लगाने का लक्ष्य पूरा किया

## अहमदाबाद में विज्ञान भवन, साइंस सिटी, सोला में आयोजन किया गया



एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को गुजरात के अहमदाबाद में 'मिशन फाइव मिलियन ट्रीज' के तहत पौधरोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने करीब 405 करोड़ रुपए की कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। अहमदाबाद महानगर निगम की ओर से 'मिशन फाइव मिलियन ट्री' के तहत विज्ञान भवन, साइंस सिटी, सोला में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री शाह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मंच पर उनका भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने भारत का हरित आवरण बढ़ाने के लिए 'एक पेड़ मां के नाम' पहल शुरू की थी और यह जल्द ही जन आंदोलन बन गई। शाह ने कहा कि केंद्रीय अर्धसैनिक बलों ने सात वर्ष में सात करोड़ पेड़ लगाने का लक्ष्य शनिवार को पूरा किया।

### 101 ऑक्सीजन पार्क और हेरिटेज पार्क का ई-लोकार्पण किया

शाह ने 101 ऑक्सीजन पार्क और हेरिटेज पार्क का ई-लोकार्पण किया। इसके अलावा अहमदाबाद नगर निगम, औडा और सड़क व भवन विभाग की लगभग 405 करोड़ रुपए की विभिन्न विकास परियोजनाओं का ई-लोकार्पण और शिलान्यास किया। सीएम भूपेंद्र पटेल, मेयर हितेश बारोट, कई मंत्री, सांसद, विधायक, पदाधिकारी और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।



परियोजनाओं का उद्घाटन करते केंद्रीय गृहमंत्री शाह

### 22 लाख 71 हजार से अधिक पौधे लगाए गए

अहमदाबाद नगर निगम की ओर से विकसित 101 ऑक्सीजन पार्कों में लगभग 9 लाख 66 हजार वर्गमीटर क्षेत्र में 22 लाख 71 हजार से अधिक पौधे लगाए गए हैं। इनमें से 62 पार्क गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र में हैं, जहां लगभग 16 लाख पौधरोपण किया गया है। इन पार्कों से शहर में हरित क्षेत्र बढ़ेगा।

### इलेक्ट्रिक बीआरटीएस बसों का शुभारंभ भी किया

शाह ने 80 नई एयर-कंडीशंड इलेक्ट्रिक बीआरटीएस बसों का शुभारंभ किया। जेबीएम कंपनी की ओर से जीसीसी मॉडल के तहत संचालित इन बसों पर हर वर्ष लगभग 42 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इन बसों के शुरू होने से यात्रियों को आधुनिक, आरामदायक, वातानुकूलित और प्रदूषण मुक्त यात्रा की सुविधा मिलेगी।फिलहाल यहां 333 बसें हैं, जिनमें 200 संचालित हो रही हैं। अब पहले चरण में 80 नई इलेक्ट्रिक एसी बसें शामिल की जा रही हैं। भविष्य में पूरी बीआरटीएस सेवा को इलेक्ट्रिक फ्लीट में बदलने की योजना बनाई गई है। इसके लिए एएमटीएस और बीआरटीएस के लिए कुल 325 इलेक्ट्रिक एसी बसों की मंजूरी पहले ही दी जा चुकी है।

### एक पेड़ मां के नाम अब जन आंदोलन बन गया

शाह ने कहा कि भारत का हरित आवरण बढ़ाने के उद्देश्य से शुरू किया गया 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान जन आंदोलन बन चुका है और भावी पीढ़ियों के लिए पृथ्वी को रहने योग्य बनाए रखने की दृष्टि से यह बेहद महत्वपूर्ण है। गृहमंत्री शाह ने अहमदाबाद नगर निगम के पौधरोपण कार्यक्रम और विकास परियोजनाओं की शुरुआत करते हुए कहा कि वह 2029 तक अपने संसदीय क्षेत्र गांधीनगर में हरित आवरण 20 प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### योगी ने शुरू किया 'पौधरोपण महायज्ञ'

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गोरखपुर से 'प्रदेशव्यापी पौधरोपण महायज्ञ-2026' का शुभारंभ किया। उन्होंने गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के समीप और आरकेबीके के पास ताल रिंग रोड के किनारे 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधा लगाया। सीएम योगी के साथ मंत्री संजय निषाद व अरुण कुमार सक्सेना समेत कई लोग मौजूद रहे।

केंद्रीय श्रम मंत्री कल करेंगे उद्घाटन

## 668 करोड़ रुपए की 7 ईएसआई स्वास्थ्य परियोजनाओं से 53 लाख लाभार्थियों को मिलेगा फायदा

▶▶ *6 परियोजनाओं का शुभारंभ वर्चुअली करेंगे*

▶▶ *श्रमिकों की भूमिका स्वीकारने की दिशा में विशेष पहल की*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया मंगलवार को देशभर में लगभग 668 करोड़ रुपये की लागत से तैयार कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) की 7 नई स्वास्थ्य परियोजनाओं का उद्घाटन मंगलवार को करेंगे। इन परियोजनाओं के शुरू होने से देश के करीब 53 लाख ईएसआई लाभार्थियों को बेहतर और आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

डॉ. मांडविया तेलंगाना के सनतनगर स्थित ईएसआईसी अस्पताल में नवनिर्मित अत्याधुनिक आउट पेशेंट विभाग (ओपीडी) ब्लॉक का उद्घाटन करेंगे। वहीं, देश के विभिन्न राज्यों में तैयार अन्य छह परियोजनाओं का शुभारंभ वह वर्चुअल माध्यम से करेंगे। उद्घाटन होने वाली प्रमुख परियोजनाओं में असम के बेलटोला में उन्नत 200-बेड का ईएसआईसी अस्पताल, तमिलनाडु के श्रीपेरंबदूर में 100-बेड का ईएसआईसी अस्पताल, आंध्र प्रदेश के राजमहेंद्रवरम स्थित ईएसआईएस अस्पताल, गुजरात के सुरेंद्रनगर में ईएसआई डिस्पेंसरी एवं शाखा कार्यालय, तथा राजस्थान के कोटा के उद्योग नगर में ईएसआई डिस्पेंसरी एवं शाखा कार्यालय के साथ भवानी मंडी में नई ईएसआई डिस्पेंसरी शामिल हैं।

मंत्रालय ने कहा कि इन परियोजनाओं का उद्देश्य ईएसआई योजना के तहत आने वाले श्रमिकों और उनके परिवारों को उनके कार्यस्थल के निकट गुणवत्तापूर्ण, सुलभ और आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। इससे कर्मचारियों को उपचार के लिए लंबी दूरी तय करने की आवश्यकता कम होगी और स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच में उल्लेखनीय सुधार आएगा। कार्यक्रम के दौरान डॉ. मांडविया सनतनगर ईएसआईसी अस्पताल के ओपीडी ब्लॉक के निर्माण में योगदान देने वाले निर्माण श्रमिकों को भी सम्मानित करेंगे।

मंत्रालय के अनुसार यह सम्मान राष्ट्र निर्माण में श्रमिकों की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करने की दिशा में एक विशेष पहल है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ईएसआई योजना के पात्र लाभार्थियों को नकद लाभ (कैश बेनिफिट) भी वितरित करेंगे। मंत्रालय ने कहा कि यह कदम श्रमिकों के सामाजिक सुरक्षा तंत्र को और मजबूत करने तथा उनके कल्याण के प्रति केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कार्यक्रम में केंद्रीय श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे भी उपस्थित रहेंगी।

## ईपीएफओ ने शुरू की एमनेस्टी स्कीम, छूट प्राप्त पीएफ ट्रस्ट संचालित संस्थानों को मिलेगा एकमुश्त अवसर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने 'एमनेस्टी स्कीम-2026' की शुरुआत की है। इस योजना के तहत उन संस्थानों को एकमुश्त अवसर दिया जाएगा, जो अब तक छूट प्राप्त भविष्य निधि के तहत अपने निजी पीएफ ट्रस्ट का संचालन कर रहे हैं और अपने कानूनी दर्जे को नियमित (रेग्युलराइज) कराना चाहते हैं। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने बताया कि यह योजना छह महीने तक प्रभावी रहेगी। मंत्रालय के अनुसार यह योजना उन संस्थानों पर लागू होगी, जो आयकर अधिनियम, 1961 के तहत मान्यता प्राप्त भविष्य निधि ट्रस्ट का संचालन कर रहे हैं। पात्र संस्थानों को ▶▶ शेष पेज 5 पर

### क्या होता है एक्सेम्प्टेड प्रोविडेंट फंड?

एक्सेम्प्टेड प्रोविडेंट फंड ऐसी व्यवस्था है, जिसमें नियोक्ता अपने कर्मचारियों के भविष्य निधि अंशदान का प्रबंधन सीधे ईपीएफओ के माध्यम से कराने के बजाय स्वयं गठित एक मान्यता प्राप्त निजी ट्रस्ट के जरिए करता है। हालांकि, ▶▶ शेष पेज 5 पर

## पीएम मोदी की विदेश यात्रा के 10 कदम... 10 का दम ने भारत की ऊर्जा और वैश्विक शक्ति को नई मजबूती दी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सेशेल्स, इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड यात्रा ने भारत की सामरिक, आर्थिक और वैश्विक स्थिति को नई मजबूती प्रदान की है। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं लोकसभा सांसद डॉ. संबित पात्रा ने रविवार को दिल्ली स्थित भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए यात्रा की 10 प्रमुख उपलब्धियों को '10 कदम, 10 का दम' बताया।

उन्होंने कहा कि इन यात्राओं से भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा बढ़ी, अनेक महत्वपूर्ण समझौते हुए, भारत की रणनीतिक एवं आर्थिक शक्ति सुदृढ़ हुई और विश्व मंच पर आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व तथा भारत की बढ़ती भूमिका को व्यापक सम्मान मिला है। पात्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तीन देशों की यात्रा रही। मोदी इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड गए। उससे पहले वह सेशेल्स भी गए थे। इस बीच जापान की राष्ट्राध्यक्ष भी भारत आई थीं। इस ▶▶ शेष पेज 5 पर




फीफा वर्ल्ड कप 2026: सेमीफाइनल का रोमांचक मोड़



### अर्जेंटीना के सामने इंग्लैंड और फ्रांस से भिड़ेगा स्पेन

चारों टीम जबरदस्त फॉर्म में

**नई दिल्ली।** 48 टीमों की कड़ी चुनौती के बाद फीफा वर्ल्ड कप 2026 अब अपने अंतिम रोमांचक दौर में पहुंच चुका है। टूर्नामेंट में अब सिर्फ चार महाशक्तियां बची हैं। फुटबॉल के इस महाकुंभ के सेमीफाइनल में डिफेंडिंग चैंपियन अर्जेंटीना का सामना इंग्लैंड से होगा, जबकि दूसरे हाई-प्रोफाइल मुकाबले में पूर्व चैंपियन फ्रांस के सामने स्पेन की चुनौती होगी। लियोनेल मेसी की अगुवाई वाली अर्जेंटीना ने शानदार रणनीति और दमदार ▶▶ शेष पेज 5 पर

ई-20 पेट्रोल के कुप्रभाव से सोशल मीडिया में मचा है हाहाकार

## केंद्र ने कहा- ईंधन पूरी तरह सुरक्षित, वायरल दावा फर्जी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने सोशल मीडिया पर वायरल उस दावे को पूरी तरह खारिज कर दिया है, जिसमें कहा जा रहा था कि 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल वाहन के फ्यूल टैंक में परतें बना देता है या उससे टैंक एवं इंजन को नुकसान पहुंच सकता है। सरकार ने इसे भ्रामक और फर्जी सूचना करार देते हुए लोगों से ऐसी अफवाहों पर ध्यान न देने तथा केवल आधिकारिक स्रोतों से जानकारी लेने की अपील की है। सरकार की ओर से जारी स्पष्टीकरण में बताया गया कि प्रेस सूचना ▶▶ शेष पेज 5 पर

### पेट्रोलियम मंत्रालय ने क्या कहा

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों द्वारा उपलब्ध कराया जा रहा E20 पेट्रोल भारतीय मानक ब्यूरो के निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप है। मंत्रालय के अनुसार इथेनॉल और पेट्रोल आपस में पूरी तरह घुलनशील हैं और निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप तैयार ईंधन में दोनों अलग नहीं होते तथा किसी प्रकार की परत नहीं बनती। ईंधन बाजार में उपलब्ध कराने से पहले उसकी कठोर गुणवत्ता जांच और परीक्षण किए जाते हैं।

### सरकार ने पहले भी किया है कई दावों का खंडन

हाल के सप्ताहों में ई20 पेट्रोल को लेकर सोशल मीडिया पर कई तरह की भ्रामक सूचनाएं प्रसारित हुई हैं। इनमें यह दावा भी शामिल था कि ई20 पेट्रोल के इस्तेमाल से मोटर बीमा (इंश्योरेंस) अमान्य हो जाएगा। ▶▶ शेष पेज 5 पर

### ई 20 कार्यक्रम क्यों महत्वपूर्ण

केंद्र सरकार देश में कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता कम करने, किसानों की आय बढ़ाने, गन्ने एवं अन्य जैव ईंधन आधारित फसलों को बढ़ावा देने तथा कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के उद्देश्य से इथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम को आगे बढ़ा रही है। इसी नीति के तहत चरणबद्ध तरीके से ई 20 पेट्रोल की आपूर्ति बढ़ाई गई है। ▶▶ शेष पेज 5 पर

खबर संक्षेप

## इमारत में लगी आग, कोई हताहत नहीं

नई दिल्ली। मजलिस पार्क इलाके में एक रिहायशी इमारत में आग लगने के बाद बड़े पैमाने पर आग बुझाने और लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने का अभियान चलाया गया। पुलिस ने बताया कि शनिवार रात हुई इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। पुलिस को शनिवार रात नौ बजकर 18 मिनट पर पीसीआर के जरिये आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद आदर्श नगर थाने की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। स्थिति पर काबू पाने और एहतियात के तौर पर आसपास के घरों से लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए कम से कम 25 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बचाव अभियान के दौरान इमारत में रखा एक गैस सिलेंडर फट गया, जिसके बाद पुलिसकर्मियों को सुरक्षित दूरी पर हटना पड़ा। इसके बाद दमकल विभाग की टीमों ने आग बुझाने का अभियान संभाला। इस दौरान दो और धमाकों की आवाज सुनाई दी। पुलिस को संदेह है कि ये धमाके इमारत में लगे एयर कंडीशनरों की बाहरी इकाइयों के फटने से हुए। उन्होंने बताया कि आग पर काबू पाने के लिए दमकल विभाग की पांच गाड़ियों को मौके पर लगाया गया। आग लगने के कारण का अभी पता नहीं चल पाया है और मामले की जांच जारी है।

## 16.50 लाख की लूट में एक गिरफ्तार

नई दिल्ली। शाहदरा जिले की गांधी नगर पुलिस ने बंदूक की नोक पर हुई 16.50 लाख रुपये की लूट का मामला 24 घंटे के भीतर सुलझा लिया है। एक आरोपी की गिरफ्तारी के साथ 2.50 लाख रुपये बरामद किये गये। भागने में इस्तेमाल स्कूटर और हाल ही में खरीदी गई एक मोटरसाइकिल को भी जब्त किया गया है। केस में फरार दो आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार 10 जुलाई को एस डी एंटरप्राइज, गांधी नगर के कलेक्शन एग्जीक्यूटिव ने शिकायत में बताया था कि उसने विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से लगभग 16.50 लाख रुपये एकत्र किए थे। शाम करीब चार बजे वह अपने कार्यालय के बाहर पहुंचा था।

### डीडीए ने उपराज्यपाल के निर्देश पर बनाई निगरानी व्यवस्था

# दिल्ली में अब अवैध कब्जों पर 72 घंटे में चलेगा बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

हाल ही में दिल्ली के शालीमार बाग इलाके में दिल्ली सरकार के दावे के अनुसार हुई नियमानुसार तोड़फोड़ की घटना फिर से ना दोहराई जाए, इसके लिए दिल्ली के उपराज्यपाल सरदार तरणजीत सिंह संधू ने दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) को 'अतिक्रमण के प्रति शून्य-सहनशीलता' के निर्देशों को लागू करते हुए नई मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की है। इसके तहत अब अवैध निर्माण की पहचान होते ही

नियमानुसार कार्रवाई शुरू होगी और आवश्यकता पड़ने पर 72 घंटे के भीतर तोड़फोड़ की जाएगी। डीडीए के अनुसार, राजधानी दिल्ली में सरकारी और डीडीए की जमीनों पर हो रहे अवैध निर्माण एवं अतिक्रमण के खिलाफ अब पहले से कहीं अधिक सख्त और तेज कार्रवाई देखने को मिलेगी। उपराज्यपाल सरदार तरणजीत सिंह संधू के निर्देश पर नई व्यवस्था के तहत डीडीए ने राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों में 14 फ्लाइंग स्क्वाड टीमों का गठन किया है, जो नियमित फील्ड निरीक्षण करेंगी। ये टीमें सरकारी और डीडीए की भूमि पर अवैध निर्माण व अतिक्रमण की पहचान करेंगी, भूमि की स्थिति का सत्यापन करेंगी और जियो-टैग्ड फोटो तथा समय-तिथि सहित साक्ष्य तैयार कर तत्काल रिपोर्ट भेजेंगी।




- 14 फ्लाइंग स्क्वाड और 4 क्विक रिस्पॉन्स टीमें करेंगी ड्रोन व जियो-टैगिंग से निगरानी
- सरकारी जमीनों पर दोबारा अतिक्रमण रोकने के लिए भी बनेगा स्थायी तंत्र

## कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद तुरंत होगी तोड़फोड़

**नई दिल्ली।** डीडीए के अनुसार, अवैध निर्माण हटाने के लिए चार विशेष क्विक रिस्पॉन्स टीमें (क्यूआरटी) बनाई गई हैं, जो कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद तुरंत कार्रवाई करेंगी। तोड़फोड़ के बाद जियो-टैग्ड 'पहले और बाद' की तस्वीरें, वीडियो रिकॉर्डिंग और संबंधित स्थल पर डीडीए स्वामित्व का बोर्ड लगाने की भी व्यवस्था की गई है। डीडीए ने निगरानी प्रणाली को तकनीक से जोड़ते हुए ड्रोन सर्वेक्षण और वैकेंट लैंड मॉनिटरिंग सिस्टम (टस्डै) का उपयोग अनिवार्य किया है। इससे खाली कराई गई जमीनों की लगातार निगरानी होगी और दोबारा अतिक्रमण की संभावना कम होगी।

## अतिक्रमण रोकने पर दिया विशेष बल

**नई दिल्ली।** इस नई व्यवस्था में तोड़फोड़ के बाद दोबारा अतिक्रमण रोकने पर भी विशेष बल दिया गया है। अवैध निर्माण हटाए जाने के बाद संबंधित क्षेत्रीय इकाइयां उस भूमि की निरंतर निगरानी और सुरक्षा सुनिश्चित करेंगी, ताकि पुनः अतिक्रमण न हो सके। फील्ड निगरानी को मजबूत बनाकर, आधुनिक तकनीक का उपयोग बढ़ाकर, विभागीय समन्वय को सुव्यवस्थित कर तथा स्पष्ट जवाबदेही तय करके डीडीए ने अतिक्रमण के विरुद्ध शून्य-सहनशीलता की नीति को पूरी तरह लागू करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। यह सार्वजनिक भूमि की सुरक्षा, सुनियोजित शहरी विकास तथा दिल्ली के विकास क्षेत्रों की अखंडता बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## विभागों की जिम्मेदारी स्पष्ट रूप से की गई तय

संस्थागत जवाबदेही पर उपराज्यपाल के विशेष जोर के अनुरूप इस व्यवस्था में डीडीए के भूमि प्रबंधन, इंजीनियरिंग और उद्यान (हॉर्टिकल्चर) विभागों की जिम्मेदारियां स्पष्ट रूप से निर्धारित की गई हैं, जिससे विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित होगा। उपराज्यपाल के रियल-टाइम एवं तकनीक आधारित निगरानी के निर्देशों को लागू करते हुए डीडीए के विभिन्न जोनों में 14 समर्पित फ्लाइंग स्क्वाड टीमों का गठन किया गया है। ये टीमें अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में नियमित निरीक्षण करेंगी, प्रारंभिक स्तर पर अवैध निर्माण और अतिक्रमण की पहचान करेंगी, भूमि के स्वामित्व एवं स्थिति की पुष्टि करेंगी, दिनांक एवं समय सहित जियो-टैग्ड फोटो के माध्यम से उल्लंघनों का रिकॉर्ड तैयार करेंगी तथा तत्काल कार्रवाई के लिए रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगी। जहां आवश्यक होगा, वहां फ्लाइंग स्क्वाड द्वारा अवैध निर्माण का पता चलने के 72 घंटे के भीतर तोड़फोड़ की कार्रवाई की जाएगी।

# हैरी बॉक्सर गैंग के तीन शूटर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

रोहिणी पुलिस ने पांच करोड़ की रंगदारी केस में शामिल हैरी बॉक्सर गैंग के तीन शूटर गिरफ्तार किये हैं। इनके नाम शिव गोविंद निवासी तुगलकाबाद गांव, दिल्ली, अभिनव उर्फ आकाश सिंह और विवेक निवासी आजमगढ़, उत्तर प्रदेश बताये गये हैं। इनके पास से 9 एमएम और बरेटा समेत तीन आधुनिक पिस्टल व 26 कारतूस बरामद हुये।

डीसीपी शशांक जायसवाल के अनुसार नॉर्थ रोहिणी पुलिस और स्पेशल स्टाफ की टीम ने दिल्ली एनसीआर में सक्रिय रंगदारी रैकेट और टारगेटेड किलिंग की साजिश को नाकाम किया है। गैंग व्यापारियों को निशाना बना रहा था। उनके घरों की रेकी के साथ टारगेट किलिंग के लिए संभावित शिकार की पहचान गैंग के सदस्य कर रहे थे। आरोपियों के मोबाइल फोन से इससे संबंधित तस्वीरें और वीडियो भी बरामद हुये। तीनों आरोपी अपनी गतिविधियों को छिपाने और योजनाबद्ध अपराध को अंजाम देने के लिए दिल्ली के अलग अलग होटलों में रुके थे। रोहिणी में जमीन में छिपाये गई तीन पिस्तौल व 26 कारतूस बरामद किये गये। पुलिस के अनुसार इसी साल 8 मार्च को एक व्यापारी ने नॉर्थ रोहिणी पुलिस स्टेशन में शिकायत दी कि उसे बार बार एक करोड़ की रंगदारी के लिए विदेशी नंबरों से व्हाट्सएप कॉल पर धमकियां मिल रही है। कॉलर ने खुद को हैरी



बॉक्सर गैंग से जुड़ा रणदीप मलिक बताया था। मांग पूरी न होने पर शिकायतकर्ता को जान से मारने की धमकी दी गई थी। जांच में पता चला कि इसी गैंग ने करोल बाग इलाके में कई ज्वैलर्स को भी ऐसी ही रंगदारी की कॉल की थीं। 4 जुलाई को शिकायतकर्ता को फिर से एक व्हाट्सएप कॉल आया, जिसमें उसके घर की तस्वीरें और वीडियो भी थे। इस बार कॉलर ने खुद को हैरी बॉक्सर

- पांच करोड़ की रंगदारी केस में थे शामिल

बताया और कहा कि तुम्हारे घर की रेकी पहले ही पूरी हो चुकी है। इसके बाद सबसे पहले शिव गोविंद को श्रीनिवासपुरी से पकड़ा गया। आगे के टेक्निकल एनालिसिस से गैंग के दो और सदस्यों अभिनव और विवेक की पहचान हुई। तुरंत कई जगहों पर छापे मारे गए और दोनों आरोपियों को भी दबोच लिया गया। पूछताछ में पता चला कि अभिनव पहले ग्रेटर कैलाश-1 में जिम मालिक नादिर शाह की 2024 की सनसनीखेज हत्या के मामले में भी शामिल था। वह उस मामले में ज्यूडिशियल कस्टडी में रहा और 29 मई को जेल से रिहा हुआ था। रिहा होने के तुरंत बाद उसने कथित तौर पर एनक्रिप्टेड कम्युनिकेशन एप्लीकेशन के जरिए हैरी बॉक्सर गैंग के सीनियर सदस्यों के साथ फिर से संपर्क बनाया। गैंग लीडरशिप के निर्देशों पर काम करते हुए अभिनव ने कथित तौर पर शूटरों की भर्ती की, जिसमें सह आरोपी विवेक भी शामिल था। इस सिंडिकेट से जुड़े बाकी सदस्यों, हैंडलर्स, फाइनैंसर, हथियार सप्लाई करने वालों और विदेश में बैठे साजिशकर्ताओं की पहचान करने और उन्हें पकड़ने के लिए आगे की जांच चल रही है। रणदीप मलिक, हैरी बॉक्सर और अनिल पंडित की भूमिकाओं की भी आगे जांच की जा रही है।

## चौथी मंजिल से गिरकर मजदूर की मौत

नई दिल्ली। तिलक नगर इलाके में एक मजदूर की चौथी मंजिल से गिरकर मौत का मामला सामने आया है। मृतक का नाम मोहम्मद भोला (55) बताया गया है। शव को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया गया है। पुलिस के अनुसार मामला शुक्रवार दोपहर तीन बजे का है। तिलक नगर पुलिस स्टेशन में डीडी नंबर 93 ए के तहत एक पीसीआर कॉल मिली। यह कॉल एक ऐसे मजदूर के बारे में थी जो बन रही इमारत की चौथी मंजिल से गिर गया था। पुलिस टीम तुरंत डब्ल्यू जेड-10 ए, गली नंबर 3, कृष्णा पुरी, तिलक नगर घटना स्थल पर पहुंची। पता चला कि घायल व्यक्ति मोहम्मद भोला को पहले ही डीडीयू अस्पताल ले जाया जा चुका था। बाद में उन्हें आगे के इलाज के लिए एलएनजेपी अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जांच में पता चला कि चौथी मंजिल पर निर्माण कार्य के दौरान छत का एक हिस्सा (छज्जा) अचानक गिर गया, जिससे वह चौथी मंजिल से जमीन पर गिर गया और उसे जानलेवा चोटें आईं। क्राइम टीम ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और प्रक्रिया के अनुसार जांच की। जांच के दौरान साथ काम करने वाले एक मजदूर का बयान भी दर्ज किया गया। उसके बयान के आधार पर इमारत के मालिक ओम प्रकाश कटारिया के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। घटना की जानकारी और इमारत की तस्वीरें जरूरी कार्रवाई के लिए एमसीडी के साथ भी साझा की गई हैं। एमसीडी ने इमारत को सील करने का आदेश जारी किया है।

## फ्लाईओवर से कूदा शिक्षक, पुलिसकर्मियों ने ई-रिक्शा से अस्पताल पहुंचा बचाई जान

**नई दिल्ली।** यातायात पुलिस के दो कांस्टेबलों ने रानी झांसी फ्लाईओवर से छलांग लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास करने वाले 45 वर्षीय एक सरकारी स्कूल शिक्षक की समय रहते जान बचाने में मदद की। घटना के बाद कांस्टेबलों ने एम्बुलेंस का इंतजार करने के बजाय घायल शिक्षक को एक ई-रिक्शा से तुरंत अस्पताल पहुंचाया। शिक्षक की हालत अब खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह घटना आठ जुलाई को शाम करीब चार बजे की है। उस समय आजाद मार्केट चौक पर तैनात यातायात पुलिसकर्मियों को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति फ्लाईओवर से छलांग लगाने की कोशिश कर रहा है। सूचना मिलते ही कांस्टेबल साहिल और अमित तुरंत मौके पर पहुंचे। दोनों पुलिसकर्मियों ने फ्लाईओवर से नीचे गिरे घायल व्यक्ति को देखते ही बिना समय गंवाए एक गुजरते हुए ई-रिक्शे को रुकवाया और घायल शख्स को उसमें बैठाकर तुरंत हिंदू राव अस्पताल ले गए ताकि बिना किसी देरी के उसे आपातकालीन इलाज मिल सके। अब शख्स खतरे से बाहर है। पुलिस ने बताया कि यातायात पुलिसकर्मियों की त्वरित प्रतिक्रिया और समन्वित प्रयासों ने शिक्षक की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। फिलहाल आत्महत्या के प्रयास के कारणों का खुलासा नहीं किया गया है।

# वाहन चोरों के अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश, 12 कारें बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच की एंटी एक्सटॉर्शन एंड किडनैपिंग सेल (एईकेसी) ने वाहन चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस सिलसिले में पंजाब और राजस्थान के रहने वाले दो रिसीवरों को गिरफ्तार किया गया। इनसे फर्जी नंबर प्लेट और फर्जी रजिस्ट्रेशन वाली 12 लग्जरी कारें बरामद की गई। पकड़े गये दोनों आरोपी लोगों के नाम गुरविंदर सिंह बैंका और दशरथ बिश्नोई हैं।

स्पेशल सीपी एच जी एस धालीवाल के अनुसार इंस्पेक्टर दिलीप कुमार के नेतृत्व वाली एसआई सौम्या, अंकुर, अशोक कुमार, विजय कुमार, संजय, हेड कांस्टेबल विनीत और सोमेश की टीम ने चोरी की घटनाओं के पैटर्न, चोरी के समय और विभिन्न मामलों के सीसीटीवी फुटेज का अध्ययन किया। पता चला कि आरोपी ज्यादातर आधी रात को वारदात को अंजाम देते थे और उनका मुख्य निशाना लग्जरी कारें होती थीं। अध्ययन से यह भी पता चला कि आरोपी



टारगेट की गई कारों को खोलने और स्टार्ट करने में कुछ ही मिनटों का समय लगाते थे। पता चला कि पंजाब के कुछ रिसीवर दिल्ली में सक्रिय हैं और चोरी की कारों को पंजाब ले जाकर खासकर सीमावर्ती जिलों में बेच रहे हैं। इसके बाद एक आरोपी गुरविंदर सिंह बैंका निवासी गांव बैंका, जिला तरनतारन, पंजाब को क्राउन प्लाजा होटल, पूर्वी दिल्ली के पीछे एमसीडी पार्किंग से पकड़ा गया। उसके पास से चोरी हुई क्रेटा कार बरामद की गई। कार पर नकली नंबर प्लेट लगी थी। इंजन नंबर और चेसिस नंबर की जांच करने पर पता चला कि कार प्रशांत विहार थाना एरिया से चोरी हुई थी। पूछताछ के दौरान बैंका ने बताया कि वह मूलरूप से चोरी की कारें खरीदने वाला रिसीवर है और बाद में पंजाब के अमृतसर और लुधियाना में कारें बेचता है। उसने यह भी बताया कि वह राजस्थान के बीकानेर निवासी दशरथ से कारें लेता था।

बरामद कार भी कुछ दिन पहले उसी से ली गई थी। उसने आगे बताया कि उसे क्रेटा, किया, फॉर्च्यूनर और थार जैसी कई लग्जरी कारें मिली थीं और उसने उन्हें पंजाब में अलग-अलग लोगों को बेचा था। वे कारों के नकली रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट भी तैयार करते थे। वे कारों से जुड़े

- पंजाब और राजस्थान से चोरी की गाड़ियों के दो खरीदार अरेस्ट

ऐसे 15-20 मामलों में शामिल हैं। आरोपी को 10 दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया और पंजाब के सीमावर्ती जिलों अमृतसर और तरनतारन के इलाकों में कई छापे मारे गए। छापों के दौरान और भी चोरी की कारें बरामद हुई। इसके बाद खास सूचना पर आरोपी दशरथ बिश्नोई निवासी गांव मिठाडिया, तहसील और पुलिस स्टेशन बज्जू, जिला बीकानेर, राजस्थान को टोल टैक्स ओसियां, जोधपुर से पकड़ा।

पुलिस कस्टडी में पूछताछ के बाद चोरी की और गाड़ियां बरामद की गई। आरोपी फॉर्च्यूनर, थार, किआ और क्रेटा जैसी चोरी की महंगी गाड़ियां सिर्फ 4 से 5 लाख में खरीदते थे। इसके बाद चेसिस और इंजन नंबरों से छेड़छाड़ कर उनके नकली रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट बनाते थे और गाड़ियों को असली बताकर पंजाब और राजस्थान में बेच देते थे।

## पानी के गड्ढे में डूबकर दो बच्चों की मौत

नई दिल्ली। अलीपुर क्षेत्र के मुखमेलपुर गांव में पानी से भरे गड्ढे में डूब कर दो बच्चों की मौत का मामला सामने आया है। दोनों बच्चों की उम्र 8 से 10 वर्ष के बीच बताई गई है। रविवार दोपहर हुई इस घटना के बाद इलाके में मातम का माहौल है। शुरुआती पुलिसिया जांच में पता चला है कि दोनों बच्चे खेलने के लिए खाली प्लॉट की तरफ गए थे। जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर को यह घटना सामने आई। बताया गया कि पहले एक बच्चा मुखमेलपुर गांव में खेत में बने गड्ढे में डूबा था। उसे बचाने गया दूसरा बच्चा भी डूब गया। इस हादसे की जानकारी जब परिजनों को हुई तब दोनों बच्चों को सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। गौरतलब है कि इसी तरह समयपुर बादली की संजय कॉलोनी में भी एक दिन पहले भारी बारिश के कारण हुए जलभराव में डूबकर आठ साल के रेहान की मौत हो गई थी।


### कार के बोनट में छिपाये गये पांच लाख रुपये बरामद

# शिकायतकर्ता ही निकला लूट की साजिश का मास्टरमाइंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

रोहिणी जिले की केएन काटजू मार्ग पुलिस ने रिपोर्ट मिलने के चार घंटे के भीतर ही लूट के एक झूठे मामले को सुलझा लिया है। मामले में शिकायतकर्ता ही लूट की साजिश का मास्टरमाइंड निकला। उसकी निशानदेही पर कार के बोनट में छिपाये गये पांच लाख रुपये नकद भी बरामद किए गए हैं।

नॉर्दर्न रेंज के ज्वाइंट सीपी विजय सिंह के मार्गदर्शन और डीसीपी रोहिणी शशांक जायसवाल की देखरेख व एसीपी प्रशांत विहार राम फूल मीणा की निगरानी में इंस्पेक्टर प्रमोद आनंद के नेतृत्व वाली टीम ने लूट के एक झूठे मामले को सुलझाया है। दरअसल पुलिस को 10 जुलाई को एक पीसीआर कॉल के जरिये सूचना मिली थी कि रोहिणी सेक्टर 26, केएन काटजू मार्ग



स्थित द्वारकाधीश अपार्टमेंट के पास थार सवार तीन अज्ञात लोगों ने बंदूक की नोंक पर पांच लाख से भरा बैग लूटा है। लोकल पुलिस स्टाफ मौके पर पहुंचा और शिकायतकर्ता गुरनाम सिंह (42) से मिला। उसने बताया कि वह कश्मीरी गेट स्थित एक स्पेयर पार्ट्स वर्कशॉप में ड्राइवर और हेल्पर के तौर पर काम करता है।

उसके मालिक ने उसे वर्कशॉप से 5 लाख लेने और वह रकम रोहिणी के सेक्टर-14 में पहुंचाने के लिए कहा था। उसके अनुसार कैश लेने के बाद, द्वारकाधीश अपार्टमेंट के पास थार में सवार तीन अज्ञात लोगों ने उसकी कार को रोका। उनमें से दो के पास पिस्तौलें थीं और उन्होंने उससे कैश लूट लिया और मौके से भाग गए।

उसके बयान के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू की गई। शिकायतकर्ता से विस्तार से पूछताछ की गई और तकनीकी निगरानी की मदद से उसके पूरे रास्ते की पुष्टि की गई। विश्लेषण के दौरान पाया गया कि शिकायतकर्ता के आरोपों के विपरीत, किसी भी जगह पर किसी थार ने उसकी गाड़ी का पीछा नहीं किया था। शिकायतकर्ता से दोबारा पूछताछ की गई, लेकिन वह अपनी बात पर अड़ा रहा। साथ ही जांच टीम ने वर्कशॉप के प्रतिनिधियों के साथ कैश के लेनदेन की पुष्टि की और उसे सौंपी गई रकम की जानकारी की जांच की।

इसके बाद शिकायतकर्ता की गाड़ी की बारीकी से तलाशी ली गई। जांच के दौरान, बोनट के नीचे छिपाकर रखा गया और बैटरी कम्पार्टमेंट के पास बंधा हुआ एक कपड़े का बैग मिला। बैग खोलने पर रकम बरामद हुई। गुरनाम सिंह ने ही लूट की झूठी कहानी गढ़ी थी। उसने माना कि रकम हड़पने के इरादे से उसने झूठी पीसीआर कॉल की थी। आरोपी पिछले दस सालों से अपने मालिक के यहां ड्राइवर के तौर पर काम कर रहा था। उसने बताया कि वह आर्थिक तंगी से जूझ रहा था।

## एसयूवी की टक्कर से पैदल चल रहे शख्स की गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

राजौरी गार्डन थाना इलाके में एसयूवी स्कार्पियो एन की टक्कर से एक शख्स की मौत हो गई। मृतक का नाम उदय कुमार (45) बताया गया है। पुलिस ने कुछ ही घंटों के भीतर आरोपी कार चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

डीसीपी हरेश्वर स्वामी के अनुसार राजौरी गार्डन पुलिस स्टेशन एरिया में हुए जानलेवा हादसे के संबंध में शनिवार देर रात गुरु गोविंद सिंह अस्पताल से सूचना मिली। पुलिस अस्पताल पहुंची तब तक ख्याला निवासी उदय कुमार को मृत घोषित किया जा चुका था। जांच के दौरान पता चला कि मृतक उदय कुमार राजौरी गार्डन की एक दुकान में काम करते थे। वे शादीशुदा थे और उनके दो बच्चे हैं। घटना के समय वे अपने दोस्त सुभाष कुमार निवासी रघुबीर नगर के साथ पैदल घर लौट रहे थे, जो उन्हीं के साथ उसी दुकान में काम करते हैं। जब वे राजौरी गार्डन में भारत पेट्रोल पंप के पास पहुंचे, तो एक



स्कार्पियों एन ने उदय को टक्कर मारी और मौके से भाग गई। घायल को उनके दोस्त तुरंत अस्पताल ले गए, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। घटना के चश्मदीद गवाह ने टक्कर मारने वाली गाड़ी का रजिस्ट्रेशन नंबर बताया। क्राइम टीम ने घटनास्थल का मुआयना किया। इस घटना के संबंध राजौरी गार्डन पुलिस स्टेशन में बीएनएस की धारा 281/106(1) के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिवार वालों को सौंप दिया गया है। आगे की जांच के दौरान आरोपी कार ड्राइवर देवांश कुमार (25) पुत्र केशव कुमार निवासी नारायणा विहार को गिरफ्तार कर लिया गया है। हादसे में शामिल एसयूवी गाड़ी को भी जब्त किया गया है।

## पीएम-उदय योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री को लिखा पत्र

# दिल्ली सरकार ने केन्द्र से 100 करोड़ रुपये देने का किया अनुरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने केन्द्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल को पत्र लिखकर दिल्ली में संशोधित पीएम-उदय (प्रधानमंत्री अनधिकृत कॉलोनियों के विकास एवं उत्थान योजना) के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए केन्द्र सरकार से प्रथम चरण में 100 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता देने का अनुरोध किया है।



मुख्यमंत्री ने यह राशि आधुनिक भू-सर्वे एवं मैपिंग प्रणाली डीआरआईएसएचटीआई (दृष्टि) की स्थापना, जिला स्तर पर पीएम-उदय प्रकोष्ठों के गठन तथा व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने के लिए उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 6 अप्रैल 2026 को अधिसूचित संशोधित विनियमों के तहत अनधिकृत कॉलोनियों में निवासियों के संपत्ति अधिकारों की प्रक्रिया को नया कानूनी आधार मिला है। इसके साथ ही -जैसी स्थिति है, उसी आधार पर- अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित करने की व्यवस्था लागू होने से लाखों लोगों को संपत्ति अधिकार प्राप्त करने की प्रक्रिया और अधिक सरल एवं प्रभावी होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार के राजस्व विभाग को पीएम-उदय योजना के क्रियान्वयन की नोडल एजेंसी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि नई जिम्मेदारियों के तहत राजस्व विभाग को दिल्ली के सभी 13 जिलों में पीएम-उदय प्रकोष्ठ स्थापित करने होंगे, जिनका नेतृत्व एडीएम करेंगे। इसके अलावा दिल्ली की 1,511 अनधिकृत कॉलोनियों में संपत्तियों का भौतिक सत्यापन, आधुनिक तकनीक के माध्यम से डिजिटल मैपिंग तथा भू-अभिलेखों को अप-टू-डेट करने का व्यापक कार्य किया जाएगा। इन सभी कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा करने के लिए वर्ष 2026-27 में प्रथम चरण के रूप में 100 करोड़ रुपये की आवश्यकता बताई गई है।

### केंद्र सरकार को दिया गया है व्यय का पूरा विवरण

मुख्यमंत्री ने पत्र में प्रस्तावित व्यय का पूरा विवरण भी दिया है। इसके अनुसार 65 करोड़ रुपये से डीआरआईएसएचटीआई पहल के तहत आधुनिक भू-सर्वे एवं मैपिंग प्रणाली विकसित करने पर खर्च किए जाएंगे। इससे संपत्तियों के सत्यापन और भूमि अभिलेखों के आधुनिकीकरण की पूरी प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, सटीक और तकनीक आधारित बन सकेगी। इसके अतिरिक्त 25 करोड़ रुपये से दिल्ली के 13 जिलों तथा मुख्यालय में पीएम-उदय प्रकोष्ठ स्थापित किए जाएंगे। इन प्रकोष्ठों के बिना निर्धारित 45 दिनों की समय-सीमा में संपत्ति संबंधी दस्तावेज और प्राधिकरण पत्र जारी करना संभव नहीं होगा। प्रस्तावित पैकेज में 10 करोड़ रुपये जनजागरूकता एवं प्रचार-प्रसार के लिए भी रखे गए हैं। इस राशि से रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों (आरडब्ल्यूए) के साथ कार्यशालाएं, हेल्पडेस्क, मानक प्रक्रिया (एसओपी) की जानकारी, एडीएम की भूमिका, पात्रता संबंधी महत्वपूर्ण तिथियों की जानकारी तथा सिंगल विंडो शिविरों के माध्यम से लोगों तक योजना की जानकारी पहुंचाई जाएगी।

### योजना के क्रियान्वयन के लिए आवश्यक कार्य हो चुका है शुरू

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने पत्र में अनुरोध किया है कि शहरी विकास कोष (यूडीएफ) से प्रथम चरण के लिए 100 करोड़ रुपये के इस पैकेज को स्वीकृति प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि। ऐसे में केन्द्र सरकार से समय पर वित्तीय सहायता मिलने से दिल्ली के लाखों निवासियों को संपत्ति अधिकारों से जुड़े लाभ शीघ्र और सुगमता से उपलब्ध कराए जा सकेंगे। मुख्यमंत्री ने पीएम-उदय योजना के सफल क्रियान्वयन में केन्द्र सरकार के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए इस प्रस्ताव पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय और आवश्यक स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया है।

## वांगचुक की तबीयत बिगड़ी, सपा सांसद सहित कई पहुंचे समर्थन में




हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

परीक्षा प्रणाली में सुधार और विभिन्न परीक्षाओं के पेपर लीक मामले को लेकर जंतर मंतर पर भूख हड़ताल पर बैठे सोनम वांगचुक की 15वें दिन रविवार को तबीयत और बिगड़ गई। वहीं कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) का आंदोलन रविवार को 23वें दिन भी जारी रहा। वांगचुक की देखभाल कर रहे डॉक्टरों की टीम के अनुसार 15वें दिन तक उनका कुल 7.8 किलो वजन घट गया है। जबकि उनका ब्लड प्रेशर घटकर 104/66 रह गया है। वांगचुक की तबियत बिगड़ने पर सीजेपी संस्थापक अभिजीत दीपके ने चिंता जताते हुए कहा है कि सरकार को किसी की परवाह नहीं है। वहीं डॉक्टरों की टीम नियमित रूप से उनकी स्वास्थ्य जांच कर रही है और लगातार निगरानी रखे हुए है। आयोजकों का कहना है कि लंबे समय तक केवल तरल पदार्थों के सहारे अनशन जारी रहने से शरीर पर इसका असर दिखाई दे रहा है, डॉक्टर उनकी स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। वहीं दूसरी तरफ समाजवादी पार्टी के सांसद पुष्पेंद्र रविवार को जंतर मंतर पहुंचे और वांगचुक का हाल जाना। इस मौके पर सांसद पुष्पेंद्र ने कहा कि देश का युवा अगर पेपर लीक का शिकार होता रहेगा तो भारत का भविष्य कभी नहीं बन सकता। क्योंकि इस देश का भविष्य छात्रों में छिपा है। उन्होंने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को अपनी जिद छोड़कर खुद ही इस्तीफा देना चाहिए। क्योंकि यह कोई आरोप नहीं है सच्चाई है जिसे सरकार स्वयं स्वीकार रही है कि उनके रहते पेपर लीक हुए हैं। वहीं अभिजीत दीपके ने कहा कि देश के सबसे युवा लोकसभा सांसद और समाजवादी पार्टी के नेता पुष्पेंद्र जो हमारे साथ खड़े हैं क्योंकि हमारी लड़ाई पेपर लीक और अनियमितताओं के खिलाफ छात्रों की आवाज को बुलंद करना है। वहीं रविवार होने के चलते कई अन्य नेता व सामाजिक कार्यकर्ता तथा छात्र संगठन के कार्यकर्ता आदि भी पहुंचे।

# केन्द्र ने दिल्ली सरकार को 1,647 करोड़ रुपये किए स्वीकृत: रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- दिल्ली की 28 आधारभूत ढांचा परियोजनाओं को मिली मंजूरी
- केंद्र ने 756 करोड़ रुपये का अतिरिक्त वित्तीय प्रोत्साहन भी किया स्वीकृत

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि केंद्र सरकार ने राजधानी के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए पूंजीगत निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) योजना के तहत दिल्ली सरकार की 28 महत्वपूर्ण पूंजीगत परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है। इन परियोजनाओं की कुल लागत 1,647 करोड़ रुपये है।

इसके साथ ही दिल्ली सरकार द्वारा अपने संसाधनों से पूंजीगत निवेश (कैपेक्स) बढ़ाने के प्रयासों को देखते हुए केंद्र सरकार ने 756 करोड़ रुपये का अतिरिक्त प्रोत्साहन (इंसेंटिव) भी स्वीकृत किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह निर्णय दिल्ली के आधारभूत ढांचे को और मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। इससे राजधानी में विकास कार्यों को नई गति मिलेगी और नागरिकों को बेहतर सार्वजनिक सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

### महत्वपूर्ण आधारभूत संरचना परियोजनाएं शामिल

मुख्यमंत्री ने बताया कि एसएएससीआई योजना के तहत जिन परियोजनाओं को मंजूरी मिली है, उनमें दिल्ली मेट्रो से जुड़ी परियोजनाएं, एलिवेटेड बारापुला कॉरिडोर, करावल नगर फ्लाईओवर, डीटीसी डिपो में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के लिए चार्जिंग स्टेशन और सड़कों से जुड़ी अन्य महत्वपूर्ण आधारभूत संरचना परियोजनाएं शामिल हैं। इन परियोजनाओं के पूरा होने से परिवहन और सड़क अवसंरचना को मजबूती मिलेगी और सार्वजनिक सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार होगा।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली के विकास के प्रति केंद्र सरकार का यह सहयोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत' के विजन की भावना का सशक्त उदाहरण है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व व केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के सहयोग से केंद्र सरकार लगातार राज्यों की आधारभूत संरचना को मजबूत करने, पूंजीगत निवेश को बढ़ावा देने और विकास को गति देने के लिए प्रभावी कदम उठा रही है। दिल्ली को मिली यह स्वीकृति और अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि इस बात का प्रमाण है कि विकास की स्पष्ट सोच, पारदर्शी कार्यप्रणाली और बेहतर वित्तीय प्रबंधन के साथ कार्य करने वाली सरकारों को केंद्र सरकार का पूरा सहयोग मिलता है।

## दिल्ली सरकार में करोड़ों के दवा घोटाले की फाइलें गायब, किसे बचा रही है भाजपा : भारद्वाज

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश आम आदमी पार्टी (आप) के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने एक बार फिर दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार पर निशाना साधा है। भारद्वाज ने रविवार को कहा कि दिल्ली में 650 करोड़ के दवा घोटाले की सैकड़ों फाइलें गायब हो चुकी है, इस मामले पर बताएं कि भाजपा सरकार किसे बचा रही है। दो महीने से विजिलेंस और एसीबी की जांच चल रही है, लेकिन उनके पास फाइलें तक मौजूद नहीं हैं। उन्होंने आरोप लगाए कि टेंडर के दस्तावेज, वर्क ऑर्डर समेत अन्य सरकारी फाइलें स्वास्थ्य विभाग से गायब कर दी गई हैं। फाइल मैनेजमेंट सिस्टम में सारी एंट्री होती है, लेकिन सरकार एसीबी को फाइल मूवमेंट भी नहीं दे रही है। रेखा सरकार दोषियों को बचाने के लिए मामले को खत्म करने और दबाने की कोशिश कर रही है। क्योंकि दिल्ली सरकार के सचिवालय और कार्यालयों से सैकड़ों फाइलें गायब हो गई हैं। पिछले दो महीने से विजिलेंस और एसीबी की जांच चल रही है, लेकिन हैरानी की बात है कि उनके पास फाइलें तक मौजूद नहीं हैं। इससे यह बिल्कुल साफ हो जाता है कि रेखा गुप्ता सरकार असली दोषियों को बचा रही है। क्या यह जांच चल रही है या कोई मजाक चल रहा है। उन्होंने कहा कि करोड़ों के दवा में अब कुछ ऐसी डिटेल सामने आ रही हैं जिससे पता चलता है कि बिना सरकार की मिलीभगत के इतना बड़ा घोटाला हो ही नहीं सकता। एसीबी सूत्रों द्वारा यह खबर मीडिया में है कि जो टेंडर हुए हैं उनके दस्तावेज, टेंडर व वर्क ऑर्डर की जो फाइलें थीं, वे तमाम सरकारी फाइलें स्वास्थ्य विभाग से गायब हो रखी हैं। उन्होंने कहा कि चूंकि मैं स्वास्थ्य मंत्री रहा हूं, इसलिए बता सकता हूं कि जो तमाम फाइलें एक जगह से दूसरी जगह जाती हैं, उनकी फाइल मैनेजमेंट सिस्टम में एंट्री होती है।

# केंद्रों पर भीड़ से बचने के लिए जल्द बनवा लें 'पिंक सहेली स्मार्ट कार्ड'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- आगामी एक अगस्त 2026 से मुफ्त यात्रा के लिए 'पिंक सहेली स्मार्ट कार्ड' हो जाएगा अनिवार्य

दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) और कलस्टर बसों में मुफ्त यात्रा का लाभ उठाने के लिए लिए दिल्ली की महिलाएं जल्द से जल्द 'पिंक सहेली स्मार्ट कार्ड' बनवा लें। यह अपील डीटीसी प्रशासन ने की है। डीटीसी प्रशासन के अनुसार आगामी 1 अगस्त 2026 से डीटीसी और क्लस्टर बसों में मुफ्त यात्रा का लाभ उठाने के लिए इस कार्ड को पूरी तरह अनिवार्य कर दिया जाएगा। सरकार का लक्ष्य 1 अगस्त से पहले दिल्ली की सभी पात्र महिला यात्रियों तक इस डिजिटल कार्ड को पहुंचाना है, जिसके लिए युद्ध स्तर पर काम कर रहा है।

महिलाओं की सुविधा के लिए दिल्ली सरकार और परिवहन विभाग ने पूरी दिल्ली में 58 से अधिक अधिकृत केंद्र बनाए हैं। महिलाएं अपने नजदीकी केंद्र पर दिल्ली के पते वाला मूल आधार कार्ड और मोबाइल नंबर ले जाकर तुरंत (उसी समय) यह कार्ड बिल्कुल मुफ्त प्राप्त कर सकती हैं।

दिल्ली के सभी 11 जिलों के उपायुक्त कार्यालयों और प्रमुख एसडीएम कार्यालयों में विशेष काउंटर बनाए गए हैं। वहीं पूरी दिल्ली में फैले डीटीसी के पास काउंटरों पर सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक ये कार्ड बनाए जा रहे हैं। वहीं भीड़ को देखते हुए परिवहन विभाग ने कुछ नए वीआईपी और कैबिनेट मंत्रियों के कैंप कार्यालयों तथा क्षेत्रीय केंद्रों पर भी काउंटर शुरू किए हैं। चूंकि कार्ड बनाने के लिए आधार कार्ड पर आने वाले ओटीपी या बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन की आवश्यकता होती है, इसलिए अपना वह मोबाइल फोन साथ ले जाना न भूलें जो आपके आधार कार्ड से लिंक है। जानकारी के अनुसार दिल्ली सरकार द्वारा महिलाओं के लिए शुरू किए जा रहे 'पिंक सहेली स्मार्ट कार्ड' की संख्या अब तक 15 लाख के आंकड़े को पार कर गई है।

## पौधरोपण कार्यक्रम में नागरिकों की समस्याएं सुन कार्रवाई के दिए निर्देश : चहल



नई दिल्ली। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने रविवार को 'एक पेड़ मां के नाम ऑन संडे' अभियान के तहत पौधे लगाए और 'आपके द्वार सुशासन' पहल के अंतर्गत आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों एवं स्थानीय नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनका त्वरित एवं समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। चहल ने रविवार को गोल मार्केट स्थित काली बाड़ी मार्ग के ब्लॉक 49 से 55, टाइप-3, केंद्रीय सरकारी कर्मचारी आरडब्ल्यूए परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का नेतृत्व करते हुए पौधे लगाए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चहल ने कहा कि यह अभियान लगातार 32वें रविवार भी पूरे उत्साह के साथ आयोजित किया गया है, जो पर्यावरण संरक्षण के प्रति नागरिकों की बढ़ती जागरूकता एवं सहभागिता का प्रमाण है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक रविवार आयोजित होने वाले इन वृक्षारोपण अभियानों के अतिरिक्त एनडीएमसी विश्वविद्यालयों, दूतावासों एवं विभिन्न संस्थानों के सहयोग से भी व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इस अवसर पर केंद्रीय सरकारी कर्मचारी आरडब्ल्यूए के संरक्षक पवन कुमार, अध्यक्ष कृष्ण कुमार और अन्य पदाधिकारियों के साथ स्थानीय नागरिकों ने अपनी माताओं के सम्मान में पौधारोपण किया।

## रविवार को एसआईआर प्रक्रिया के तहत मतदाता सूची में सत्यापन कराने बीएलओ के पास लगी रही भीड़

नई दिल्ली। भारत निर्वाचन आयोग के अंतर्गत दिल्ली चुनाव आयोग द्वारा की जा रही विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के तहत रविवार को अवकाश के चलते अधिकांश विधानसभाओं में बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) के पास लोगों की भारी भीड़ लगी रही। हालांकि चुनाव आयोग की तरफ से घर घर जाकर एसआईआर प्रक्रिया पूरी करने का साफ स्पष्ट नियम है। बावजूद इसके अधिकांश विधानसभाओं में बीएलओ किसी गली मोहल्ले में, या किसी स्थान विशेष पर बैठकर एसआईआर प्रक्रिया पूरी कर रहे है। रविवार को अवकाश के चलते कुछ विधानसभा में स्थानीय नेताओं व आरडब्लूए के हस्तक्षेप से कुछ बीएलओ ने किसी निजी स्कूल, मंदिर के खाली प्रागण अथवा पार्क में बैठकर प्रक्रिया चलाई। जहां एक तरफ कुछ लोगों का कहना है कि नियमों के तहत हर बीएलओ को घर घर जाकर एसआईआर प्रक्रिया पूरी करनी चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा। वहीं कुछ बीएलओ को कहना है कि स्थानीय लोगों के कहने के चलते ही एक स्थान पर बैठकर एसआईआर प्रक्रिया पूरी की जा रही है। ऐसे बीएलओ का तर्क है कि स्थानीय आरडब्लूए की सहमति से कहीं एक उपयुक्त स्थान पर बैठकर एसआईआर कर रहे है। क्योंकि इससे लोगों को एक ही जगह कइर सुविधाएं मिल जाती है। वहीं कुछ बीएलओ का कहना है कि यह सही है कि हमें घर घर जाकर एसआईआर फॉर्म बांटने भी है और भरने के बाद उन्हें घर से ही वापस भी लेने है।

## दिल्ली के विकास के लिए मिली राशि का उपयोग कहां हुआ : यादव

नई दिल्ली। दिल्ली कांग्रेस के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा प्रधानमंत्री आवास अधिकार योजना-शहरी (पीएम-उदय) के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए केन्द्र सरकार से 100 करोड़ रुपये की अतिरिक्त सहायता मांगने पर तंज कसा और मांग की है कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता बताएं कि दिल्ली के विकास और अनधिकृत कॉलोनियों के नियमितीकरण के लिए अब तक मिली राशि का उपयोग कहां हुआ। इसके अलावा देवेंद्र यादव ने मांग की है कि दिल्ली सरकार पीएम-उदय योजना के तहत अब तक किए गए कार्यों, लाभार्थियों की संख्या, खर्च की गई राशि और लंबित मामलों का श्वेत पत्र जारी करे ताकि दिल्ली की जनता को सच्चाई का पता चल सके तथा उन्होंने सवाल उठाया कि यदि पीएम-उदय योजना इतनी प्रभावी साबित हुई है तो अब तक कितने लोगों को पूर्ण स्वामित्व अधिकार प्राप्त हुए, कितनी कॉलोनियों में विकास कार्य पूरे हुए और इस पर खर्च की गई राशि का सामाजिक लेखा-जोखा जनता के सामने क्यों नहीं रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की तीनों इंजन की सरकारें दिल्ली की जनता के मुद्दों पर केवल घोषणाओं और पत्राचार की राजनीति कर रही हैं, जबकि जमीनी स्तर पर अनधिकृत कॉलोनियों के निवासियों को आज भी मूलभूत सुविधाओं और मालिकाना हक के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।

## डीयू: आईटीईपी प्रवेश प्रक्रिया अब तक शुरू नहीं, अभ्यर्थियों में बढ़ी चिंता

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्नातक (यूजी) और स्नातकोत्तर (पीजी) पाठ्यक्रमों की प्रवेश प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है। हालांकि, 'इंटीग्रेटेड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम (आईटीईपी)' में प्रवेश को लेकर अब तक विश्वविद्यालय की ओर से कोई आधिकारिक प्रक्रिया शुरू नहीं की गई है। इसे लेकर संबंधित अभ्यर्थियों में चिंता बढ़ रही है। इस बीच, आईटीईपी में प्रवेश की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के बीच असमंजस की स्थिति बनी हुई है। यूजी प्रवेश के तहत सिम्युलेटेड रैंक जारी करने और सीट आवंटन की तैयारियां चल रही हैं, लेकिन आईटीईपी से संबंधित प्रवेश कार्यक्रम, आवेदन प्रक्रिया या काउंसलिंग को लेकर कोई आधिकारिक सूचना जारी नहीं हुई है। अभ्यर्थियों का कहना है कि प्रवेश प्रक्रिया में हो रही देरी के कारण उन्हें आगे की शैक्षणिक योजना बनाने में काफी कठिनाई हो रही है। वे विश्वविद्यालय से जल्द स्पष्ट कार्यक्रम जारी करने की मांग कर रहे हैं, ताकि समय रहते प्रवेश प्रक्रिया पूरी की जा सके। फिलहाल, दिल्ली विश्वविद्यालय की ओर से आईटीईपी प्रवेश प्रक्रिया शुरू करने की कोई आधिकारिक तिथि घोषित नहीं की गई है।

## किसानों ने मांगा मुआवजा और नाले की हो तत्काल मरम्मत

# नाले के पानी से पल्ला माजरा गांव में फसल जलमग्न किसानों में भारी नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- धान, पालक और भिंडी की फसल हुई प्रभावित
- मंत्री और विधायक के आश्वासन के बाद भी शुरू नहीं हुआ मरम्मत कार्य

दिल्ली देहात के नरेला विधानसभा क्षेत्र के पल्ला माजरा गांव में जल निकासी व्यवस्था की बदहाली ने दर्जनों किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। नालों की समय पर सफाई और मरम्मत नहीं होने से करीब 50 एकड़ से अधिक कृषि भूमि में पानी भर गया है, जिससे धान, पालक और भिंडी सहित कई फसलें जलमग्न होकर खराब होने लगी हैं।

पीड़ित किसान ललित कौशिक ने बताया कि उनके अलावा सतीश कुमार, अशोक कुमार, संतराम चौहान, रामकिशन और रामगोपाल समेत कई किसानों की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। किसानों का कहना है कि यदि जल्द पानी की निकासी नहीं हुई तो पूरी फसल नष्ट हो जाएगी, जिससे उन्हें लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। किसान ललित कौशिक के अनुसार, दो दिन पहले दिल्ली सरकार के समाज कल्याण मंत्री रविंद्र इन्द्राज और क्षेत्रीय विधायक राजकरण खत्री ने मौके का निरीक्षण किया था।

उन्होंने नाले की जल्द मरम्मत कराकर जल निकासी की समस्या दूर करने का आश्वासन दिया था, लेकिन रविवार शाम तक भी मरम्मत का कार्य शुरू नहीं हो सका, जिससे किसानों में भारी नाराजगी है। किसानों ने दिल्ली सरकार और संबंधित विभागों से मांग की है कि प्रभावित किसानों को शीघ्र उचित मुआवजा दिया जाए तथा नाले की तत्काल मरम्मत और सफाई कर जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान किया जाए। उनका कहना है कि हर मानसून में यही स्थिति बनती है, लेकिन समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए जाते, जिसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ता है।



### समाधान नहीं तो आंदोलन को होंगे मजबूर

किसानों का कहना है कि यदि प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई नहीं की तो फसलों का नुकसान और बढ़ सकता है। किसानों ने चेतावनी दी है कि समस्या का समाधान नहीं होने पर वे जनप्रतिनिधियों और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ आंदोलन करने को मजबूर होंगे। किसानों ने कहा कि प्रशासन तत्काल जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करे और किसानों की आजीविका बचाने के लिए राहत एवं मुआवजे की प्रक्रिया बिना देरी शुरू करे।

## केजरीवाल ने शुरू किया श्री राम मंदिर चोरी के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान, कराया सुंदरकांड पाठ

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को राहिणी में श्री सुंदरकांड पाठ कराया। इस अवसर पर केजरीवाल ने अयोध्या में भगवान श्री राम मंदिर में चढ़ावा चोरी मामले पर केंद्र सरकार को घेरते हुए बड़ा हमला बोला है। केजरीवाल ने कहा कि सरकार इस मामले के बड़े व असली दोषियों को बचाने का कार्य कर रही है। इस मौके पर केजरीवाल ने चढ़ावा चोरी को लेकर राष्ट्रव्यापी हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत भी की। रोहिणी स्थित जापानी पार्क में आयोजित सुंदरकांड पाठ में अरविंद केजरीवाल अपनी पत्नी सुनीता केजरीवाल के साथ पहुंचे, जबकि मनीष सिसोदिया पहले से वहां मौजूद थे। लेकिन सुंदरकांड पाठ में कुछ बड़े चेहरे नहीं पहुंचने से अन्य दलों ने सवाल खड़े किए है। जिसमें पूर्व सीएम आतिश व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गोपाल राय सहित कई विधायक व अन्य पदाधिकारी शामिल है। इस मौके पर राष्ट्रव्यापी हस्ताक्षर अभियान के शुरूआत करते हुए केजरीवाल ने आरोप लगाया कि सरकार वास्तविक दोषियों पर कार्रवाई करने के बजाय उन्हें बचाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने श्रद्धालुओं से अभियान में शामिल होने और प्रधानमंत्री को पत्र भेजने की अपील की। देशवासियों को उम्मीद थी कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसी भी दोषी को नहीं छोड़ेंगे और सख्त कार्रवाई करेंगे। लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ उल्टा पीएम बड़े लोगों को बचाने में लगे है। इस मौके पर केजरीवाल ने श्रीराम जन्मभूमि से जुड़े भूमि घोटाले और मंदिर निर्माण में कमीशनखोरी का भी मामला उठाया।

## राजनीतिक छल चाल से अधिक कुछ नहीं है केजरीवाल का पाठ : मल्होत्रा

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी एवं अरविंद केजरीवाल के लिए श्री सुन्दरकांड पाठ का आयोजन एक राजनीतिक छल चाल से अधिक कुछ नहीं है, वह जब राजनीतिक रूप से चाहते हैं दिल्ली में श्री सुन्दर कांड रख कर अपनी राजनीतिक स्थिति सुधारने की कोशिश करते हैं। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने रविवार को केजरीवाल को लेकर यह बयान दिया। उन्होंने कहा है कि केजरीवाल की यह श्री राम मंदिर पर बोलने एवं श्री सुन्दरकांड आयोजन की छल चाल कहीं ना कहीं पंजाब एवं अन्य राज्यों के आगामी चुनाव में हिन्दुओं को मोहने का प्रयास है।

## खबर संक्षेप

### विभिन्न मामलों में 40 आरोपी गिरफ्तार हुए



**फरीदाबाद।** जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने और अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए फरीदाबाद पुलिस ने विशेष अभियान के तहत शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए विभिन्न मामलों में 40 आरोपितों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। अपराध शाखा व थाना स्तर की टीमों ने भारी मात्रा में अवैध शराब, मादक पदार्थ, अवैध हथियार तथा जुआ-सट्टे से जुड़ी नकदी बरामद की है।

### ठगी के मामले में 43 साइबर ठग पकड़ाए



**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन व हिमाद्री कौशिक पुलिस उपायुक्त मुख्यालय के नेतृत्व में फरीदाबाद पुलिस की साइबर थानों की टीम साइबर ठगों प्रभावी कार्रवाही कर रही है। जिसके चलते 04 से 10 जुलाई के बीच फरीदाबाद पुलिस के तीनों साइबर थानों की टीम ने 43 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है, टीमों ने 15,30,000 रुपए बरामद किए हैं।

### फोन हैक कर 98 हजार रुपए की ठगी, एक धराया




**फरीदाबाद।** फोन हैक कर 98500 रुपये की ठगी के एक मामले में साइबर थाना एनआईटी की टीम ने 11 जुलाई को मुकेश निवासी साउथ वेस्ट दिल्ली को गिरफ्तार किया है। जिसको न्यायलय में पेश कर 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। एसजीएम नगर निवासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना में दी अपनी शिकायत में बताया कि 27 मई को उसके व्हॉटस्एप पर एक अंजान नंबर से लिंक आया। जिस पर क्लिक करते ही उसका फोन हैक हो गया।

---

**शिविर का उद्देश्य स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना**

# गांव मिर्जापुर में मैरिंगो एशिया अस्पताल का हेल्थ कैंप का आयोजन, 107 लोगों ने निः शुल्क परामर्श व जांच का उठाया लाभ

> समय पर जांच और विशेषज्ञ की सलाह लेने से गंभीर बीमारियों के जोखिम को काफी हद तक कम किया जा सकता है

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

बदलती जीवनशैली, अनियमित खानपान और बढ़ते तनाव के कारण हृदय व हड्डियों से जुड़ी बीमारियां खास कर कम उम्र में तेजी से बढ़ रही हैं। समय पर जांच और विशेषज्ञों की सलाह इन गंभीर समस्याओं से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है। इसी उद्देश्य से मैरिंगो एशिया अस्पताल ने गांव मिर्जापुर में निरूशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित कर ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। मैरिंगो एशिया अस्पताल सेक्टर-16

**कम उम्र में तेजी से बढ़ रही बीमारियों की समय-समय पर जांच कराएं**

**बैरागी धर्मशाला में नि:शुल्क हेल्थ चेकअप कैंप लगाया गया**



फरीदाबाद की ओर से गांव मिर्जापुर स्थित बैरागी धर्मशाला में निःशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप आयोजित किया गया।

शिविर में हृदय रोग एवं हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञों ने लोगों की स्वास्थ्य जांच कर निः शुल्क परामर्श दिया। कैंप में 107 लोगों ने निःशुल्क ब्लड प्रेशर व ब्लड शुगर की जांच का लाभ उठाया। शिविर में पहुंचे बुजुर्गों, गांव मिर्जापुर के सरपंच महिपाल, रमेश भोलू प्रधान सहित ग्रामीणों ने अस्पताल की इस जनहित पहल की सराहना की। मैरिंगो एशिया अस्पताल के हृदय रोग विशेषज्ञ ने कहा कि हृदय शरीर का सबसे महत्वपूर्ण अंग है, इसलिए इससे जुड़े किसी भी दर्द, चुभन या असहजता को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। समय पर जांच और विशेषज्ञ की सलाह लेने से गंभीर बीमारियों के जोखिम को काफी हद तक कम किया जा सकता है। वहीं, मैरिंगो एशिया अस्पताल के हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ ने बताया कि बढ़ता मोटापा, कैल्शियम व विटामिन डी की कमी तथा गलत जीवनशैली हड्डियों और जोड़ों की समस्याओं का प्रमुख कारण बन रही है।

---

**सीएम सैनी ने कहा -ईज ऑफ जस्टिस से साकार होगा विकसित भारत-2047 का सपना**

# टॉवर ऑफ जस्टिस के रूप में गुरुग्राम को मिला आधुनिक न्याय का नया केंद्र

> हरियाणा सरकार की संवेदनशीलता से मजबूत हो रहा न्यायिक ढांचा: मुख्य न्यायाधीश

धर्मेंद्र कौशिक ⏭ गुरुग्राम

हरियाणा की न्यायिक अधोसंरचना को रविवार को बड़ी सौगात मिली, जब भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की उपस्थिति में गुरुग्राम स्थित अत्याधुनिक 'टॉवर ऑफ जस्टिस' का लोकार्पण किया। इसी अवसर पर उन्होंने वर्चुअल माध्यम से नूंह जिले के तावडू और पुन्हाना न्यायिक परिसरों का शिलान्यास भी किया।

समारोह में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह सहित सर्वोच्च न्यायालय और पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के अनेक न्यायाधीश मौजूद रहे। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि अत्याधुनिक न्यायिक परिसरों का निर्माण हरियाणा सरकार की संवेदनशीलता और न्यायपालिका के प्रति उसकी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम जैसे तेजी से विकसित हो रहे वैश्विक कारोबारी शहर में संपत्ति, तकनीक, अनुबंध और वाणिज्यिक विवाद लगातार बढ़ रहे हैं। वर्तमान में यहां 24 हजार से अधिक सिविल, करीब एक हजार



टॉवर ऑफ जस्टिस के लोकार्पण पर संबोधित करते मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत।

वाणिज्यिक तथा एक लाख से अधिक नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट से जुड़े मामले लंबित हैं। ऐसे में टॉवर ऑफ जस्टिस केवल एक आधुनिक भवन नहीं, बल्कि न्याय तक त्वरित और प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करने वाला केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा कि आधुनिक अदालतें, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, सुव्यवस्थित न्यायिक मालखाना और प्रस्तावित इंटरनेशनल आर्बिट्रेशन सेंटर जैसी सुविधाएं न्याय प्रणाली को नई मजबूती देंगी।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि टॉवर ऑफ जस्टिस संविधान की मर्यादा, न्यायपालिका की गरिमा और नागरिकों के न्याय पर अटूट विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' के साथ ईज ऑफ जस्टिस भी उतना ही जरूरी है। मुख्यमंत्री ने बताया कि लगभग सात एकड़ में बने इस परिसर में 55 आधुनिक अदालत कक्ष, बैंक, डाकघर, बार लाइब्रेरी, मध्यस्थता केंद्र और अन्य अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने पुराने न्यायालय परिसर के एक हिस्से में अधिवक्ताओं के लिए आधुनिक चैंबर्स बनाने की भी घोषणा की।

**श्रमिकों को सम्मानित किया**

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि यह परिसर केवल भवन नहीं, बल्कि न्याय व्यवस्था में जनता के विश्वास को और मजबूत करने वाला संस्थान है। वहीं अर्जुन राम मेघवाल ने इसे विकसित भारत के लिए आधुनिक, पारदर्शी और नागरिक-केंद्रित न्याय व्यवस्था का प्रतीक बताया। राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि तकनीक आधारित न्यायिक सुधारों के बीच गुरुग्राम का यह नया परिसर समयबद्ध और सुलभ न्याय सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। समारोह के दौरान टॉवर ऑफ जस्टिस के निर्माण में योगदान देने वाले श्रमिकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सर्वोच्च न्यायालय एवं पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के कई न्यायाधीश, हरियाणा सरकार के वरिष्ठ मंत्री, प्रशासनिक अधिकारी, न्यायिक अधिकारी, बार एसोसिएशन के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

---

**विधायक ने सम्मानित कर शुभकामनाएं दीं**

# नेपाल में गोल्ड मेडल जीतकर लौटे शुभ सिंह का विधायक मूलचंद शर्मा ने किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

नेपाल में आयोजित अंतरराष्ट्रीय विद्यालय खेल शिक्षा संघ की प्रतियोगिता में बल्लभगढ़ के हरि विहार निवासी प्रतिभाशाली खिलाड़ी शुभ सिंह ने 3 किलोमीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतकर भारत हरियाणा और फरीदाबाद का गौरव बढ़ाया है। गोल्ड मेडल जीतकर लौटने पर विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री पंडित मूलचंद शर्मा ने शुभ सिंह तथा उनके कोच मुकेश फौजी को सम्मानित कर शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर विधायक पंडित मूलचंद शर्मा ने कहा कि शुभ सिंह की यह उपलब्धि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी अन्य युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। प्रदेश और देश के खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर भारत का नाम विश्वभर में रोशन कर रहे हैं। उन्होंने शुभ सिंह के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि सरकार खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इस अवसर पर कोच मुकेश फौजी ने बताया कि उनकी डिफेंस एकेडमी में शहर के बच्चों को निःशुल्क खेल प्रशिक्षण दिया जाता है, ताकि युवा शारीरिक रूप से स्वस्थ बनें और सेना सहित अन्य सुरक्षा बलों एवं विभिन्न क्षेत्रों में देश की सेवा कर सकें। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को सही मार्गदर्शन और अवसर मिलने पर वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं।

इस मौके पर भाजपा नेता टिपरचंद शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि जेपी मास्टर, शक्ति सिंह, प्रोफेसर शैलेंद्र सिंह, नेवी ऑफिसर ओम प्रकाश सोरोत, मोरपाल, सुनील शर्मा, नानक चंद, सरवन, दीपक सिंह सहित बल्लभगढ़ के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

---

**मोबाइल, चैट और कॉल डिटेल खंगाल रही पुलिस**

# पीजी में गर्लफ्रेंड की चाकू से हत्या करने के बाद इंजीनियर ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

> पीजी में खून से लथपथ मिला युवती का शव, गढ़ी रेलवे स्टेशन के पास दो हिस्सों में मिला युवक का शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

सेक्टर-56 एरिया में पीजी में गर्लफ्रेंड की चाकू से गोदकर हत्या करने के बाद इंजीनियर ने ट्रेन के आगे कूदकर खुदकुशी कर ली। इस दिल दहला देने वाली वारदात ने साइबर सिटी वासियों को झकझोर कर रख दिया।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच शुरु कर दी। पुलिस दोनों के बीच संबंधों और विवाद के कारणों की गहन जांच कर रही है। दरअसल, सेक्टर-56 थाना पुलिस को यूपी के सीतापुर से आए मो. उसमान ने शिकायत दी कि उनकी 24 वर्षीया बेटी इशारा अयुबी का कुछ पता नहीं चल रहा है और वह उनकी कॉल नहीं उठा रही है। जिसके बाद पुलिस ने युवती के मोबाइल नंबर को ट्रेस किया और सेक्टर-55 स्थित पीजी पहुंची। जहां छत्तीसगढ़ के भिलाई निवासी 25 वर्षीय श्रेष्ठ मलिक रहता था। वह गुरुग्राम में एक निजी कंपनी में इंजीनियर के रूप में कार्यरत था। पुलिस ने आसपास रहने वाले लोगों से पूछताछ की, लेकिन किसी ने भी घटना की जानकारी होने से इनकार कर दिया। इसके बाद पुलिस ने कमरे का दरवाजा खुलवाया। अंदर पहुंचने पर युवती का शव खून से लथपथ हालत में मिला। कमरे के फर्श पर काफी मात्रा में खून फैला हुआ था। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि युवती की चाकू से गोदकर हत्या की गई थी। एफएसएल की टीम को मौके पर बुलाया गया और घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए गए। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि घटना से पहले आगे की जांच में पुलिस को जानकारी मिली कि गढ़ी रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पर श्रेष्ठ मलिक का शव मिला था। ट्रेन की चपेट में आने से उसका शव दो हिस्सों में बंट गया था। इस मामले में जीआरपी पहले से कार्रवाई कर रही थी और मृतक की पहचान उसके पास मिले मोबाइल फोन से हुई थी। सेक्टर-56 थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है।

---

**दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की**

# कारगिल शहीद वीरेंद्र सिंह अत्री की माताजी के निधन पर विधायक मूलचंद शर्मा ने जताया शोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

कारगिल युद्ध के शहीद स्वर्गीय वीरेंद्र सिंह अत्री की माताजी के निधन पर विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री हरियाणा पंडित मूलचंद शर्मा ने मोहना गांव पहुंचकर गहरा शोक व्यक्त किया। इस दौरान उन्होंने शहीद के भाई डॉ. हरप्रसाद अत्री और भतीजे देवेंद्र अत्री कार्यकारी अभियंता बिजली बोर्ड ओल्ड फरीदाबाद सहित समस्त परिवारजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। विधायक मूलचंद शर्मा ने कहा कि लगभग 100 वर्ष की आयु में इस संसार से विदा हुईं शहीद की माताजी



का जीवन त्याग, संस्कार, धैर्य और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक था। उन्होंने ऐसे वीर सपूत को जन्म दिया जिसने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देकर देश का गौरव बढ़ाया। उनका योगदान सदैव सम्मान और श्रद्धा के साथ याद किया जाएगा। शहीद परिवारों का सम्मान करना हम सभी का नैतिक दायित्व है। शहीद वीरेंद्र सिंह अत्री का बलिदान आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा।

---

**विपुल गोयल के माध्यम से ज्ञापन भी सौंपा गया**

# हरियाणा बिजली पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

हरियाणा बिजली पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन जिला फरीदाबाद यूनिट की कार्यकारिणी द्वारा बिजली पेंशनर्स की बैठक का आयोजन जैन स्थानक सेक्टर 7 ई फरीदाबाद में किया गया।

सभा की अध्यक्षता जिला फरीदाबाद यूनिट के वित्त सचिव प्रताप सिंह बामल और जिला प्रधान देवी दयाल दिसोदिया द्वारा की गई। वहीं संचालन जिला सचिव सुभाष चंद त्यागी ने किया। मीटिंग में लिव ट्रेवल कंसेशन की वर्तमान नीति में एक जनवरी 2028 से बदलाव के हरियाणा सरकार के आदेशों पर नाराजगी जताई गई।

ध्यान रहे एल टी सी की नीति का सरलीकरण करते हुए सरकार ने चार साल में एक बार एक महीने की पेंशन, एलटीसी के रूप मे देने के



आदेश दे रखें है। लेकिन एक जनवरी 2028 के बाद केवल घूमने फिरने के बाद ही एल टी सी की राशि क्लेम की जा सकेगी। जो वृद्ध अवस्था में पेंशनर्स के लिए जटिलताओं और कठिनाइयों का कारण बन सकता है। इसके लिए एसोसिएशन मुख्यमंत्री को कैबिनेट मिनिस्टर विपुल गोयल के माध्यम से ज्ञापन भी सौंपा गया है और पेंशनर्स 2028 से लागू होने वाले आदेशों में बदलाव के आदेश का इंतजार कर रहे हैं। एसोसिएशन के केंद्रीय परिषद के राज्य मुख्य संगठनकर्ता बीर सिंह द्वारा हरियाणा राज्य बिजली बोर्ड व निगमों में कर्मचारियों के इन सर्विस ट्रेनिंग पिरियड को सामान्य नियमों के तहत जोड़ कर एसीपी स्केल का लाभ देने की मांग की गई।

---

**महापौर, नगर आयुक्त सहित विशेष सचिव राज्य कर विभाग उत्तर प्रदेश, पार्षदों तथा निगम और जी डी ए अधिकारियों ने किया पौधारोपण**

# गाजियाबाद नगर निगम द्वारा 1 लाख 41 हजार पौधारोपण कर पूरा किया गया लक्ष्य, 100 वार्डों में पार्षदों ने लगाए पौधे

> महापौर ने कहा-आज लगाए हुए पौधे कल वृक्ष बनाकर लाभदायक सिद्ध होंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

नगर निगम द्वारा वृहद स्तर पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें विजयनगर स्थित आर्मी लैंड पर महापौर सुनीता दयाल, विशेष सचिव राज्य कर विभाग उत्तर प्रदेश सरकार राहुल पाण्डेय, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, उपाध्यक्ष गाजियाबाद विकास प्राधिकरण नंदकिशोर कलाल, मुख्य विकास अधिकारी सौरभ कुमार, अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव, पार्षद गणों तथा निगम और गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के अधिकारियों द्वारा एक साथ पौधारोपण किया गया, मौके पर कई स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा भी पौधारोपण किया गया कार्यक्रम के आयोजन में वरिष्ठ प्रभारी उद्यान नरेंद्र कुमार चौधरी, प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज द्वारा व्यवस्थाओं को संभाला गया। महापौर तथा नगर आयुक्त



द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया गया इसके साथ पौधारोपण में सहयोग कर रहे विद्यार्थियों का भी मनोबल बढ़ाया गया, आज लगाए हुए पौधे कल वृक्ष बनाकर लाभदायक सिद्ध होंगे महापौर द्वारा उपस्थित जनों को शुभकामनाएं दी गई, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा विजयनगर के साथ-साथ शहर के हर वार्ड में चल रह पौधारोपण कार्यक्रम के बारे में बताया गया गाजियाबाद नगर निगम द्वारा एक दिन में 141000 पौधे लगाए गए हैं जिसमें जनप्रतिनिधियों और क्षेत्रीय निवासियों का भी सहयोग लिया जा रहा है बताया गया। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा जहां लक्ष्य पूर्ति करते हुए विजयनगर के साथ--साथ 1 लाख 41 हजार पौधे पांचों जोन अंतर्गत लगाए गए हैं, वही ऐतिहासिक कार्यों की श्रृंखला में विजयनगर आर्मी लैंड की शेष 48 एकड़ भूमि पर नवंबर तक 6 लाख से अधिक पौधारोपण करने की प्रक्रिया भी जारी है, विशाल वन से विजयनगर क्षेत्र वासियों को लाभ मिलेगा।

**पर्यावरण को बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी**

विशेष सचिव राज्य कर विभाग राहुल पाण्डेय द्वारा गाजियाबाद नगर निगम के कार्यों की प्रशंसा की गई जिसमें बड़ी संख्या में पौधा रोपण को देखकर टीम का उत्साह वर्धन किया गया, उत्तर प्रदेश सरकार राहुल पांडे द्वारा उपस्थित जनों के समक्ष बताया गया कि जिस प्रकार घरों में जिम्मेदारी निभाई जाती है पौधे लगाने के साथ-साथ पौधों का संरक्षण करना बड़ी जिम्मेदारी है, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष द्वारा पर्यावरण के प्रति बृहद पौधा रोपण के कार्य योजना को सरहाया गया, गाजियाबाद ननि और गाजियाबाद विकास प्राधिकरण संयुक्त रूप से शहर वासियों के लिए कार्य कर रहा है। पर्यावरण को बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है संयुक्त रूप से पौधारोपण किया गया, कार्यक्रम के अंत में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा शहर के डेवलपमेंट के साथ-साथ पर्यावरण हित में किए जा रहे बृहद पौधारोपण पर ननि तथा टीम को धन्यवाद किया गया।

---

**वीडियो एडिटकर वायरल करने की दी धमकी**

# 96 हजार रुपए की ठगी, दो खाताधारक सहित 3 पकड़ाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

वीडियो एडिट कर वायरल करने का भय दिखाकर 96000 रुपए की ठगी के एक मामले में कार्रवाई करते हुए साइबर थाना एनआईटी की टीम ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनकी पहचान धर्मराज, रवि व विक्रम निवासी जयपुर राजस्थान के रुप में हुई है। जिनको न्यायलय में पेश कर जेल भेजा गया है।

जांच में सामने आया कि आरोपी रवि मामले में पहली लेयर का खाताधारक है, जिसके खाता में ठगी के 96000 रुपए आये थे, वहीं आरोपी धर्मराज दूसरी लेयर का खाताधारक है जिसके खाता में ठगी के 45000 रुपए आये थे। विक्रम ने धर्मराज से खाता लेकर आगे ठगो को दिया था। धर्मराज व विक्रम दोनों एक ही गांव के रहने वाले है और



मजदूरी करते है। पुलिस के अनुसार एनआईटी वासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि 25 मई की रात को समय करीब 2 बजे उसके व्हॉट्सएप एक अंजान नंबर से वीडियों कॉल आई, जिसको उसने उठा लिया, , जिसके बाद कथित व्यक्ति ने एक वीडियों में शिकायतकर्ता का चेहरा लगाकर वीडियो को एडिट कर दिया तथा उसे वायरल करने का डर दिखाकर अलग-अलग ट्रांजेक्सन के जरिए 96,000 रुपए ठग लिए।

## खबर संक्षेप

### यूपी में नई तकनीक से होगी जमीनों की पैमाइश



**लखनऊ।** यूपी में जमीनों की पैमाइश अब पारंपरिक तरीके से नहीं, अत्याधुनिक रोवर तकनीक के माध्यम से की जाएगी। इससे काम में पारदर्शिता व समय की बचत होगी। लंबे समय से चल रहे जमीनों के विवाद भी हल होंगे। आबादी वाले क्षेत्र में भी आसानी से पैमाइश हो जाएगी। कानपुर को फिलहाल राजस्व बोर्ड ने चार रोवर दिए हैं। हर तहसील को एक-एक भेजा गया है।

### पिता ने बेटी को मारकर कुएं में कर दिया दफ्न



**दुमका।** झारखंड के दुमका जिले के सरैयाहाट थाना क्षेत्र के बेलूडीह गांव में घरेलू विवाद के दौरान एक सनकी पिता ने अपनी 15 साल की बेटी की बेरहमी से पिटाई करने के बाद उसे घर के कुएं में फेंक दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। इतना ही नहीं, आरोपी को समझाने और रोकने पहुंचे उसके 60 वर्षीय चचेरे चाचा की भी उसने बुरी तरह पिटाई कर दी। गंभीर रूप से घायल वृद्ध ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

### बारिश के कारण कोसी नदी का जलस्तर बढ़ा



**सुपौल।** कोसी नदी के जलग्रहण क्षेत्र में लगातार हो रही मानसूनी बारिश के कारण रविवार को कोसी नदी के जलप्रवाह में वृद्धि दर्ज की गई। दोपहर दो बजे तक कोसी बराज पर जलप्रवाह 1,30,760 क्यूसेक रिकॉर्ड किया गया, जबकि बराह क्षेत्र में यह 97,475 क्यूसेक दर्ज किया गया। कोसी बराज के 56 फाटकों में से 17 फाटक खोलकर पानी डाउन स्ट्रीम में छोड़ा जा रहा है।

---

**ओवर स्पीड कैमरे न होने से तय गति से अधिक रफ्तार से दौड़ते हैं वाहन**

# अक्टूबर तक दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर लगेंगे ओवरस्पीड कैमरे, 100 की रफ्तार पार करते ही कट जाएगा ई-चालान

दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर हादसों पर अंकुश लगाने के लिए डासना से हापुड़ तक ओवरस्पीड कैमरे लगाए जाएंगे एनएचएआई मुख्यालय से ओवर स्पीड कैमरे लगाने का प्रस्ताव पास भी हो चुका है। सितंबर या अक्तूबर तक कैमरा लगाने का कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर ओवरस्पीड वाहन दौड़ाने पर लगातार सड़क हादसे हो रहे हैं। हादसों पर अंकुश लगाने के लिए एनएचएआई गाजियाबाद द्वारा डासना से हापुड़ तक ओवरस्पीड कैमरे लगाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। एनएचएआई मुख्यालय से ओवर स्पीड कैमरे लगाने का प्रस्ताव पास भी हो चुका है। सितंबर या अक्तूबर तक कैमरा लगाने का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद अगर वाहन चलाते वक्त नियमों को उल्लंघन किया तो चालान सीधे आपके घर पहुंच जाएगा। डासना से हापुड़ बाईपास तक नेशनल हाईवे-9 का करीब 25 साल पहले निर्माण कराया गया था। 2019 में इस हाईवे को छह लेन रोड की सौगात मिली थी। ऐसे में हाईवे चौड़ा होने के कारण यहां हल्के व भारी वाहन फर्राट भरते हैं। हाईवे पर हल्के वाहनों के लिए गति सीमा 100 किलोमीटर प्रति घंटा और भारी वाहनों के लिए 80 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार तय है, लेकिन हाईवे पर ओवर स्पीड कैमरे न होने के कारण वाहन तय गति से अधिक रफ्तार से दौड़ते हैं।



**कैमरों का कंट्रोल छिजारसी टोल प्लाजा पर**

### हादसों को कम करने के लिए लगाया जाएगा कैमरा

आए दिन इस हाईवे पर हादसे होते हैं। जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में हादसों को कम करने की योजनाएं तैयार होती हैं, जिसका असर धरातल पर कम ही नजर आता है। अब एनएचएआई गाजियाबाद के अधिकारियों ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में बताया कि दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर ओवरस्पीड के कारण होने वाले हादसों में कमी लाने को ओवरस्पीड कैमरे लगाने का कार्य शुरू किया जाएगा। एनएचएआई मुख्यालय से प्रस्ताव पास हो गया है। इन कैमरों का कंट्रोल छिजारसी टोल प्लाजा पर होगा।

#### डासना से हापुड़ के बीच लगेंगे ओवरस्पीड कैमरा

एनएचएआई गाजियाबाद प्रतिनिधि अमित शर्मा ने बताया कि डासना से हापुड़ के बीच ओवरस्पीड कैमरा लगाने का प्रस्ताव पास हो गया है, फाइनेंशियल अप्रूवल बाकी है। कैमरा लगाने के लिए फाउंडेशन लगाने का कार्य शुरू हो चुका है।

---

**सीएम योगी ने गोरखपुर से किया शुभारंभ, दो स्थानों पर लगाए पौधे**

### योगी सरकार ने जनसहभागिता से रचा नया इतिहास

# लक्ष्य से अधिक एक दिन में रोपे गए 35.27 करोड़ से अधिक पौधे

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने रविवार को नया इतिहास रच दिया। 'एक पेड़ मां के नाम' थीम के अंतर्गत वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 में पूरे प्रदेश में शाम छह बजकर 12 मिनट तक एक दिन में 35,27,89,926 पौधरोपण हुए। यह सरकार द्वारा तय किए गए लक्ष्य 35 करोड़ से 27.89 लाख से अधिक है...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोरखपुर

माफिया के प्रति कठोर और बच्चों के लिए कोमलहृदय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर्यावरण संरक्षण को लेकर बेहद संवेदनशील हैं। दुनियाभर में बढ़ते ग्लोबल वार्मिंग के खतरे को कम करने के प्रयास को कम करने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बीते वर्षों की भांति इस वर्ष भी बड़े पैमाने पर अभियान को शीर्ष प्राथमिकता दी गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत मुख्यमंत्री की मंशा को ध्यान में रखते हुए रविवार को प्रदेश में व्यापक स्तर पर 'वृक्षारोपण महायज्ञ-2026' चलाया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर से अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर त्रिवेणी (नीम, पीपल, बरगद) के पौधे रोपे। वहीं आरकेबीके के पास ताल रिंग रोड के किनारे मौलिश्री का पौधा लगाया।

**खास बातें**

- गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर रोपे नीम, पीपल, बरगद के पौधे
- विकास की रफ्तार के साथ वनाच्छादन का विस्तार



#### सॉफ्टवेयर पर मिला रियल टाइम अपडेट

'वृक्षारोपण महायज्ञ-2026' के अंतर्गत वन, रक्षा, रेलवे, ग्राम पंचायत एवं सामुदायिक भूमि, एक्सप्रेस वे, सड़क, नहर, रेल पटरी के किनारे, विकास प्रधिकरण, औद्योगिक परिसर, चिकित्सा संस्थान, शिक्षण संस्थान की भूमि, अन्य राजकीय भूमि, कृषकों की निजी भूमि, नागरिकों द्वारा निजी परिसर में बड़े स्तर पर पौधरोपण किया गया है। अभियान को पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने वन विभाग की तरफ से एंड्रायड आधारित प्लांटेशन मॉनिटरिंग सिस्टम सॉफ्टवेयर पर रीयल टाइम अपडेट मिला। सीएम का स्पष्ट निर्देश था कि पूरी पारदर्शिता और पौधों की प्रभावी मॉनीटरिंग की व्यवस्था की जाए। यही कारण रहा कि इस साल भी पौधों की जियो टैगिंग की मुकम्मल व्यवस्था की गई है।

#### 'माता भूमिः पुत्रो अहं पृथिव्याः'

मुख्यमंत्री ने पौधरोपण महाभियान को धरती माता के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का महायज्ञ बताया और इसमें हर व्यक्ति की तरफ से योगदान दिए जाने की आवश्यकता जताई। उन्होंने कहा कि धरती माता हम सबको अच्छा वातावरण देती हैं। आगे बढ़ने का अवसर, पेट भरने को अन्न, अच्छे-अच्छे फल, पीने के लिए जल देने के साथ घर की सभी आवश्यकताओं की पूर्ति करती हैं। धरती माता के बारे में हमारे ऋषियों ने संकल्प भाव से कहा है- 'माता भूमिः पुत्रो अहं पृथिव्याः', अर्थात यह धरती हमारी माता हैं और हम सब इसके पुत्र हैं।

---

**प्रकृति संरक्षण व स्वस्थ जीवनशैली का संदेश**

## राज्यपाल ने जन भवन में रोपा सफेद चंदन का पौधा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनऊ

यूपी की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने रविवार को वृक्षारोपण महाअभियान के अंतर्गत जन भवन परिसर में सफेद चंदन का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। जन भवन की नक्षत्र वाटिका में कुल 29 चंदन के पौधे लगाए गए। इस दौरान जन भवन के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा राजकीय बालगृह (बालिका), सिंधीखेड़ा की बालिकाओं ने संयुक्त रूप से पौधरोपण किया। राज्यपाल ने कहा कि वर्तमान में पर्यावरण प्रदूषण, दूषित जल और अस्वस्थ जीवनशैली गंभीर चुनौतियां बन चुकी हैं, जिनसे निपटने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को प्रकृति संरक्षण और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लेना चाहिए।

### 10 दिनों में एयरपोर्ट पर शिलान्यास, इंजीनियरिंग विवि जल्द

एजेंसी ▶▶ मुजफ्फरपुर

उत्तर बिहार के मुजफ्फरपुर में लंबे समय से प्रतिक्षित पताही एयरपोर्ट को लेकर खुशखबरी है। दस दिनों के अंदर एयर पोर्ट पर निर्माण कार्य का शिलान्यास कर दिया जाएगा। इसके लिए केंद्रीय मंत्री मुजफ्फरपुर आएंगे। सीएम सम्राट चौधरी भी मौजूद रहेंगे। यह जानकारी खुद सीएम ने दी है।



---

## पेज एक का शेष

### नरोत्तम बोले- भाजपा ...

के प्रदेश प्रभारी महेंद्र सिंह शनिवार को ही पहुंच गए थे। रविवार को वहां प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के साथ उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, सांसद संध्या राय, दतिया के प्रभारी मंत्री एंदल सिंह कंसाना, प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी और आशीष अग्रवाल सहित तमाम नेताओं ने डेरा डाल दिया। बैठक में आशुतोष की नामांकन रैली को ऐतिहासिक बनाने की रणनीति बनाई गई।

### बसपा नहीं लड़...

अपने पाले में करने की स्थिति में आ गए हैं। समाजवादी पार्टी 'इंडिया गठबंधन' के धर्म का पालन कर रही है। पार्टी इस उपचुनाव में अपना प्रत्याशी उतारने के बजाए कांग्रेस उम्मीदवार घनश्याम सिंह का समर्थन करेगी।

### ग्वालियर के बुजुर्ग ...

के इतिहास में ऑनलाइन निवेश के नाम पर हुई अब तक की सबसे बड़ी साइबर ठगी माना जा रहा है। राज्य साइबर सेल के डीएसपी संजीव नयन शर्मा ने बताया कि पीड़ित अशोक विजयवर्गीय को क्रिप्टो और यूएसडीटी ट्रेडिंग के नाम पर जाल में फंसाया गया था। शुरुआत में भरोसा जीतने के लिए ठगों ने निवेश पर काल्पनिक रिटर्न दिखाया, जिससे झांसे में आकर पीड़ित लगातार बड़ी रकम ट्रांसफर करते गए। जब उन्होंने अपनी रकम निकालने की कोशिश की, तो ठगों ने हाथ खड़े कर दिए। ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने पुलिस से संपर्क किया। साइबर सेल ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साइबर विशेषज्ञ बैंक खातों, डिजिटल ट्रांजैक्शन और मोबाइल नंबरों को ट्रैक कर रहे हैं। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि अनजान नंबरों से मिलने वाले निवेश के लुभावने प्रस्तावों और असामान्य मुनाफे के दावों से सतर्क रहें।

### ईपीएफओ ने शुरू ...

अपने संबंधित ईपीएफओ क्षेत्रीय कार्यालय में ई-मेल के माध्यम से औपचारिक आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

क्या होगा एमनेस्टी स्कीम का लाभ?: ईपीएफओ के अनुसार यह योजना पात्र संस्थानों को अपने पीएफ ट्रस्ट की स्थिति को पूर्व प्रभाव से नियमित कराने का अवसर देगी। इसका उद्देश्य सभी छूट प्राप्त पीएफ ट्रस्टों को एक समान वैधानिक ढांचे के अंतर्गत लाना और संबंधित कानूनी प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करना है। कर्मचारियों के दृष्टिकोण से यह योजना उनके भविष्य निधि खातों की कानूनी स्थिति को अधिक स्पष्ट और सुरक्षित बनाएगी। योजना के तहत राहत पाने के लिए यह भी आवश्यक होगा कि संबंधित ट्रस्ट ने अपने सदस्यों के खातों में ईपीएफओ द्वारा निर्धारित वैधानिक ब्याज दर के बराबर या उससे अधिक ब्याज तथा नियमानुसार अंशदान जमा किया हो। मंत्रालय का कहना है कि इस पहल से छूट प्राप्त पीएफ ट्रस्टों के संचालन में पारदर्शिता बढ़ेगी, भविष्य निधि लाभों का प्रशासन अधिक सुव्यवस्थित होगा और संपूर्ण व्यवस्था कानूनी रूप से अधिक मजबूत बनेगी। इससे नियोक्ताओं और कर्मचारियों, दोनों के हितों की बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

### क्या होता है ...

ऐसे ट्रस्टों को ईपीएफओ के निर्धारित मानकों और कानूनी प्रावधानों का पालन करना आवश्यक होता है।

### प्रधानमंत्री मोदी की...

यात्रा के 10 महत्वपूर्ण परिणामों को बहुत सरल भाषा में समझाया जाएगा। इसी कारण इसका नाम 10 कदम, 10 का दम रखा गया है। पहला, इंडियन ओशियन-इंडो पैसिफिक स्ट्रैटेजिक एलायंस। दूसरा, डिफेंस और मैरीटाइम को-ऑपरेशन। तीसरा, क्रिटिकल मिनरल को-ऑपरेशन। चौथा, एनर्जी सिक्योरिटी। पांचवां, इकोनॉमिक एंड इन्वेस्टमेंट आउटकम्स, अर्थात आर्थिक परिणाम। छठा, स्पेशल जेस्चर्स एंड कर्टसीज एक्सटेंडेड टू द प्राइम मिनिस्टर, जो केवल प्रधानमंत्री के लिए नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों के लिए हैं। सातवां, सिविलाइजेशनल एंड कल्चरल पार्टनरशिप। आठवां, डिजिटल पब्लिक इंफ्रा एंड एजुकेशनल पार्टनरशिप। नौवां, स्पोर्ट्स और दसवां, पीपल टू पीपल रिलेशनशिप रहा। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि विश्व में अनेक देशों में सरकारें और नीतियां बदलीं तथा कई उतार-चढ़ाव आए, लेकिन भारत ने निरंतर स्थिरता का संदेश दिया। वर्ष 2014 से अब तक राजनीतिक नेतृत्व, सुशासन, नीति और आर्थिक स्थिरता के बल पर भारत आज इंडो-पैसिफिक और हिंद महासागर क्षेत्र में एक स्टेबलाइजिंग फ़ोर्स के रूप में उभरा है। इसी दृष्टिकोण के तहत भारत ने इंडो-पैसिफिक और हिंद महासागर क्षेत्र के देशों के लिए एक नया सहयोगी फ्रेमवर्क तैयार किया, जिसे सभी साझेदार देशों ने स्वीकार करते हुए दीर्घकालिक सहयोग पर सहमति व्यक्त की। पात्रा ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज़ ने अपने वक्तव्य में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 'अ लिविंग ब्रिज' बताया। उनके अनुसार,मोदी दोनों देशों के बीच एक ऐसे जीवंत सेतु हैं, जो निरंतर कार्य करते हैं, परिश्रम करते हैं और दोनों देशों के संबंधों को मजबूत बनाते हैं। पात्रा ने कहा कि इस पूरी यात्रा का सार पढ़ते समय हमें कुछ समाचार भी देखने को मिले। हमें नहीं पता कि उनमें कितनी सच्चाई है, लेकिन चर्चा यह चल रही है कि राहुल गांधी कहां हैं। प्रयागराज में 10 जुलाई का उनका एक कार्यक्रम स्थगित हो गया और पटना का कार्यक्रम भी टल गया। विभिन्न स्थानों के नाम सामने आ रहे हैं और यह भी कहा जा रहा है कि राहुल गांधी भी विदेश यात्रा पर हैं।

### अर्जेंटीना के सामने ...

खेल के दम पर अंतिम चार में जगह बनाई है। वहीं, इंग्लैंड की टीम भी जबरदस्त फॉर्म में है। उसने क्वार्टर फाइनल में नॉर्वे के खिलाफ पिछड़ने के बाद जूड बेलिंगहम के जादुई खेल की बदौलत शानदार वापसी कर सेमीफाइनल का टिकट कटाया। दूसरी तरफ, डलास में होने वाले दूसरे सेमीफाइनल में किलियन एम्बाप्पे की मजबूत फ्रांस टीम को स्पेन से कड़ी टक्कर मिलने की उम्मीद है। स्पेन ने राउंड ऑफ 16 में पुर्तगाल और क्वार्टर फाइनल में बेल्जियम को 2-1 से हराकर अपने इरादे साफ कर दिए हैं। इन चारों दिग्गजों में से कोई एक ही इस बार विश्व विजेता की ट्रॉफी उठाएगा।

### केंद्र ने कहा- ...

ब्यूरो की फैक्ट चेक इकाई ने सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वायरल तस्वीर और उससे जुड़े दावों की जांच की, जिसमें कहा गया था कि इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल वाहन के फ्यूल टैंक में अलग-अलग परतों में बंट जाता है और इससे वाहन को नुकसान हो सकता है। फैक्ट चेक में यह दावा पूरी तरह असत्य पाया गया।

### सरकार ने पहले ....

सरकार ने ऐसे दावों का भी खंडन करते हुए स्पष्ट किया था कि केवल ई20 ईंधन के उपयोग से वाहन बीमा पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता।

### ई 20 कार्यक्रम...

हालांकि इस नीति को लेकर सार्वजनिक और राजनीतिक स्तर पर बहस जारी है, लेकिन सरकार का कहना है कि निर्धारित मानकों के अनुरूप तैयार E20 ईंधन सुरक्षित है और इसके संबंध में फैलाए जा रहे भ्रामक दावों का कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है।

---

**महिला के लिए रुकवाई ट्रेन तो भड़के आरपीएफ**

## रेलवे अफसर को स्टेशन पर पीटा, 300 मीटर तक घसीटा, 4 सस्पेंड

एजेंसी ▶▶ आगरा

यहां आरपीएफ जवानों की दबंगई देखने को मिली। आरपीएफ जवानों ने एक रेलवे अफसर को स्टेशन पर ही जमकर पिटाई की।



इतना ही नहीं जवानों ने रेलवे अफसर को 300 मीटर तक घसीटा और फिर उसे थाने ले गई। रेलवे अफसर की गलती सिर्फ इतनी थी कि वह एक महिला यात्री के लिए ट्रेन को रुकवा दिया था। महिला यात्री की ट्रेन छूट रही थी। ट्रेन के पीछे-पीछे भाग रही महिला को देख रेलवे अधिकारी ने वॉकी-टॉकी से लोको पायलट को संदेश भेजा। आरपीएफ जवानों को लगा कि महिला ने ट्रेन पुलिंग की है तो वह उसे पकड़ने चले गए, जिसका रेलवे अफसर ने विरोध किया और पूरा मामला बताया, लेकिन आरपीएफ जवान मानने को तैयार नहीं थे। उल्टा रेलवे अफसर से ही भिड़ गए। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

---

**गोंडा आरओएच डिपो में ब्रेकवान का हो रहा आधुनिकीकरण**

## ट्रेन मैनेजरों को मिलेंगी आधुनिक सुरक्षित और आरामदायक सुविधाएं

**नई व्यवस्था से बढ़ेगी कार्यदक्षता और रेल परिचालन की सुरक्षा**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनऊ

पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल अंतर्गत गोंडा स्थित आरओएच डिपो में ट्रेन मैनेजरों (गार्ड) के लिए ब्रेकवान का आधुनिकीकरण तेजी से किया जा रहा है। महाप्रबंधक उदय बोरवणकर के मार्गदर्शन में यह कार्य आरडीएसओ के मानकों के अनुरूप कराया जा रहा है। इसका उद्देश्य ट्रेन मैनेजरों को लंबी दूरी की ड्यूटी के दौरान अधिक सुरक्षित, आरामदायक और सुविधाजनक कार्य वातावरण उपलब्ध कराना है। आधुनिकीकरण के तहत ब्रेकवान में आर्म रेस्ट, हाइट एडजस्टमेंट और 360 डिग्री रोटेशन वाली एर्गोनॉमिक सीटें, वॉकी-टॉकी होल्डर, कोट हुक, वाटर बॉटल स्टैंड, दोनों ओर 520 मिमी के बड़े ग्रैब हैंडल, फुट रेस्ट तथा कमोड और वॉशबेसिन जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इन सुविधाओं को ट्रेन मैनेजरों की कार्य आवश्यकताओं और सुरक्षा को ध्यान में रखकर विकसित किया गया है।

मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल ने बताया कि ट्रेन मैनेजर रेल परिचालन की महत्वपूर्ण कड़ी हैं और उनकी सुरक्षा व सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि ब्रेकवान के आधुनिकीकरण से ट्रेन मैनेजरों की कार्यदक्षता बढ़ेगी तथा रेल परिचालन की सुरक्षा भी और मजबूत होगी। यह पहल पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा परिचालन व्यवस्था को आधुनिक और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

---

**यूपी की अर्थव्यवस्था को नई ताकत दे रहीं महिलाएं**

## एसएचजी की1 करोड़ से अधिक महिलाओं का मजबूत आर्थिक नेटवर्क, गांवों में बढ़ रहा मूल्य संवर्धन रोजगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश में महिला सशक्तीकरण केवल एक सामाजिक अभियान नहीं, बल्कि आर्थिक परिवर्तन का मजबूत आधार बनता जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं और उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से लगातार लाखों ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार, उद्यमिता और आर्थिक आत्मनिर्भरता से जोड़ा जा रहा है।

इसका परिणाम यह है कि आज महिलाएं स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के जरिए न केवल अपने परिवार की आय बढ़ा रही हैं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। वर्तमान में उत्तर प्रदेश की लगभग एक करोड़ महिलाएं करीब 10 लाख स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हुई हैं। इन समूहों ने महिलाओं को केवल बचत और ऋण तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उन्हें व्यवसाय स्थापित करने, वित्तीय सहायता प्राप्त करने, कौशल विकास प्रशिक्षण लेने और अपने उत्पादों को बाजार तक पहुंचाने का अवसर भी प्रदान किया है।



#### वाराणसी की रीना सिंह बनीं प्रेरक मिसाल

वाराणसी की रीना सिंह इस परिवर्तन की प्रेरक मिसाल हैं। पति के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद परिवार की जिम्मेदारियां संभालने के लिए उन्होंने 11 महिलाओं के साथ मिलकर महादेव स्वयं सहायता समूह की शुरुआत की। छोटे स्तर पर आरंभ हुआ यह प्रयास आज हल्दी, धनिया और दालों के प्रसंस्करण के सफल उद्यम में बदल चुका है। इस महिला-नेतृत्व वाले कारोबार का वार्षिक कारोबार 80 लाख रुपये से अधिक है और इससे 200 से ज्यादा महिलाओं को रोजगार एवं आजीविका के अवसर प्राप्त हो रहे हैं।



# हनुमान अंश के टीजर में नीम करोली बाबा की कहानी

**नई दिल्ली।** श्री नीम करोली बाबा की कहानी पर आधारित फिल्म 'हनुमान अंश' 31 जुलाई को बड़े पर्दे पर रिलीज होगी। इस फिल्म का मकसद आस्था, विनम्रता और सेवा की भावना के सफर को पर्दे पर उतारना है। विशाल चतुर्वेदी की लिखित और निर्देशित इस फिल्म में शोभिना डब्ल्यू. सत्या, विहान एस. हेगड़े, चंदन आनंद, पूर्णिमा तिवारी, अनिल के. रस्तोगी और गुलशन पांडे लीड रोल्स में हैं। इसे रागिनी एस., नम्रता जी. सिंह, अनुप्रिया ए. नागर और विशाल चतुर्वेदी ने प्रोड्यूस किया है। रिलीज से पहले, मेकर्स ने फिल्म का टीजर भी जारी कर दिया है। फिल्म 'हनुमान अंश' आस्था, विनम्रता और असीम प्रेम की यात्रा पर आधारित है। इस फिल्म का मकसद उस संत की कहानी को सामने लाना है।

लाइफ Style

# दिशा

## ऑस्कर विजेता निर्देशक की फिल्म का बनीं हिस्सा

प्रियंका चोपड़ा, दीपिका पादुकोण और तब्बू जैसी अदाकाराओं के बाद अब दिशा पाटनी ने भी हॉलीवुड में कदम बढ़ा दिए हैं। वे ऑस्कर विजेता निर्देशक केविन स्पेसी की सुपरनैचुरल थ्रिलर फिल्म 'हॉलीगार्ड्स सागा- द पोर्टल ऑफ फोर्स' में नजर आएंगी।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इस फिल्म के जरिए वे इंटरनेशनल स्तर पर अपनी पहचान बनाने को तैयार हैं। हाल ही में दिशा ने स्पेसी के साथ शूटिंग के अनुभव साझा किए। फिल्म 'हॉलीगार्ड्स सागा' में दिशा के साथ डॉल्फ लुंडग्रेन, टायरेस गिब्सन, ब्रायना हिल्डेब्रांड और एरिक रॉबर्ट्स जैसे बड़े ग्लोबल स्टार्स अहम भूमिकाओं में हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में दिशा ने हॉलीवुड में सफल होने के लिए जरूरी चीजों के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि एक्टर्स सिर्फ भारत में बैठकर इंटरनेशनल ऑडिशन, टैलेंट रिप्रेजेंटेशन और वीजा से जुड़ी मुश्किल प्रक्रियाओं को समझे बिना ग्लोबल रोल पाने की उम्मीद नहीं कर सकते। दिशा पाटनी ने कहा, 'वे (केविन स्पेसी) कमाल के हैं। एक एक्टर होने के नाते, वे अपने एक्टर्स को समझते हैं। एक्सपेरिमेंट करने के लिए काफी आजादी देते हैं। वे हमसे कहते थे कि हम अपने अनुभवों का इस्तेमाल करें। वह हमें ऐसे सवाल सोचने के लिए प्रोत्साहित करते थे, जैसे- 'आप ऐसी स्थिति में कैसा रिएक्ट करेंगे?' 'क्या आप रोएंगे?' 'आप कैसा महसूस करेंगे?' 'आप अपनी भावनाएं कैसे जाहिर करेंगे?' हर सुबह, वे हमारे साथ बैठते थे और हमें सीन समझाते थे। मुझे यह बात बहुत खास लगी।



हॉलीवुड मसाला



## द ओडिसी के प्रीमियर से पहले लिया ब्रेक

**मुंबई।** हॉलीवुड के बेहतरीन अभिनेता टॉम हॉलैंड की फिल्म 'द ओडिसी' जल्द ही भारत में रिलीज होने वाली है। इसके प्रीमियर के लिए अभिनेता टॉम हॉलैंड, मैट डेमन और निर्देशक क्रिस्टोफर नोलन भारत आए हैं। ये सभी लोग फिल्म के प्रीमियर के लिए जा रहे थे। इससे पहले एक होटल में चाय के लिए रुके। सोशल मीडिया पर उनका यह वीडियो वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि टॉम हॉलैंड, मैट डेमन और क्रिस्टोफर नोलन अपनी गाड़ी से उतरे और एक कॉफी हाउस में पहुंचे। होटल के कर्मचारियों ने उन्हें चाय परोसी और इसके साथ बन भी दिया।




## फिर साथ रहने लगे विल और पत्नी जेडा?

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्टर विल स्मिथ और पत्नी जेडा पिंकेट की शादी को लगभग 29 साल हो चुके हैं। 57 वर्षीय विल स्मिथ और 54 वर्षीय जेडा की शादी 1997 में हुई थी। 2023 में जेडा स्मिथ ने खुलासा किया कि वह और विल स्मिथ 2016 से अलग रह रहे थे। हालांकि उन्होंने कभी तलाक के लिए अर्जी नहीं दी। विल स्मिथ और उनकी पत्नी जेडा पिंकेट पिछले दो साल से फिर से एक ही घर में रह रहे हैं। जबकि पहले वे अलग-अलग घरों में रहते थे। एक सूत्र ने पीपल्स मैगजीन को बताया कि जेडा पिंकेट और विल स्मिथ साथ रहकर खुशहाल जिंदगी जी रहे हैं। वह खुश हैं, एक-दूसरे से प्यार करते हैं।' बीते दिनों भी इस कपल को पेरिस फैशन वीक के दौरान साथ देखा गया। वह अपने बेटे जेडन स्मिथ को सपोर्ट करने पहुंचे थे।



## बेटी को ट्रोल करने वालों पर आगबबूला

**मुंबई।** अभिनेत्री और पॉलिटिशियन खुशबू सुंदर ने अपनी बेटियों, अवंतिका और आनंदिता का बचाव करते हुए ट्रोल्स को करारा जवाब दिया है। हाल ही में, बेटी की शादी के बाद लुक को लेकर खुशबू की बेटी को ऑनलाइन ट्रोल किया गया था। खुशबू सुंदर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट साझा करके इसकी आलोचना की है और साफ कहा है कि परिवार पर निशाना साधने पर वे चुप नहीं रहेंगी। खुशबू सुंदर ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट शेयर करते हुए उन्होंने चेतावनी दी कि उनकी चुप्पी को कभी भी सहमति नहीं समझा जाना चाहिए। ट्रोल करने वालों को जवाब देते हुए उन्होंने अपने परिवार के सफर का जिक्र किया और कहा कि यह वर्षों की कड़ी मेहनत, त्याग और लगन से बना है।



## आंख पर बैठी मक्खी भी नहीं हटाई...

**नई दिल्ली।** सनी देओल और अक्षय खन्ना अभिनीत फिल्म 'इक्का' में तिलोत्तमा शोम ने पहली बार वकील की भूमिका निभाई है। एक बातचीत में उन्होंने शूटिंग के दौरान का एक ऐसा किस्सा साझा किया। तिलोत्तमा कहती हैं, 'यह घटना शायद मैं कभी नहीं भूल पाऊंगी। हम एक सीन की शूटिंग कर रहे थे। पहले सनी सर का हिस्सा शूट हुआ। फिर कैमरा मेरी तरफ आ गया। सनी सर बिल्कुल मेरे सामने खड़े थे और मैं अपना लंबा संवाद बोल रही थी। इसी दौरान कई मक्खियां उनके चेहरे के आसपास मंडराने लगीं। फिर एक मक्खी उनकी आंख के बिल्कुल किनारे जाकर बैठ गई। मैं मन ही मन सोच रही थी कि अब तो शूटिंग जरूर रोक दी जाएगी, क्योंकि ऐसी स्थिति किसी के लिए भी असहज हो सकती है। लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

टीवी मसाला



## जोक्स जिन्हें सुनाने के बाद स्टेज के पीछे जाकर रोते हैं कॉमेडियन

**नई दिल्ली।** लंबे वक्त से कॉमेडी किंग कपिल शर्मा के शो से जुड़े आर्टिस्ट राजीव ठाकुर का शुरुआती दौर काफी मुश्किल रहा है। राजीव खुद एक इंटरव्यू में यह बता चुके हैं कि उनका बचपन बहुत गरीबी में बीता था और उन दिनों ने उनके जीवन पर बहुत प्रभाव डाला। राजीव ने बताया कि वह कई बार अपने उन दिनों के अनुभवों को अपने जोक्स में डालने की कोशिश करते हैं, लेकिन फिर वह खुद ही भावुक हो जाते हैं। भले ही वह उन तजुर्बों की मदद से लोगों को हंसा देते हैं, लेकिन फिर वह खुद ही भावुक हो जाते हैं, और पर्दे के पीछे जाकर रोते हैं। एक बातचीत में राजीव ने बताया कि उन्हें अपने बचपन के बारे में याद करके बहुत तकलीफ होती है। राजीव ने कहा, 'मेरी जर्नी उन हालातों में शुरू हुई थी, जिन्हें मैं याद भी नहीं करना चाहता हूं। अगर मैं आज लोगों को इसके बारे में बताऊं, तो यह आपको किसी काल्पनिक कहानी जैसा लग सकता है। क्योंकि कोई ऐसा नहीं है जो इसकी पुष्टि कर सके।' राजीव ने बताया कि क्यों वह अक्सर अपने बचपन और करियर के शुरुआती दिनों को अपनी कॉमेडी में उतारने से बचते हैं। राजीव ठाकुर ने कहा, 'लोग मुझसे अक्सर कहते हैं कि आपको अपने दर्द को स्टैंडअप कॉमेडी में बदल देना चाहिए। मैं कभी-कभी ऐसा करता भी हूं, लेकिन उन जोक्स को सुनाते वक्त मेरा दर्द इतना रियल होता है कि मैं स्टेज के पीछे जाकर रोने लगता हूं। यही वजह है कि मैं अपनी जिंदगी के उस दौर के बारे में बहुत कम बात करता हूं।'

### 'कोई दूध का धुला नहीं होगा'

**नई दिल्ली।** अभिनेता गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा रियलिटी शो 'लॉक अप- सच या सजा' से बाहर हो गई हैं। बीते दिन शनिवार को 'जजमेंट डे' एपिसोड में गोविंदा और उनकी बेटी टीना आहूजा उन्हें शो से बाहर ले जाने के लिए आए थे। शो के दौरान, सुनीता ने कई बार शादी में धोखा देने का जिक्र किया था। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि गोविंदा के कई वर्षों तक कई अफेयर रहे हैं। इसके बावजूद, उन्होंने कहा कि वह कभी भी उन्हें छोड़कर नहीं जाएंगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि तमाम मुश्किलों के बावजूद शादी में उनका भरोसा और प्यार अटूट बना हुआ है। सुनीता आहूजा ने 'लॉक अप 2' से निकलने के बाद बातचीत में शादी में धोखे के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने कहा, 'भरोसा बहुत बड़ी चीज है। मुझे नहीं लगता कि फिल्म इंडस्ट्री का कोई भी हीरो दूध का धुला होगा। हमसे ज्यादा तो वो लोग हीरोइनों के साथ टाइम बिताते हैं। तो ये आपके प्यार पर निर्भर करता है कि आप कैसे लेते हो'।



## किशोर कुमार ने मांगी थी मोटी फीस तो बेटे से गंवाया 'पर्दा है पर्दा' गाना...

**नई दिल्ली।** 1977 में मनमोहन देसाई की चार बड़ी फिल्में रिलीज हुई थीं। उनमें से एक थी 'अमर अकबर एंथनी'। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन, विनोद खन्ना और ऋषि कपूर लीड रोल में थे। फिल्म की कहानी तीन ऐसे भाइयों की होती है जिन्हें उनका पिता एक पार्क में छोड़ आता है। बाद में तीनों भाइयों का अलग धर्मों में पालन पोषण होता है। इस फिल्म की कहानी को ऑडियंस ने खूब पसंद किया था। लेकिन, इसके गानों की अपनी एक अलग जगह रही। इस फिल्म ने उस साल के सबसे बेहतरीन गाने दिए। भक्ति गीत हो या कव्वाली, इस फिल्म का अहम हिस्सा रहे।

### अमर अकबर एंथनी का म्यूजिक

फिल्म अमर अकबर एंथनी का म्यूजिक उस समय की सबसे हिट जोड़ी लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल की जोड़ी ने तैयार किया था। फिल्म में कुल कुल 7 गाने थे। शिरड़ी वाले साई बाबा, तैय्यब अली प्यार के दुश्मन हाय हाय, टाइटल सॉन्ग अमर अकबर एंथनी, हमको तुमसे हो गया है प्यार क्या करें जैसे गाने शामिल थे। लेकिन, जिस गाने को सबसे ज्यादा पॉपुलैरिटी मिली वो था ऋषि कपूर पर फिल्माया 'पर्दा है पर्दा' था। फिल्म के इस कव्वाली गाने को मोहम्मद रफी ने अपनी आवाज से सजाया था और इसके गीत लिखे थे आनंद बक्शी ने। ये गाना उस साल का नंबर 2 पर था जिसे दुनियाभर में खूब सुना गया। गाने में ऋषि कपूर की एक्टिंग और एक्सप्रेशन आज भी हिट है। लेकिन, कम ही लोग जानते हैं कि इस गाने की एक लाइन गाने के लिए पहले किशोर कुमार से बात की गई थी। लेकिन, वो सिर्फ एक लाइन के लिए इस गाने का हिस्सा नहीं बनना चाहते थे।



### आज भी पसंद किया जाता है यह गाना

किशोर कुमार ने फिल्म के गाने 'पर्दा है पर्दा' में एक लाइन गाने के लिए मोटी फीस की मांग कर दी। ऐसे में म्यूजिक डायरेक्टर की जोड़ी निराश हो गई। बाद में ये लाइन किशोर कुमार के बेटे अमित कुमार ने कम पैसों में गाकर पूरी की। ये गाना आज भी उतना ही पसंद किया जाता था जितना करीब 39 साल पहले था।

### अमिताभ ने जीता था पहला बेस्ट एक्टर अवॉर्ड

फिल्म अमर अकबर एंथनी की कहानी डायरेक्टर मनमोहन देसाई ने एक न्यूज पेपर में पढ़ी थी। खबर में था कि एक पिता तंगहाली से परेशान हो कर अपने बच्चों को पार में छोड़ गया। इस पर उनकी पत्नी और लेखक ने फिल्म की स्क्रिप्ट लिख डाली। फिल्म 1975 में लगी इमरजेंसी की वजह से करीब दो साल बाद 1977 में रिलीज हुई। उस साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनी। इसी फिल्म के लिए अमिताभ बच्चन ने अपना पहला बेस्ट एक्टर फिल्मफेयर अवॉर्ड जीता था।

## सैन डिएगो कॉमिक-कॉन में दिखाया जाएगा रामायण का फर्स्ट लुक...

**नई दिल्ली।** नितेश तिवारी की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'रामायण' का फर्स्ट लुक सैन डिएगो कॉमिक कॉन में दिखाया जाएगा। 23 जुलाई को वहां फर्स्ट लुक रिवील होगा। सैन डिएगो कॉमिक-कॉन दुनिया का सबसे बड़ा वार्षिक पॉप-संस्कृति और कॉमिक बुक सम्मेलन है। इसकी शुरुआत 1970 से हुई थी। 23 जुलाई से 26 जुलाई 2026 तक इसका आयोजन होगा। पहले दिन ही यहां 'रामायण' की पहली झलक देखने को मिलेगी। फिल्म के प्रोड्यूसर नमित मल्होत्रा, डायरेक्टर नितेश तिवारी के अलावा मुख्य सितारे रणबीर कपूर और यश फर्स्ट लुक पेश करेंगे। यह खबर ऐसे समय में आई है, जब कुछ दिन पहले ही ऐसी खबरें आई थीं कि मेकर्स 18 जुलाई को नई दिल्ली में फिल्म का जबर्दस्त ट्रेलर लॉन्च करने की योजना बना रहे हैं। फिल्म 'रामायण' मेगा बजट फिल्म है, जिसे करीब 4000 करोड़ रुपये की लागत के साथ बनाया जा रहा है। रणबीर कपूर इसमें भगवान राम की भूमिका अदा कर रहे हैं, वहीं साई पल्लवी को माता सीता के रोल में देखा जाएगा। यश रावण का किरदार निभाते दिखेंगे। वहीं, सनी देओल प्रभु हनुमान की भूमिका में होंगे। इस फिल्म में रकुल प्रीत सिंह, कुणाल कपूर, लारा दत्ता, अरुण गोविल और शीबा चड्ढा जैसे सितारे भी हैं। फिल्म दो हिस्सों में रिलीज होगी। पहला हिस्सा इस साल दिवाली पर आएगा और दूसरा हिस्सा अगले साल दिवाली पर दस्तक देगा।



एक प्रेम कहानी नहीं, बल्कि मानवीय कमजोरियों और बदलते सामाजिक मूल्यों का ऐसा जीवंत आईना है

# 9 भाषाएं, 24 फिल्में, सिनेमा में 98 साल पुराना और गहरा है देवदास का इतिहास

*मुंबई। स्व. शरत चंद्र चट्टोपाध्याय का कालजयी उपन्यास देवदास एक शताब्दी से भारतीय सिनेमा की धड़कन बना हुआ है। संदीप भूतोड़िया के अनुसार यह सिर्फ एक प्रेम कहानी नहीं, बल्कि मानवीय कमजोरियों और बदलते सामाजिक मूल्यों का ऐसा जीवंत आईना है जो हर पीढ़ी को अपना सा लगता है।*

### सिनेमा में साहित्य

भारतीय साहित्य की बहुत कम कृतियों को सिनेमा की दुनिया में ऐसा जादुई और असाधारण जीवन मिला है, जैसा शरत चंद्र चट्टोपाध्याय के कालजयी उपन्यास देवदास को मिला। वर्ष 1917 में प्रकाशित यह लघु उपन्यास एक युवा जमींदार के बेटे देवदास की कहानी कहता है। देवदास का अपने बचपन के प्यार पार्वती (पारो) के साथ रिश्ता पारिवारिक घमंड और कठोर सामाजिक रूढ़ियों की भेंट चढ़ जाता है।

### देवदास की कहानी

अपनी दुविधा और भावनात्मक कमजोरी के कारण देवदास पारो को एक अधिक अमीर परिवार में ब्याहे जाते हुए देखता है। इसके बाद शराब की लत में डूबकर वह तवायफ चंद्रमुखी के संपर्क में आता है, जिसकी सच्ची सहानुभूति देवदास की जीवन से भागने की लाचारी से बिल्कुल अलग दिखती है। यह कहानी भारतीय साहित्य के सबसे दर्दनाक मोड़ पर खत्म होती है, जहां देवदास आखिरी बार पारो से मिले बिना उसके घर के बाहर दम तोड़ देता है।



### हिंदी में सहगल को किया कास्ट

इसकी भारी सफलता के बाद उन्होंने अगले ही वर्ष इसे हिंदी में बनाया और के.एल. सहगल को कास्ट किया। सहगल के अभिनय और अमर गानों ने पूरे भारत में देवदास को अमर कर दिया। बरुआ ने बाद में इसका असमिया संस्करण भी बनाया, जिससे यह भारतीय सिनेमा के शुरुआती बहुभाषी प्रोजेक्ट्स में से एक बना। बरुआ ने अकेले ट्रेन का सफर और बंद दरवाजों के बाहर मौत जैसे दृश्यों से एक ऐसा विजुअल ढांचा तैयार किया, जिसे बाद के निर्देशक हमेशा दोहराते रहे।

### 24 फिल्में अब तक बनी हैं देवदास उपन्यास पर

9 से ज्यादा भारतीय भाषाओं में पर्दे पर उतरी है देवदास की कहानी। यह हैं हिंदी, बंगाली, तेलुगु, तमिल,मलयालम, असमिया, भोजपुरी, ओड़िया और उर्दू। अकेले निर्देशक पी.सी. बरुआ ने ही 3 अलग भाषाओं (बंगाली, हिंदी, असमिया) में इस पर तीन फिल्में बनाईं। 3 अन्य देशों (पाकिस्तान, बांग्लादेश और सिंगापुर) में भी देवदास पर फिल्में बनी हैं।

### दुनिया के सामने भव्य प्रदर्शन

वर्ष 2002 में संजय लीला भंसाली की देवदास के साथ इस कहानी में एक बहुत बड़ा और नाटकीय बदलाव देखने को मिला। शाहरुख खान, ऐश्वर्या राय और माधुरी दीक्षित के अभिनय से सजी इस फिल्म ने यथार्थवाद को पूरी तरह छोड़कर एक भव्य और ओपेरा जैसी नाटक शैली को अपनाया। आलीशान सेट, चमचमाते महंगे कपड़े और गानों के भव्य दृश्यों ने शरत चंद्र की इस भावुक और शांत त्रासदी को एक विशाल सिनेमाई उत्सव में बदल दिया। कान फिल्म फेस्टिवल में प्रीमियर के बाद इस फिल्म को वैश्विक पहचान मिली और दुनिया भर के दर्शकों ने देवदास को जाना। जहां पुरानी शैली के आलोचक इसके भारी तड़क-भड़क पर सवाल उठा रहे थे, वहीं भंसाली ने यह साबित कर दिया कि कहानी की मूल आत्मा को खोए बिना इसे नए युग की भव्यता के साथ पेश किया जा सकता है।


फाइल फोटो।

# हमीदिया अस्पताल: शुरू हुई स्कैन एंड शेयर की सुविधा, कियोस्क पर नाम और पता बताने पर पांच मिनट के बाद मिल जाएगा टोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हमीदिया अस्पताल में आने वाले मरीजों को सोमवार से नई व्यवस्था मिली। ओपीडी में आए तो उन्हें रजिस्ट्रेशन के लिए पर्चा बनवाने के लिए लंबी लाइन में नहीं लगना पड़ा।

एक कर्मचारी ने ओपीडी काउंटर पर लगे कियोस्क पर उनका नाम पता और अन्य जानकारी भरकर उन्हें टोकन देकर आराम से बैठने को कहा। करीब पांच मिनट बाद मरीज को टोकन नंबर से बुलाकर उससे सिर्फ बीमारी की जानकारी ली और पर्चा बनाकर दे दिया। दरअसल सोमवार से हमीदिया अस्पताल में स्कैन एंड शेयर सुविधा की शुरूआत की जा रही है। इसके तहत ओपीडी रजिस्ट्रेशन के लिए अब घंटों लाइन में लगने की जरूरत नहीं होगी। अब मरीज बैंकों की तर्ज पर मोबाइल या कियोस्क के माध्यम से टोकन नंबर दिया जाएगा। जब मरीज का नंबर आएगा तक ऑनलाइन पर्चा अपने आप जनरेट हो जाएगा। इस क्यूलैस सुविधा से मरीजों को रजिस्ट्रेशन के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा।

## यह मिलेगा मरीजों को फायदा

- घंटों लाइन में खड़ा होने की बाध्यता खत्म
- मरीजों को टेस्ट रिपोर्ट भी मोबाइल पर ही मिलेगी
- सारा डेटा ऑनलाइन होगा, इससे मरीजों को कागजात संभालने की झंझट खत्म होगी
- ओपीडी काउंटर पर मरीज सिर्फ मर्ज बताएगा और उसका पर्चा तैयार हो जाएगा।

### मिलेगी टोकन सुविधा

मरीजों की सुविधा के लिए डिजिटल हेल्थ मिशन के तहत स्कैन एंड शेयर की सुविधा शुरू की जा रही है। अब मरीजों को बैंकों की तर्ज पर टोकन जारी किए जाएंगे। इससे मरीजों को घंटो लाइन में खड़े होने की परेशानी से निजात मिलेगी।

डॉ. सुनीत टंडन, अधीक्षक, हमीदिया अस्पताल

## सिस्टम कैसे करेगा काम

हमीदिया में केंद्र सरकार के डिजिटल हेल्थ मिशन की शुरूआत की गई है। इसके तहत अस्पताल को आभा आईडी से जोड़ा गया है। इसके तहत रजिस्ट्रेशन एरिया में क्यूआर कोड और कियोस्क लगाए गए हैं। मरीज मोबाइल से क्यूआर कोड स्कैन कर आभा आईडी जनरेट कर लेंगे। इसमें मरीज अपना नाम, उम्र, पता, मोबाइल नंबर और अन्य जानकारी भरेगा।

## मुख्यमंत्री ने स्कूली छात्राओं को वितरित कीं महापुरुषों के जीवन पर आधारित पुस्तकें एवं कॉपियां

# स्कूली शिक्षा में ड्रॉप-आउट दर शून्य, सांदीपनि विद्यालय मॉडल की देश में हो रही है सराहना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि शिक्षा ही समाज में परिवर्तन लाने का सबसे बड़ा और सशक्त माध्यम है। हमारी सरकार बच्चों को विश्व स्तरीय शिक्षा प्रदान करने के लिए संकल्पित हैं। हमारे बच्चे खूब पढ़ें, लिखें, जीवन में आगे बढ़ें, इसके लिए हम राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप बच्चों को आधुनिक तरीके से गुणवत्तापूर्ण, रोजगारोन्मुख और संस्कारयुक्त शिक्षा दिलाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शनिवार को इन्दौर में हिन्द रक्षक पुण्योदय प्रकल्प के कार्यक्रम में शामिल होकर स्कूली छात्राओं को राष्ट्र के महापुरुषों के जीवन चरित्र पर केन्द्रित निःशुल्क पुस्तकें एवं कॉपियां वितरित कीं। मुख्यमंत्री ने स्कूली छात्राओं से संवाद कर उन्हें तरक्की करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि हमारे सांदीपनि विद्यालय, पीएमश्री स्कूल और प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के रूप में प्रदेश में शिक्षा की त्रिवेणी बन रही है। मप्र ने प्राथमिक स्कूली शिक्षा स्तर पर ड्रॉप-आउट दर को शून्य करने की ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर ली है। हमारे सांदीपनि विद्यालय मॉडल की पूरे देश में सराहना हो रही है।

### प्रदेश के सभी विद्यार्थी खूब पढ़ें, लिखें और आगे बढ़ें, हम संस्कारयुक्त शिक्षा दिलाने के लिए कर रहे हैं लगातार प्रयास

**खास बातें**

- राष्ट्र के महापुरुषों के जीवन चरित्र पर केंद्रित निःशुल्क पुस्तकें वितरित कीं
- सांदीपनी, पीएमश्री प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के रूप में बना रहीं शिक्षा की त्रिवेणी


छात्राओं को हौसलाअफजाई करते सीएम।

### मुख्यमंत्री ने कहा, सरकारी विद्यालयों ने शानदार प्रदर्शन किया है

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस वर्ष बोर्ड परीक्षाओं में हमारे सरकारी विद्यालयों ने शानदार प्रदर्शन किया है। सरकारी विद्यालयों का रिजल्ट प्राइवेट विद्यालयों से बेहतर रहा। उन्होंने कहा कि इस वर्ष बोर्ड के परीक्षा परिणामों में सांदीपनी विद्यालयों के 58 विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय मेरिट लिस्ट में जगह बनाई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजनीति से ज्यादा राष्ट्रहित सर्वोपरि एवं राष्ट्र प्रथम की नीति को केंद्र में रखते हुए समाज सुधार और लोगों को प्रेरित करने वाले अनेक कार्य हो रहे हैं। हिंद रक्षक संगठन के संस्थापक स्व. लक्ष्मण सिंह गौड़ (लखन दादा) युवा शक्ति के प्रेरणा स्त्रोत थे। उन्होंने समाज की बेहतरी के लिए तत्कालीन सरकार के कुशासन के खिलाफ आवाज उठाई। मुझे भी उनका सहयोगी बनने का सौभाग्य मिला। हिंद रक्षक प्रकल्प का यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है।



### सुदामा की मित्रता से आज भी मिलती है समाज को प्रेरणा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता से आज भी समाज को प्रेरणा मिलती है। हमारे युवा इससे प्रेरणा लें और गरीब-जरूरतमंदों मित्रों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहें। सरकार ने गुरु पूर्णिमा महोत्सव को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया है। बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए प्रदेश में भव्य सांदीपनि विद्यालय बनाए गए हैं। राज्य सरकार के प्रयासों से स्कूली शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार नजर आ रहा है। शासकीय स्कूलों में छात्र-छात्राओं की ड्रॉप आउट दर शून्य हो चुकी है। अब प्रदेश का कोई भी बेटा-बेटी शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा। कार्यक्रम में संयोजक एकलव्य गौड, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, पूर्व मंत्री एवं विधायक ऊषा सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्कूली विद्यार्थी उपस्थित थे।

### आज भिंड में होगा आयोजन

## लाड़ली बहनों को मिलेगी 38वीं किस्त की सौगात

- 322 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का होगा लोकार्पण और भूमिपूजन
- 1 करोड़ 25 लाख 15 हजार से अधिक बहनों के खातों में आएगी राशि

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज रविवार को जिला भिंड के लहार में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम में 'मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना" के तहत प्रदेश की लगभग 1 करोड़ 25 लाख 15 हजार से अधिक बहनों के खातों में सिंगल क्लिक से 1835 करोड़ रुपए से अधिक की राशि का सीधा अंतरण करेंगे।

मप्र सरकार की इस अत्यंत लोकप्रिय योजना के अंतर्गत लाभार्थी महिलाओं को योजना की शुरुआत से अब तक की 38 वीं नियमित मासिक किश्त का भुगतान किया जाएगा। राज्य सरकार की ओर से नवंबर 2025 से इस मासिक आर्थिक सहायता राशि में 250 रुपए की बढ़ोतरी किए जाने के बाद से सभी पात्र हितग्राही महिलाओं को प्रति माह 1,500 रुपए की निरंतर वित्तीय सहायता मिल रही है। योजना की शुरुआत यानी जून 2023 से लेकर जून 2026 तक सरकार की ओर से कुल 37 किश्तों का नियमित अंतरण सफलता पूर्वक किया जा चुका है। मुख्यमंत्री इस दौरान 238.96 करोड़ रुपए की लागत से पूर्ण हो चुके 40 विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे। वे क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए 83.33 करोड़ की लागत वाली 16 नई लोक-कल्याणकारी परियोजनाओं का भूमि-पूजन और शिलान्यास भी किया जाएगा।

### नगरीय निकायों की होगी अहम भूमिका

## छत्तीसगढ़ में सीबीजी 2026 लागू, प्रदेश को मिलेगा लाभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने और किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से विष्णु देव साय सरकार ने प्रदेश में छत्तीसगढ़ कम्प्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) नीति 2026 लागू कर दी है। पिछली कैबिनेट ने सीबीजी नीति को हरी झंडी दी थी। इसके बाद इस नीति को लागू किया गया है। इस नीति में नगरीय निकायों की अहम भूमिका होगी। नई नीति के तहत गोबर, कृषि अवशेष, पराली और अन्य जैविक कचरे से कम्प्रेस्ड बायोगैस का उत्पादन किया जाएगा। इससे एक ओर पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा, तो दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और निवेश के नए अवसर भी बढ़ेंगे। वहीं निवेशकों को नई औद्योगिक नीति के तहत छूट जारी की जाएगी।

### विभिन्न विभागों से समन्वय स्थापित करने पर फोकस

राज्य सरकार का लक्ष्य राज्य में बायोगैस आधारित उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण बनाए रखना है। नीति के तहत निवेशकों को प्रोत्साहन, आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता और विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित करना है। इसके लिए सिंगल विंडो व्यवस्था और आवश्यक नियमों में सुधार किया गया है। इस नीति में केवल गैस उत्पादन ही नहीं बल्कि उसके लिए बाजार तैयार करने पर भी फोकस किया गया है। परिवहन क्षेत्र को सीबीजी की खपत का प्रमुख माध्यम बनाने की रणनीति बनाई गई है। घरेलू स्तर पर उत्पादित सीबीजी के लिए मांग पैदा करने के उद्देश्य से सार्वजनिक परिवहन बसों, निजी वाहनों और नगरीय निकायों के वाहनों को जीएनजी में बदलने के लिए आवश्यक सहायता और सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

### मंडी शुल्क से राहत का प्रावधान

इसके अलावा नीति की वैधता अवधि के दौरान शैक्षणिक संस्थानों तथा शहरों में संचालित निजी परिवहन ऑपरेटरों को सीएनजी आधारित वाहनों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इस नीति की खास बात यह है कि फीडस्टॉक (कृषि अवशेष एवं जैविक सामग्री) पर मंडी शुल्क से राहत का प्रावधान बनाया गया है। इससे बायोगैस संयंत्रों की लागत कम होगी और किसानों से सीधे सामग्री खरीदने की प्रक्रिया आसान बनेगी। इसका लाभ किसानों को बेहतर मूल्य और निवेशकों को कम परिचालन लागत के रूप में मिलेगा। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर बढ़ेंगे। आम लोगों को पराली जलाने और जैविक कचरे से होने वाले प्रदूषण में कमी मिलेगी स्वच्छ ईंधन की उपलब्धता बढ़ेगी।

### आत्मसमर्पित नक्सलियों की निशानदेही पर कार्रवाई, दीं कई महत्वपूर्ण जानकारियां

## नक्सलियों का छिपाया सोना, नकदी और घातक हथियार बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा

जिले के बारसूर थाना क्षेत्र के तोड़मा जंगल में नक्सलियों द्वारा छिपाए गए नकदी, सोना और अन्य सामान बरामद किए गए हैं। पुलिस ने बताया कि आत्मसमर्पित नक्सलियों की निशानदेही पर यह कार्रवाई हुई है। समर्पित नक्सलियों ने स्वीकार किया कि वे खोखली विचारधारा से त्रस्त थे।

दंतेवाड़ा पुलिस अधीक्षक ने जानकारी दी कि हाल ही में मुख्यधारा में शामिल हुए नक्सलियों ने महत्वपूर्ण सूचनाएं दीं। इन सूचनाओं के आधार पर तोड़मा गांव के घने जंगलों में सर्च अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखे गए हथियारों और विस्फोटकों के कई डंप मिले। नक्सलियों ने जवानों को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से ये सामग्री जमीन के नीचे छिपा रखी थी।

### भारी मात्रा में पुलिस ने सामग्रियां की जब्त




सर्च टीमों ने अलग-अलग अभियानों में भारी मात्रा में सामग्री जब्त की है। इसमें 116 ग्राम सोने का बिस्किट शामिल है, जिसकी कीमत 16 लाख रुपये है। इसके अलावा, 2 लाख रुपये नकद भी बरामद हुए, जिससे कुल 18 लाख रुपये की जब्ती हुई। जब्त हथियारों में 1 इंसास राइफल, 16 इंसास मैगजीन, 4 एके-47 मैगजीन, 68 एके-47 राउंड, 23 एसएलआर मैगजीन और 34 एसएलआर राउंड शामिल हैं। 5 बारह बोर बंदूकें और 7 बारह बोर राउंड भी मिले हैं। इसके अतिरिक्त, 3 बीजीएल लांचर, 1 बीजीएल सेल, 2 कार्बाइन मैगजीन, 8 तीन सौ तीन राउंड, 45 तीन सौ तीन चार्जर और 6 आठ एमएम राउंड भी बरामद हुए। 10 भरमार बंदूकें, 1 रिवॉल्वर और 1 एयरगन भी जब्त की गई है। बमों में 6 टिफिन बम, 4 पाइप बम, 122 तीर बम, 1 पैरा बम, 2 देसी हैंड ग्रेनेड और 2 देसी मोर्टार शामिल हैं। विस्फोटक सामग्री में 1 स्टील डब्बे में जिलेटिन, 20 डेटोनेटर, 1 बंडल कोडेक्स वायर और 14 कुकर मिले हैं। वर्दी कपड़े, दवाइयां, पर्चे-पाम्पलेट और अन्य दैनिक उपयोगी सामग्री भी बरामद की गई है।

## भारत की गोडावन बनी 2026 की स्पिरिट ऑफ द ईयर विजेता

**नई दिल्ली।** राजस्थान स्थित गोडावन डिस्टिलरीज की गोडावन आर्टिजनल सिंगल माल्ट व्हिस्की ने अमेरिका के शिकागो में आयोजित बारटेंडर स्पिरिट्स अवॉर्ड्स 2026 में दो प्रतिष्ठित सम्मान अपने नाम किए हैं। गोडावन 02 फ्रूट एंड स्पाइस को 'स्पिरिट ऑफ द ईयर – इंडिया' और 'इंडियन सिंगल माल्ट व्हिस्की ऑफ द ईयर' का खिताब मिला है। इन उपलब्धियों के साथ ब्रांड के इंटरनेशनल अवाड्र्स की कुल संख्या 125 से अधिक हो गई है।स्पिरिट ऑफ द ईयर – इंडिया अवार्ड, सभी कैटेगरीज में भारतीय स्पिरिट्स में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली स्पिरिट को दिया जाता है। यह प्रतियोगिता का सबसे प्रतिष्ठित सम्मान है, जो समग्र प्रदर्शन के आधार पर सर्वोच्च रैंक हासिल करने वाली भारतीय स्पिरिट को प्रदान किया जाता है।इन दोनों अवाड्र्स के अलावा, गोडावन 02 फ्रूट एंड स्पाइस को डबल गोल्ड मेडल भी मिला, जबकि गोडावन 01 रिच एंड राउंडेड को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। ये अवाड्र्स गोडावन की व्हिस्की की क्वालिटी और कंसिस्टेंसी की पुष्टि करते हैं।बारटेंडर स्पिरिट्स अवॉर्ड्स का आयोजन बेवरेज ट्रेड नेटवर्क द्वारा किया जाता है। यह दुनिया की चुनिंदा प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं में से एक है, जिसमें जजिंग उन विशेषज्ञों द्वारा की जाती है जो प्रतिदिन स्पिरिट्स के साथ काम करते हैं, जैसे बारटेंडर, बार मैनेजर और हॉस्पिटैलिटी प्रोफेशनल्स। इस प्रतियोगिता में स्पिरिट्स का ब्लाइंड टेस्ट किया जाता है, जिसमें उनकी क्वालिटी, एरोमा, फ्लेवर, बैलेंस और समग्र विशेषताओं का निष्पक्ष मूल्यांकन किया जाता है। इसके अलावा, पैकेजिंग और वैल्यू फॉर मनी के आधार पर भी उसका आकलन किया जाता है। इस उपलब्धि पर प्रतिक्रिया देते हुए डियाजियो इंडिया के चीफ इनोवेशन ऑफिसर विक्रम दामोदरन ने कहा , ₹हमारा हमेशा से मानना रहा है कि किसी भी व्हिस्की की असली पहचान उसकी गुणवत्ता और स्वाद से होती है। शुरुआत से ही हमारा लक्ष्य ऐसी बेहतरीन सिंगल माल्ट तैयार करना था, जो दुनिया की श्रेष्ठ व्हिस्कियों के साथ मजबूती से अपनी जगह बना सके। दुनिया की कुछ बेहतरीन स्पिरिट्स के साथ प्रतिदिन काम करने वाले बारटेंडर्स और स्पिरिट्स विशेषज्ञों द्वारा हमें 'स्पिरिट ऑफ द ईयर – इंडिया' और 'इंडियन सिंगल माल्ट व्हिस्की ऑफ द ईयर' जैसे सम्मान मिलना न केवल हमारी व्हिस्की की उत्कृष्टता का प्रमाण है, बल्कि उस विशिष्ट पहचान की भी मजबूत पुष्टि है, जिसे हमने वर्षों की मेहनत से तैयार किया है।₹राजस्थान में तैयार की जाने वाली गोडावन सिंगल माल्ट व्हिस्की अपनी विशिष्ट पहचान दुनिया की सबसे चुनौतीपूर्ण व्हिस्की-मेकिंग क्लाइमेट्स में से एक से प्राप्त करती है।

## टोकनयुक्त शेयर क्यों हैं क्रिप्टो की नई कहानी, भारत क्या करे

**नई दिल्ली।** दुनिया भर में शेयर खरीदने और बेचने का तरीका बदल रहा है। इस बदलाव की अगुवाई अब पारंपरिक शेयर बाजार नहीं, बल्कि क्रिप्टो मंच कर रहे हैं। पिछले एक वर्ष में रॉबिनहुड, क्रैकेन और बायबिट जैसे मंचों ने अमेरिका के बाहर के निवेशकों के लिए टोकनयुक्त अमेरिकी शेयर उपलब्ध कराने शुरू किए हैं। टोकनयुक्त शेयर किसी सूचीबद्ध कंपनी के वास्तविक शेयर का डिजिटल स्वरूप होता है, जिसे ब्लॉकचेन पर एक टोकन के रूप में जारी किया जाता है। इसकी कीमत एप्पल, टेस्ला जैसी कंपनियों के वास्तविक शेयरों के बराबर होती है। प्रत्येक टोकन के बदले वास्तविक शेयर एक अधिकृत संरक्षक संस्था के पास सुरक्षित रखा जाता है। टोकन रखने वाले निवेशक को लाभांश सहित वही अधिकार मिलते हैं, जो सीधे शेयर रखने वाले निवेशक को प्राप्त होते हैं। फर्क केवल इतना है कि इनका संचालन पारंपरिक बैंकों की बंद प्रणालियों के बजाय सोलाना, एथेरियम और आर्बिट्रम जैसे खुले ब्लॉकचेन नेटवर्क पर होता है। यही एक फैसला इस पूरे मॉडल को कारगर बनाता है। खुले ब्लॉकचेन मौजूदा शेयर बाजार की कई सीमाओं को समाप्त कर देते हैं। अब बाजार केवल एक्सचेंज के निर्धारित समय तक सीमित नहीं रहते और लेनदेन के निपटान के लिए अगले कारोबारी दिन तक प्रतीक्षा करने की आवश्यकता भी नहीं होती।

## डॉ. एस. सी. देब होमियो रिसर्च लेबोरेटरी का 2030-31 तक 100 करोड़ रुपये राजस्व लक्ष्य

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कोलकाता स्थित डॉ. एस. सी. देब होमियो रिसर्च लेबोरेटरी प्राइवेट लिमिटेड ने उत्पाद पोर्टफोलियो के विस्तार, उत्पादन क्षमता में वृद्धि, निर्यात कारोबार को मजबूत करने तथा नए भौगोलिक बाजारों में प्रवेश के माध्यम से वित्त वर्ष 2030-31 तक 100 करोड़ रुपये का वार्षिक राजस्व हासिल करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है।कंपनी की स्थापना के 26 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित समारोह का उद्घाटन गोवा के पूर्व राज्यपाल पी. एस. श्रीधरन पिल्लई ने किया। इस अवसर पर कंपनी के प्रबंध निदेशक चंचल चंद्र देब ने संवाददाताओं को बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी का कुल कारोबार 27 करोड़ रुपये रहा, जिसमें लगभग 5 करोड़ रुपये का योगदान बांग्लादेश, नेपाल और भूटान को किए गए निर्यात से प्राप्त हुआ। देब ने कहा कि कंपनी घरेलू बाजार में अपनी मौजूदगी को और मजबूत करने के साथ-साथ नए अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी विस्तार करेगी। उनका विश्वास है कि उत्पादों की बढ़ती श्रृंखला, सुदृढ़ वितरण नेटवर्क तथा बढ़ी हुई विनिर्माण क्षमता के बल पर निर्धारित समयसीमा के भीतर 100 करोड़ रुपये के राजस्व का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकेगा।

### तकनीकी और प्रशासनिक तैयारियां पूरी होने के बाद ही इसे लागू किया जा सकेगा

# विधानसभा के मानसून सत्र के पूरी तरह से पेपरलेस होने में अभी कुछ वक्त और, टैबलेट के इस्तेमाल पर संशय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र विधानसभा के मानसून सत्र के पूरी तरह से पेपरलेस होने में अभी कुछ वक्त और लग सकता है। इसकी एक वजह यह भी है कि विधानसभा सचिवालय अभी भी यह तय नहीं कर पाया है कि विधायकों को डेस्क-माउंटेड टैबलेट किस आधार वर्ष से सदन की कार्यवाही का डिजिटल रिकॉर्ड उपलब्ध कराया जाए। इसी वजह से मानसून सत्र में टैबलेट के इस्तेमाल पर संशय बना हुआ है।

### कार्यवाही के डेटा को टैबलेट में अपलोड करने की प्रक्रिया का कर रहा मंथन



फाइल फोटो।

विधानसभा सचिवालय कार्यवाही के डेटा को टैबलेट में अपलोड करने की प्रक्रिया और उसके आधार वर्ष को लेकर मंथन कर रहा है। सचिवालय का कहना है कि विधायकों को टैबलेट के उपयोग का प्रशिक्षण भी दिया जाना है। प्रशिक्षण के बाद ही इन्हें प्रभावी ढंग से उपयोग में लाया जा सकेगा। बताते हैं कि मानसून सत्र शुरू होने से पहले समीक्षा बैठक में यह तय किया जाएगा कि टैबलेट का उपयोग इस सत्र से शुरू किया जाए या नहीं। यदि तैयारी समय पर पूरी नहीं हुई तो इसकी शुरुआत शीतकालीन सत्र से की जा सकती है।

### नई यूपीएस प्रणाली लगाने की भी जरूरत

विधानसभा परिसर में नई यूपीएस प्रणाली लगाने की भी जरूरत है, जिसके लिए वित्त विभाग को प्रस्ताव भेजा गया है। इसके अलावा यह भी तय किया जाना बाकी है कि किस वर्ष से विधानसभा की कार्यवाही का डिजिटल रिकॉर्ड टैबलेट में उपलब्ध कराया जाएगा। राष्ट्रीय ई-विधान एप (एनईवीए नेवा) परियोजना के तहत देश के कई राज्यों की विधानसभाओं में टैबलेट आधारित पेपरलेस व्यवस्था लागू की जा चुकी है। लोकसभा की 15 वीं लोकसभा से अब तक की कार्यवाही भी इस पोर्टल पर उपलब्ध है। मध्यप्रदेश विधानसभा में भी इसी दिशा में तैयारी चल रही है। किंतु तकनीकी और प्रशासनिक तैयारियां पूरी होने के बाद ही इसे लागू किया जा सकेगा।

## चिंतन

# अंतरराष्ट्रीय कानूनों का घोर उल्लंघन है जहाजों पर हमले

समुद्र केवल देशों की सीमाओं को जोड़ने वाला माध्यम नहीं, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था की जीवनरेखा भी है। दुनिया के लगभग 80 प्रतिशत से अधिक व्यापार का संचालन समुद्री मार्गों से ही होता है। ऐसे में यदि अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में चल रहे व्यापारिक जहाजों पर हमले होने लगे, तो यह केवल किसी एक देश पर हमला नहीं, बल्कि वैश्विक व्यापार व्यवस्था, अंतरराष्ट्रीय कानून और सामूहिक सुरक्षा व्यवस्था को खुली चुनौती है। यह एक तरह से अंतरराष्ट्रीय कानूनों का घोर उल्लंघन है। ओमान तट के पास व्यापारी जहाज 'जीएफएस गैलेक्सी' पर हुआ हमला इसी बढ़ते खतरे का ताजा उदाहरण है। इस जहाज पर 11 भारतीय नागरिक सवार थे, जिनमें से 10 को सुरक्षित बचा लिया गया है, जबकि एक नाविक अब भी लापता है। भारत ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए स्पष्ट कहा है कि व्यापारी जहाजों और नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाना तुरंत बंद होना चाहिए। मस्कट स्थित भारतीय दूतावास ओमान सरकार के साथ मिलकर लापता भारतीय की तलाश में जुटा है। चिंता की बात यह है कि यह हमला ऐसे समय हुआ है, जब पश्चिम एशिया पहले से ही ईरान-अमेरिका तनाव, परमाणु विवाद और सैन्य टकराव के कारण अस्थिर बना हुआ है। होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री व्यापारिक मार्गों में शामिल है। वैश्विक तेल आपूर्ति का बड़ा हिस्सा इसी रास्ते से गुजरता है। यदि इस क्षेत्र में असुरक्षा बढ़ती है, तो इसका सीधा असर ऊर्जा आपूर्ति, तेल की कीमतों, माल ढुलाई और पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ना तय है। ईरान के वरिष्ठ नेता होर्मुज को अपनी रणनीतिक शक्ति बता रहे हैं, जबकि अमेरिका इस क्षेत्र में सैन्य कार्रवाई तेज कर रहा है। दोनों देशों के बीच बढ़ता टकराव केवल दो राष्ट्रों का विवाद नहीं रह गया है, बल्कि इसका खामियाजा उन निर्दोष नाविकों और व्यापारिक जहाजों को भुगतना पड़ रहा है, जिनका किसी सैन्य संघर्ष से कोई संबंध नहीं है। अंतरराष्ट्रीय समुद्री कानून स्पष्ट रूप से कहता है कि युद्ध या तनाव की स्थिति में भी व्यापारिक जहाजों और नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना नहीं बनाया जा सकता। इसके बावजूद यदि ऐसे हमले जारी रहते हैं, तो यह नियम-आधारित वैश्विक व्यवस्था की विश्वसनीयता पर गंभीर प्रश्नचिह्न है। भारत के लिए यह मामला और भी महत्वपूर्ण है। देश का अधिकांश विदेशी व्यापार समुद्री मार्गों से होता है और लाखों भारतीय नागरिक दुनिया भर के व्यापारिक जहाजों पर काम कर रहे हैं। ऐसे में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा, समुद्री व्यापार की निर्बाध आवाजाही और ऊर्जा आपूर्ति की रक्षा राष्ट्रीय हित का विषय है। भारत को केवल कूटनीतिक बयान तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उसे अपनी समुद्री सुरक्षा नीति को और मजबूत करना होगा। भारतीय नौसेना की सक्रिय तैनाती, मित्र देशों के साथ खुफिया सहयोग, समुद्री निगरानी और संकटग्रस्त क्षेत्रों में त्वरित राहत एवं बचाव क्षमता को और सशक्त बनाना समय की आवश्यकता है। साथ ही, भारत को अपनी संतुलित विदेश नीति का उपयोग करते हुए तनाव कम करने और संवाद को बढ़ावा देने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। भारत की विश्वसनीय छवि और सभी पक्षों से संवाद की क्षमता उसे इस दिशा में प्रभावी योगदान देने का अवसर देती है। समुद्र किसी एक देश की जागीर नहीं, बल्कि पूरी मानवता की साझा धरोहर हैं। यदि व्यापारिक जहाज युद्ध का निशाना बनने लगे, तो इसका असर हर देश की अर्थव्यवस्था और आम नागरिकों की जेब पर पड़ेगा। इसलिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय को केवल चिंता व्यक्त करने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि ऐसे हमलों के खिलाफ ठोस और सामूहिक कार्रवाई करनी होगी।



राम मंदिर
उज्ज्वल दीपक

# आस्था का संकट नहीं, व्यवस्था की चूक

अयोध्या में श्रीराम लला के दानपात्रों से धन की कथित चोरी की घटना ने व्यापक चर्चा को जन्म दिया है। सनातन धर्म के लिए यह केवल दान की राशि की चोरी नहीं, बल्कि भावनाओं पर चोट है। जब से सरकार ने इस घटना की आधिकारिक जांच शुरू की और पूरे देश की मीडिया में यह खबर प्रमुखता से प्रकाशित की गई, सनातन धर्म का पालन करने वाले भक्तों में एक अलग तरह की जिज्ञासा और शंका उत्पन्न हुई है। प्रथम दृष्टया तो विश्वास ही नहीं हुआ, फिर जब उत्तर प्रदेश सरकार ने एसआईटी का गठन कर इसकी जांच शुरू की, संलिप्त लोगों से पूछताछ की गई और चोरी की गई धनराशि बरामद करने की सूचनाएं आईं तो हिन्दू संवेदनशील समाज को आघात जरूर लगा।

अयोध्या में श्रीराम लला के दानपात्रों से धन की कथित चोरी की घटना ने व्यापक चर्चा को जन्म दिया है। सनातन धर्म के लिए यह केवल दान की राशि की चोरी नहीं, बल्कि भावनाओं पर चोट है। जब से सरकार ने इस घटना की आधिकारिक जांच शुरू की और पूरे देश की मीडिया में यह खबर प्रमुखता से प्रकाशित की गई, सनातन धर्म का पालन करने वाले भक्तों में एक अलग तरह की जिज्ञासा और शंका उत्पन्न हुई हैं। प्रथम दृष्टया तो विश्वास ही नहीं हुआ, फिर जब उत्तर प्रदेश सरकार ने एसआईटी का गठन कर इसकी जांच शुरू की, संलिप्त लोगों से पूछताछ की गई और चोरी की गई धनराशि बरामद करने की सूचनाएं आईं तो हिन्दू संवेदनशील समाज को आघात जरूर लगा। श्रद्धालुओं को अपने द्वारा दान की गई राशि या गहने इत्यादि के विषय में भी आशंका उत्पन्न हुई। कुछ सवाल जो आम जनमानस में हैं कि क्या इससे अयोध्या के भव्य मंदिर की महिमा कम होने की सम्भावना है, क्या सनातन धर्म कमजोर हो जाएगा, क्या करोड़ों लोगों की आस्था समाप्त हो जाएगी, या ये सिर्फ कुछ अपराधियों द्वारा व्यवस्था की कमजोरी का लाभ उठाने की घटना है? इस पूरे घटनाक्रम का एक पक्ष ऐसा भी है, जिसकी चर्चा होनी चाहिए!

इस घटना पर पर्दा डालने का कोई प्रयास नहीं किया गया, सरकार ने तुरंत संज्ञान लिया, मंदिर प्रबंधन ने जांच और आवश्यक कार्रवाई में सहयोग किया, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, संत समाज और विभिन्न हिंदू संगठनों ने भी किसी दोषी को बचाने की वकालत नहीं की, बल्कि दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई और धर्म की मर्यादा की रक्षा की बात कही। यही तो सनातन की सबसे बड़ी विशेषता है। यह आस्था का संकट नहीं, व्यवस्था की चूक है, और व्यवस्था की चूक का समाधान व्यवस्था को मजबूत बनाकर होगा, आस्था पर प्रश्नचिह्न लगाकर नहीं! श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन भारत के इतिहास में सबसे लंबे सामाजिक आंदोलनों में से एक है। यह किसी संगठन का अभियान मात्र नहीं, बल्कि करोड़ों हिंदुओं की सांस्कृतिक चेतना का विषय है। पूरे विश्व से लोग जुड़े, गांव -गांव से कारसेवकों ने अपने अपने स्तर पर योगदान किया, साधु-संतों ने अग्रणी भूमिका निभाई, विश्व हिंदू परिषद ने जन जागरण किया,स्वयंसेवकों ने दशकों तक समाज को संगठित रखा और भारतीय जनता पार्टी, चाहे सत्ता में हो या विपक्ष में, ने इस विषय को केंद्रीय मुद्दा बनाए रखा और श्री राम जन्मभूमि आंदोलन को अपनी वैचारिक प्रतिबद्धता माना। आज की युवा पीढ़ी शायद कल्पना भी नहीं कर सकती कि राम जन्मभूमि आंदोलन कितनी लंबी यात्रा का परिणाम था। 1949 से लेकर 1980 के दशक तक, 1984 की धर्म संसद से लेकर 1990 की कार सेवा तक, 1992 की घटनाओं से लेकर दशकों तक अदालतों में चली सुनवाई तक। फिर सर्वोच्च न्यायालय का ऐतिहासिक निर्णय और संवैधानिक प्रक्रिया के आधार पर अंततः भव्य मंदिर का निर्माण। इसलिए यह मंदिर केवल एक निर्माण नहीं, बल्कि न्यायिक प्रक्रिया, लोकतांत्रिक विश्वास और करोड़ों श्रद्धालुओं के धैर्य का प्रतीक है। जिस मंदिर को देखे बिना हजारों-लाखों साधु-संत स्वर्गवासी हो गए, लाखों कार्यकर्ता बूढ़े हो गए, जिस मंदिर के लिए सैकड़ों परिवारों ने अपनी संतान खो दी और हजारों कारसेवकों



को जेल की हवा कहानी पड़ी, उस मंदिर के दानपात्र से जब चोरी जैसी घटना सामने आती है तो उसका सबसे अधिक दर्द उसी समाज को होता है जिसने इस मंदिर के लिए सबसे अधिक संघर्ष किया है। यह मंदिर केवल एक तीर्थ नहीं, बल्कि पांच सौ वर्षों के धैर्य का परिणाम है। सनातन धर्म व्यक्ति की नहीं, धर्म की रक्षा करता है। यदि कोई अपराध करता है तो वह चाहे कितना ही निकट क्यों न हो, उसके कृत्य का समर्थन नहीं किया जा सकता, और यही धर्म है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने 3 जुलाई 2026 को जारी अपने वक्तव्य में स्पष्ट कहा कि यह घटना करोड़ों रामभक्तों की भावना को आहत करने वाली है। उन्होंने दोषियों को कठोर दंड देने की अपेक्षा व्यक्त की और मंदिर की व्यवस्थाओं को और अधिक पारदर्शी तथा प्रभावी बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही उन्होंने समाज से धैर्य बनाए रखने और इस घटना का उपयोग कर हिंदू समाज को बदनाम करने के प्रयासों से सावधान रहने का आह्वान किया। और यही अंतर है। यहां अपराधी बचाने की संस्कृति नहीं है। यहां आत्ममंथन करने की परंपरा है। यही किसी उत्तरदायी समाज की पहचान होती है। दुनिया भर के धार्मिक संस्थान ऐसी घटनाओं से अछूते नहीं रहे हैं। यूरोप के अनेक चर्चों में दानपात्रों की चोरी की सहित ऐतिहासिक चर्चों से बहुमूल्य कलाकृतियां की चोरी की घटनाएं सामने आई हैं। मलेशिया, अमेरिका एवं भारत सहित कई देशों की विभिन्न मस्जिदों में भी चोरी और वित्तीय अनियमितताओं के मामले उजागर हुए हैं। लेकिन इन घटनाओं के आधार पर किसी धर्म की पवित्रता पर प्रश्न नहीं उठाया गया। अपराधियों को दोषी माना गया, धर्म को नहीं। इसी परिपक्वता की जरूरत अब हमारे देश भारत में भी है। हमारा दुर्भाग्य है कि देश की राजनीति में हर घटना को वैचारिक युद्ध का हथियार बनाने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। सरकार की जवाबदेही तय करना लोकतंत्र का हिस्सा है और विपक्ष एवं समाज का उस पर प्रश्न पूछना भी उचित है। लेकिन यदि किसी अपराध को पूरे हिंदू समाज, श्री राम मंदिर आंदोलन या सनातन पर हमला करने के अवसर के रूप में प्रस्तुत किया जाए, तो वह स्वस्थ लोकतांत्रिक विमर्श नहीं रह जाता और समाज में अनावश्यक विभाजन पैदा करता है। राजनीतिक प्रतिस्पर्धा और धार्मिक आस्था के बीच की मर्यादा बनाए रखना सभी राजनीतिक दलों एवं संगठनों की साझा जिम्मेदारी है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम इस घटना की जांच पर ध्यान दें, न कि उस आंदोलन को कटघरे में खड़ा करें जिसने संवैधानिक प्रक्रिया के माध्यम से अपना लक्ष्य प्राप्त किया है। आज एक ऐसा नरेटिव फ़ैलाने की कोशिश की जा रही है जहां पूरे सनातन धर्म पर प्रश्न खड़े किये जा रहे हैं. ये दोहरा चरित्र का प्रदर्शन है और इस भ्रम को पूरे देश में फ़ैलाने का काम कुछ लोग करने की कोशिश कर रहे हैं। हमारे सनातन धर्म में आत्ममंथन एक सतत प्रक्रिया है। जब भी भगवान श्रीराम ने अपने जीवन में कठिन निर्णय लिए, उन्होंने स्वयं मर्यादा को सदैव सर्वोपरि रखा। यदि किसी ने मंदिर की संपत्ति पर हाथ डाला है तो वह केवल कानून का अपराधी नहीं, श्रद्धा का भी अपराधी है। उसे कठोर दंड मिलना चाहिए।

इतिहास गवाह है कि सनातन सभ्यता ने अनेक आक्रमण झेले। श्री राम के मंदिर में चोरी हुई है तो अपराधी चाहे कोई भी हो, उसे दंड मिलना चाहिए। यही श्री राम का न्याय है। क्योंकि सनातन का इतिहास यही कहता है, हम व्यक्ति के साथ नहीं, धर्म के साथ खड़े होते हैं। हम अपराध को छिपाकर आस्था की रक्षा नहीं करते, अपराध को दंडित करके आस्था को और मजबूत बनाते हैं। यही श्री राम का मार्ग है, यही मर्यादा है और यही भारत की सांस्कृतिक शक्ति भी।

(लेखक भारतीय जनता पार्टी के छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रवक्ता हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

परियोजनाएं
विवेक मिश्रा



# सामरिक प्रभुत्व तय करती है निर्माण कार्यों की गति

बहुराष्ट्रीय परियोजनाएं, देशों के मध्य व्यावसायिक उत्कर्ष, सुगम नागरिक संपर्क और सामरिक श्रेष्ठता की स्थापत्य कलाकृति होतीं हैं। स्वकेंद्रित प्रभुत्व के सामने, यह समत्व के समन्वयकारी विस्तार को मान्यता देती है। जैसे चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के सैद्धांतिक प्रतिकार में खड़ी भारत की लाइन ऑफ क्रेडिट योजना। यद्यपि इन परियोजनाओं की सफलता, प्रारंभिक सैद्धांतिक मान्यता से कहीं बढ़कर वास्तविक निर्माण तीव्रता पर निर्भर करती है। विदेश नीति में भी निर्माण गति का विशेष महत्व है। रणनीतिक क्षेत्रों तक त्वरित, सरल व सुदृढ़ शांतिपूर्ण उपस्थिति, सुरक्षा की प्रथम दीवार बनती है। इन दिनों बांग्लादेश के द्वारा मोंगला पोर्ट के विनिर्माण विकास अधिकार भारत से वापस लेकर, चीन को सौंपे जाने की चर्चाएं चहुंओर हो रही हैं। कारणों में, वर्ष 2024 में शेख हसीना सरकार के निष्कासन को प्रधान्यता के साथ उठाया गया, लेकिन इस शोर में हमने उस तथ्य का वेष्टन किया है, जो हमारे क्रियान्वयन के घोंघा चाल से उजागर होता है। वर्ष 2015 में प्रधानमंत्री की बांग्लादेश यात्रा के तहत, तय हुए अनुबंध में, भारत को 110 एकड़ क्षेत्र पर आर्थिक गलियारा विकसित करने का अधिकार प्राप्त हुआ था। भारत की सुस्पष्ट लाइन ऑफ क्रेडिट योजना से इसका वित्तपोषण होना था। इस योजना के अंतर्गत 75 प्रतिशत निर्माण सामान व सेवाएं भारत से प्राप्त करना होता है। भारत सरकार से जारी फंड की प्राप्ति पर, संबंधित देश औपचारिक निविदा जारी कर आवंटन करते हैं। सरकार से सरकार (जी टू जी) स्तर पर हुए, मोंगला पोर्ट विकास समझौते को मूर्त रूप देने के लिए एक लंबी जटिल कागजी कार्रवाई चली, जिसके बाद सन 2018 में भारत सरकार से फंड जारी हुआ। बांग्लादेश की ओर से 2019 में सलाहकार (पीएमसी) की नियुक्ति के संबंध में कड़े प्रावधानों को प्रस्तावित किया गया। इनमें कंसल्टेंसी समूहों से ऊंचे टर्न ओवर, नेटवर्थ, वृहद् कार्यक्षेत्र और विशिष्ट तकनीकी अनुभव की मांग अपेक्षित की गई। इन शर्तों को पूर्ण करने की स्थिति में, अडानी ग्रुप और एलएनटी समूह को छोड़कर कोई भी अन्य भारतीय प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कंसल्टेंसी समूह सक्षम नहीं थे। योग्यता के बावजूद इन दोनों बड़े समूहों का भागीदारी न दिखाना, तात्कालिक भारतीय राजनीतिक परिस्थितियों, लाभांश और सीमित स्वतंत्र कार्यशैली की वजह से था। विपक्ष, सरकार पर अडानी समूह को फायदा पहुंचाने के आरोपों के साथ हावी था, स्वयं अडानी समूह भी इस प्रोजेक्ट में सरकार द्वारा हीरानंदानी ग्रुप को नामित कर देने के बाद सलाहकार फर्म के तौर पर, मात्र 80 करोड़ के सर्विस कॉन्ट्रैक्ट पर कार्य करने को इच्छुक न था। जबकि एलएनटी समूह लाइन ऑफ क्रेडिट जैसी योजनाओं की बाध्यकारी नियमावली में कार्य करने के बजाए स्वतंत्र रूप से कार्य करने में भरोसा रखता है। इस सब का अंततोगत्वा परिणाम यही निकला कि 9 वर्षों के लम्बे विलंब और 2024 में शेख हसीना सरकार के निष्कासन के साथ उपजी भारत विरोधी भावनाओं में मोंगला पोर्ट के विकास अधिकार चीनी सरकारी कम्पनियों के ओर बह गए। पड़ोसी देशों में रणनीतिक महत्व वाले स्थानों पर पिछड़ते भारतीय प्रोजेक्ट हमारी वैश्विक कूटनीतिक बढ़त को बेहद कमजोर कर देते हैं। उदाहरण सिर्फ बांग्लादेश का ही नहीं है, म्यांमार में वर्ष 2008 में स्वीकृत और 2010 से कार्यरत कलादान मल्टी मॉडल प्रोजेक्ट, सिलीगुड़ी कॉरिडोर के जरिए पूर्वोत्तर राज्यों की एकमात्र पहुंच को वैकल्पिक मार्ग देता है। शिथिल कार्यशैली के चलते यह प्रोजेक्ट भी तय समय सीमा, वर्ष 2014 तक पूरा न हो सका। इसके बाद 2019 में कोरोना महामारी और म्यांमार में साल 2021 के सैन्य तख्ता पलट से निर्मित अनिश्चितताओं के चलते, यह महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट आज भी पूर्ण होने की राह देख रहा है। म्यांमार से जुड़ा एक और अहम, भारत - म्यांमार - थाईलैंड राजमार्ग का कार्य, 2002 में विचारित, 2012 से आरंभित और 2016 को पूर्णता के प्रति लक्षित था। भारत इसे कंबोडिया,लाओस व वियतनाम तक प्रसारित कर ईस्ट वेस्ट इकोनॉमिक कॉरिडोर का रूप देना चाहता है, हाल फिलहाल यह आशंकाओं से घिरा है। अपेक्षाकृत अधिक भागीदारीपूर्ण, सुरक्षित और किफायती होने के बावजूद यह भारतीय योजनाएं, पड़ोसी देशों में अपनी जटिल प्रक्रिया व दीर्घ कार्यावधि के कारण चीन की आक्रामक, महंगी लेकिन तेज निर्माण गति वाली बी.आर.आई जैसी योजनाओं से पिछड़ती नजर आती है। आवश्यक है कि, इन विषमताओं का सामना भारत सरकार प्रक्रियाओं को सरल व त्वरित बना कर एवं निर्माणाधीन कंपनियां लाभांश के अनुपातिक आंकलन से ऊपर उठकर राष्ट्रहितों के अनुकूल सैन्य चपलता से करें।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## सत्य में ऐसी शक्ति जो सौ झूठ से बचाए



संकलित
दर्शन

संसार में सत्य को सबसे सुंदर कहा गया है। हमारे शास्त्र भी कहते हैं कि सत्य के लिए किसी से भी संघर्ष करने के लिए स्वयं को सदैव तत्पर रखना चाहिए। एक सत्य ही तो है, जो मनुष्य को सौ झूठ बोलने से बचा लेता है। सत्य की ऐसी महत्ता-महिमा होते हुए भी संप्रति संसार में असत्य का बोलबाला बढ़ा है। हालांकि, असत्य का आश्रय लेने वालों को सदैव यह स्मरण रखना चाहिए कि अंत में विजय सत्य के खेमे का ही वरण करती है। वास्तव में जहां सत्य है, वहीं धर्म है और जहां धर्म वहीं विजय है। यदि हमारी जीवन रूपी इमारत सत्य रूपी नींव पर खड़ी होगी तभी हम उसे निरंतर ऊंचाई प्रदान करते हुए उसकी प्रकृति को संरक्षित रख पाएंगे। सत्य के महत्व पर बुद्ध ने कहा कि सत्य को छोड़कर जो असत्य बोलता है, धर्म का उल्लंघन करता है, परलोक की जिसे चिंता नहीं है, वह व्यक्ति बड़े से बड़ा पाप कर सकता है। इसलिए असत्य का परित्याग ही श्रेयस्कर है। मनीषी कहते हैं कि 'मनसा वाचा कर्मणा' यानी मन, वचन और कर्म से सत्य बोलना चाहिए। जो विचार मन में हों वही वाणी में भी होने चाहिए और उसी के अनुरूप ही मनुष्य का व्यवहार भी होना चाहिए। इसमें कोई संदेह नहीं कि मन, वचन और कर्म से अलग रहने वाले पूर्णरूपेण सत्य का आचरण नहीं कर सकते।गांधी जी जैसे महामानव सत्य को निरपेक्ष सत्य के रूप में ग्रहण करते हैं। सत्य को ईश्वर का पर्यायवाची बताते हैं। उसे अपनी नीति का अहम अवयव मानते हैं।

## हनुमान जी ने सूर्यदेव से हासिल किया था ज्ञान



संकलित
प्रेरणा

गुरु पूर्णिमा पर गुरु का पूजन किया जाता है। शास्त्रों में गुरु को भगवान के बराबर माना गया है। महाभारत, रामायण में गुरु-शिष्य से जुड़ी कई कथाएं हैं। सूर्य पंचदेवों में से एक हैं और हनुमान जी के गुरु भी हैं। बाल हनुमान जब थोड़े बड़े हुए तो माता अंजनी और पिता केसरी ने उन्हें सूर्य देव के पास ज्ञान हासिल करने के लिए भेजा। माता-पिता की बात मानकर हनुमान जी ने सूर्य देव के पास पहुंचे और उनसे गुरु बनने के लिए प्रार्थना की। हनुमान जी की बात सुनकर सूर्य देव ने कहा कि मैं तो एक पल के लिए कहीं रूका नहीं हूं, न ही मैं रथ से उतर सकता हूं तो ऐसी स्थिति में मैं तुम्हें ज्ञान नहीं दे पाऊंगा। तब हनुमान जी ने कहा कि आप अपनी गति कम किए बिना ही मुझे ज्ञान दीजिए। मैं आपके साथ चलते-चलते विद्या हासिल कर लूंगा। इस बात के लिए सूर्य देव मान गए। इसके बाद सूर्य देव ने हनुमान जी को सभी वेदों और शास्त्रों का ज्ञान दिया। इस प्रकार सूर्यदेव की कृपा से ही हनुमान जी को ज्ञान मिला। इस प्रसंग में हनुमान जी ने संदेश दिया है कि योग्य गुरु से ज्ञान हासिल के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। योग्य गुरु ही हमें सही ज्ञान प्रदान कर सकते हैं। आज योग्य गुरु की तलाश काफी कठिन हो गई है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**सरकारी धन का उचित प्रयोग करें सरकारें**

देश में बहुत से राज्यों के लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं, जैसे कि कहीं सरकारी स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं हैं अर्थात सरकारी अस्पतालों में मरीजों के लिए इलाज की सुविधाएं नहीं, कहीं स्ट्रीट लाइट, कहीं सफाई व्यवस्था, कहीं पीने वाले पानी की समस्या, कहीं टूटी सड़कें, लेकिन इनमें से कुछ राज्य बेवजह ही सरकारी पैसे को मुफ्त में लोगों को बांट रहे हैं। अगर इस सरकारी पैसे को ज्यादा से ज्यादा आम लोगों को मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने के लिए खर्च किया जाए तो लोगों को सुविधाएं मिलेंगी, जो लोगों की साफ-सफाई, गरीबों को बीमारियों और अन्य बहुत सी समस्याओं को हल करेंगी। इसी तरह बुजुर्गों के लिए बुढ़ापा पेंशन कम से कम 5000 रुपए प्रति माह होनी चाहिए। *- सतीश चौहान, रायगढ़*

## करंट अफेयर

# भारतीय शादियों के लिए श्रीलंका बना नया गंतव्य

विदेशों में होने वाली भारतीय शादियों के लिए 2025 में श्रीलंका सबसे तेजी से उभरते गंतव्य के रूप में सामने आया है और इसकी लोकप्रियता में 25 प्रतिशत तक बढ़ोतरी हुई है। एक रिपोर्ट में यह कहा गया।



वहीं, पश्चिम एशिया में जारी संकट के बावजूद वर्ष 2026 में भारतीय जोड़ों के अपनी विशेष समारोह की योजनाओं में बड़ी कटौती करने की संभावना कम है।

शादी की योजना बनाने वाले मंच 'वेडमीगुड' की 'डेस्टिनेशन वेडिंग रिपोर्ट 2026' के अनुसार, आसान पहुंच, भारत से नजदीकी, शानदार आतिथ्य सुविधाओं और यादगार अनुभवों वाले आयोजनों के कारण श्रीलंका तेजी से एक प्रमुख विवाह गंतव्य के रूप में उभर रहा है।

रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि आने वाले वर्षों में श्रीलंका में भारतीय शादियों की बुकिंग में सालाना 20 से 25 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है। हालांकि, थाईलैंड अब भी भारतीयों के लिए सबसे लोकप्रिय विदेशी विवाह गंतव्य बना हुआ है। वर्ष 2025 में वहां करीब 25 लाख पर्यटक पहुंचे, जो पिछले वर्ष की तुलना में 16 प्रतिशत अधिक है। यह रिपोर्ट 'वेडमीगुड' के उपभोक्ता और उद्योग नेटवर्क के माध्यम से किए गए सर्वेक्षण पर आधारित है।

## ऑफ बीट

# मेरी मांसपेशियों में व्यायाम के बाद हल्का दर्द क्यों होता है

जब हममें से कई लोग इस खराब मौसम से उबरने के लिए जिम जाते हैं या दौड़ने जाते हैं, तो उन्हें मांसपेशियों में थोड़ा अतिरिक्त दर्द महसूस हो सकता है।



ऐसा खास तौर से तब होता है जब कसरत किए कुछ समय हो गया हो। एक आम ग़लतफ़हमी यह है कि ऐसा दर्द मांसपेशियों में लैक्टिक एसिड के निर्माण के कारण होता है। हालाँकि, शोध से पता चलता है कि लैक्टिक एसिड का इससे कोई लेना-देना नहीं है। सच्चाई कहीं अधिक दिलचस्प है, लेकिन थोड़ी अधिक जटिल भी है। यह लैक्टिक एसिड नहीं है। हम दशकों से जानते हैं कि लैक्टिक एसिड का व्यायाम के बाद मांसपेशियों में होने वाले दर्द से कोई लेना-देना नहीं है। वास्तव में, जैसा कि हम में से एक (रॉबर्ट एंड्रयू रॉबर्ट्स) ने लंबे समय से तर्क दिया है, कोशिकाएं लैक्टेट का उत्पादन करती हैं, लैक्टिक एसिड का नहीं। यह प्रक्रिया वास्तव में मांसपेशियों और रक्तप्रवाह में एसिड के निर्माण का विरोध नहीं करती है। दुर्भाग्य से, लोग अभी भी व्यायाम के संबंध में 'लैक्टिक एसिड' शब्द का उपयोग करते हैं। जब आप व्यायाम करते हैं तो लैक्टेट उन मांसपेशियों के लिए बड़ी समस्या पैदा नहीं करता है जिनका उपयोग आप करते हैं।

## ट्रेंड

### जानकी अम्मा को नमन



मशहूर प्लेबैक सिंगर एस. जानकी अम्मा का निधन संगीत और संस्कृति की दुनिया के लिए एक अपूरणीय क्षति है। दुख की इस घड़ी में उनके परिवार और पूरे संगीत जगत के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं।
- **नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

### आत्मनिर्भर भारत



भारतीय नौसेना में आईएनएस महेंद्रगिरि का शामिल होना न केवल भारत की बढ़ती समुद्री ताकत का प्रमाण है, बल्कि 'आत्मनिर्भर भारत' के शानदार उदय का भी प्रतीक है। यह युद्धपोत, नए भारत की तकनीकी क्षमता, औद्योगिक शक्ति और राष्ट्रीय आत्मविश्वास का जीवंत प्रतीक है।
- **रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

### स्वास्थ्य सुविधाएं



बेहतर इलाज के लिए लोगों को पहाड़ों के मुश्किल रास्तों पर मीलों का सफर करना पड़ता था। इसी चुनौती से निपटने के लिए स्वास्थ्य सेवाओं में ठोस कदम उठाए। उन्हीं प्रयासों का नतीजा है कि हिमाचल स्वास्थ्य सुविधाओं में नए दौर में प्रवेश कर रहा है।
-**सुखविंदर सिंह सुखु,** सीएम, हिमाचल प्रदेश

### चावल घोटाला



आज मध्य प्रदेश बीजेपी सरकार के राज में भ्रष्टाचार और लूट का केंद्र और भ्रष्टाचार का पर्याय बन गया है। एक घोटाला खत्म भी नहीं हो पाता कि दूसरा सामने आ जाता है। अब, इथेनॉल के नाम पर 200 करोड़ रुपये का चावल घोटाला सामने आया है।
- **मल्लिकार्जुन खरगे,** अध्यक्ष, कांग्रेस

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

कांग्रेस में बगावत की आग और भड़की

# आखिरकार... बागियों को नहीं मना पाए बघेल, 12 विधायकों और 3 सांसदों के साथ चन्नी ने किया शक्ति प्रदर्शन, अब मामले का दिल्ली दरबार में ही होगा निराकरण

## पूर्व मुख्यमंत्री ने चंडीगढ़ में पंजाब कांग्रेस के प्रभारी को दिखाई ताकत

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

पंजाब कांग्रेस में बगावत की आग और भड़क गई है। मोरिंडा के बाद पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी गुट के नाराज नेताओं ने शनिवार को चंडीगढ़ में कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं पंजाब कांग्रेस के प्रभारी भूपेश बघेल के सामने शक्ति प्रदर्शन किया। शनिवार को बघेल जब वह विधायक राणा गुरजीत सिंह के घर पहुंचे तो वहां चन्नी के साथ 92 विधानसभा क्षेत्रों में से 82 हलका प्रभारी, 12 विधायक, 3सांसद तथा कई पूर्व विधायक और पूर्व मंत्री पहले से मौजूद थे। बैठक में पंजाब मामलों के सह प्रभारी सूरज सिंह ठाकुर भी मौजूद रहे। बैठक में चन्नी गुट के सभी नेताओं ने बारी-बारी से अपनी बात रखी।

### बघेल हाईकमान से मिलेंगे

बघेल ने नेताओं को भरोसा दिया कि उनकी भावनाओं से हाईकमान को अवगत कराया जाएगा। ऐसे में पंजाब कांग्रेस की इस अंदरूनी खींचतान को खत्म करने की जिम्मेदारी अब कांग्रेस नेता राहुल गांधी के पाले में पहुंच गई है।

### समझौतावादी नेता नहीं चाहिए


चन्नी गुट ने किया शक्ति प्रदर्शन

नेताओं ने कहा कि उन्हें समझौतावादी नेता नहीं चाहिए। विधानसभा चुनाव जीतना है तो प्रदेश संगठन का नेतृत्व ऐसे नेता के हाथ में होना चाहिए, जो सरकार के खिलाफ मजबूती से लड़ सके। नेताओं ने कहा कि चन्नी पंजाब में सर्वस्वीकार्य चेहरा हैं। इस पर नेताओं ने हाथ खड़े कर समर्थन जताया। परगट सिंह ने कहा, इसे बगावत नहीं बल्कि परिस्थितियों के संदर्भ में नेताओं और कार्यकर्ताओं के मतभेद के रूप में देखा जाना चाहिए।

### कई बार फैसले वापस लेने पड़ते हैं : रंधावा

पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा ने कहा कि उनकी प्रदेशाध्यक्ष अमरिंदर से कोई व्यक्तिगत दुश्मनी नहीं है, लेकिन प्रदेश नेतृत्व राज्य सरकार के खिलाफ अपेक्षित आक्रामकता नहीं दिखा रहा। यदि पंजाब में कांग्रेस की सरकार बनानी है तो इस फैसले पर भी पुनर्विचार करना होगा।

### तेल देखेंगे, तेल की धार देखेंगे : चन्नी

चन्नी ने कहा कि प्रभारी भूपेश बघेल के साथ बातचीत हो गई है। सभी नेताओं ने अपने मन की बात उनके सामने रख दी है। अब फैसला हाईकमान को करना है। उन्होंने कहा कि 'अब तेल देखेंगे, तेल की धार देखेंगे', यानी आगे पार्टी नेतृत्व की प्रतिक्रिया का इंतजार करेंगे।

### फैसले में कोई बदलाव नहीं होगा : बघेल



बघेल ने कहा कि परिवार में बातें होती रहती हैं, जिन्हें बाहर नहीं बोला जा सकता। हाईकमान ने चुनाव संबंधी समितियों के गठन में जो फैसला लिया है, उसमें बदलाव नहीं होगा। सभी की बात पार्टी नेतृत्व तक पहुंचा दी जाएगी। पार्टी में कोई भी कॉम्प्रोमाइज्ड नेता नहीं रहेगा। यदि ऐसा मिला तो उसे हर हाल में बाहर किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### डूंगरपुर में नहाने गए 4 बच्चे तालाब में डूबे

**डूंगरपुर।** जिले के धम्बोला थाना क्षेत्र के लिखी बड़ी गांव में रविवार सुबह एक दर्दनाक हादसे ने पूरे



इलाके को गमगीन कर दिया। वात्रक तालाब में नहाने गए 6 बच्चों में से 4 की डूबने से मौत हो गई, जबकि2 बच्चों को ग्रामीणों ने समय रहते बचा लिया। मृतकों में तीन सगे भाई-बहन और उनकी फुफेरी बहन शामिल हैं।

### जोधपुर एयरपोर्ट पर उतरी पहली फ्लाइट

**जोधपुर।** प्रधानमंत्री के उद्घाटन के 8 दिन बाद रविवार को जोधपुर के नए एयरपोर्ट टर्मिनल से



नियमित उड़ानों का संचालन शुरू हो गया। सुबह बेंगलुरु से आई पहली फ्लाइट ने नए टर्मिनल पर लैंडिंग की, जबकि कुछ ही देर बाद पहली उड़ान बेंगलुरु के लिए रवाना हुई। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने स्वागत किया।

### बदरीनाथ चढ़ावा चोरी अहम सुराग मिले

**बदरीनाथ।** मंदिर के चढ़ावे की हेराफेरी मामले की जांच अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच गई है। पुलिस को मंदिर परिसर और गणना



कक्ष में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से अहम साक्ष्य मिले हैं। फुटेज में बीकेटीसी कर्मचारी प्रमोद नौटियाल मोबाइल फोन के नीचे नोटों की गड्डी, सोने-चांदी जैसे सिक्के और वस्तुएं लेकर निकलता दिखा है।

### महिला का पैर कटने पर अभिषेक पर मामला दर्ज

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में कुछ महीने पहले शुरू की गई स्वास्थ्य देखभाल पहल 'सेवाश्रय' शिविर में घुटने के दर्द के इलाज के बाद एक महिला के अपना पैर गंवाने की शिकायत पर टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। 2 जनवरी को इस शिविर की शुरुआत की थी। महिला ने कुछ दिन पहले पुलिस में शिकायत की थी कि उसके इलाके में आयोजित एक 'सेवाश्रय' स्वास्थ्य शिविर में चिकित्सकीय लापरवाही के कारण उसे अपना एक पैर गंवाना पड़ा।

## केंद्रीय मंत्री चौहान ने देशभर के वृक्ष मित्रों के साथ संवाद में दिया हरित भारत का संदेश

# 'वृक्ष मित्र परिवार' का राष्ट्रीय ढांचा बनेगा, गांव से लेकर राष्ट्र स्तर तक संगठित अभियान: शिवराज

***क्लाइमेट चेंज पर वैज्ञानिक चेतावनी, पर्यावरणविद अनिल जोशी और डॉ. अनूप हजेला ने व्यवहार में बदलाव और 'एक पेड़ पालने' का दिया संदेश***

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली


नई दिल्ली के पूसा परिसर में 'पर्यावरण संरक्षण संकल्प कार्यक्रम और वृक्ष मित्र संवाद' आयोजित

नई दिल्ली के पूसा परिसर में आयोजित 'पर्यावरण संरक्षण संकल्प कार्यक्रम और वृक्ष मित्र संवाद' में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने देशभर से जुड़े लगभग 17 हजार वृक्ष मित्रों के बीच पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का बड़ा संकल्प रखा। कार्यक्रम में पद्म भूषण पर्यावरणविद् अनिल जोशी, प्रख्यात चिकित्सक व समाजसेवी डॉ. अनूप हजेला, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ. एमएल जाट और देश के विभिन्न राज्यों से आए सैकड़ों वृक्ष मित्र प्रत्यक्ष रूप से शामिल हुए जबकि हजारों साथी वर्चुअल माध्यम से जुड़े। सभी ने मिलकर पेड़, पानी, मिट्टी, ऊर्जा बचत और प्लास्टिक मुक्त जीवन को जनभागीदारी से जोड़कर धरती को बचाने का साझा संदेश दिया।

केंद्रीय मंत्री चौहान ने वृक्ष मित्रों से मिले सुझावों और संवाद के आधार पर पर्यावरण संरक्षण को ठोस जनआंदोलन का रूप देने के लिए साफ–सुथरी रूपरेखा सामने रखी। हर वृक्ष मित्र साल में कम से कम एक पेड़ लगाएगा और कम से कम पांच नए लोगों को इस अभियान से जोड़ने का संकल्प लेगा, जिसकी सार्वजनिक घोषणा सोशल मीडिया पर अपने पोस्ट के माध्यम से की जाएगी ताकि 12 अगस्त की हरियाली अमावस्या तक एक मजबूत नेटवर्क तैयार हो सके। चौहान ने राष्ट्रीय, राज्य, ज़िला, ब्लॉक और गांव स्तर पर 'वृक्ष मित्र परिवार' की समितियां बनाकर पूरे अभियान को संगठित ढाचे में चलाने, इस संरचना का विधिवत रजिस्ट्रेशन कराने और पंचायतों व शहरी निकायों में वृक्षारोपण के लिए निश्चित स्थल चिन्हित करने की बात रखी। अपने संबोधन में चौहान ने पर्यावरण संरक्षण को सीधे कृषि और किसान के भविष्य से जोड़ा। उन्होंने कहा कि आज किसान के लिए सबसे बड़े सवाल केवल बीज और खाद नहीं हैं, बल्कि पानी की उपलब्धता, मिट्टी की गुणवत्ता और खेत की दीर्घकालिक सेहत हैं। उन्होंने यह भी संकेत किया कि असंतुलित रसायन प्रयोग और अंधाधुंध दोहन से मिट्टी की उर्वरा शक्ति घट रही है, जिससे न केवल उत्पादन प्रभावित हो रहा है, बल्कि फसल की गुणवत्ता और लोगों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। उन्होंने जल और मिट्टी संरक्षण के लिए संतुलित उपयोग का संदेश दिया- जितना आवश्यक हो उतना ही दोहन, मिट्टी की सहन–शक्ति का सम्मान और ऐसी खेती का विस्तार जिसमें धरती की सेहत भी बची रहे और किसान की आय भी सुरक्षित रहे। उन्होंने कहा कि खेत बचाने के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण और सामाजिक भागीदारी दोनों की ज़रूरत है, ताकि भविष्य में कृषि उत्पादन और किसान का जीवन किसी बड़े पर्यावरणीय संकट के सामने असुरक्षित न रह जाए।

### नई दिल्ली में राज्यों के जल संसाधन विभाग के सचिवों का सम्मेलन आज

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय के अंतर्गत जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग सोमवार को नई दिल्ली स्थित सुषमा स्वराज भवन के चाणक्य हॉल में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के जल संसाधन विभागों के वरिष्ठतम सचिवों का अखिल भारतीय सम्मेलन का आयोजन करेगा। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। जल शक्ति मंत्रालय के राज्य मंत्री राज भूषण चौधरी और सचिव वीएल कंथा राव भी सम्मेलन की सह-अध्यक्षता करेंगे। इस सम्मेलन का उद्देश्य जल संसाधन क्षेत्र में प्राथमिकता वाली पहलों पर केंद्र-राज्य समन्वय को मजबूत करना और जल शक्ति मंत्रालय के प्रमुख राष्ट्रीय कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करना है। सम्मेलन में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के जल संसाधन विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जल शक्ति मंत्रालय और इसके संगठनों, संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों जैसे केंद्रीय जल आयोग , राष्ट्रीय बांध सुरक्षा प्राधिकरण, राष्ट्रीय जल मिशन आदि के अधिकारी भाग लेंगे। सम्मेलन के दौरान, चर्चा 8 प्राथमिकता वाले विषयों पर केंद्रित होगी जिनमें कमांड एरिया डेवलपमेंट एंड वॉटर मैनेजमेंट योजना के आधुनिकीकरण की स्थिति, जल संरक्षण में लोगों की भागीदारी को मजबूत करने एक महीने का विशेष राष्ट्रव्यापी 'कैच द रेन' अभियान, सिंचाई, बहुउद्देशीय और बाढ़ प्रबंधन परियोजनाओं के लिए संशोधित मसौदा परियोजना मूल्यांकन दिशानिर्देश, बांध जलाशयों के नियम वक्र और जलाशय संचालन एवं बांध सुरक्षा में सुधार के लिए उनका प्रभावी कार्यान्वयन, राज्य जल सुधार ढांचा की स्थिति तथा बांध सुरक्षा मूल्यांकन का दिसंबर 2026 तक पूरा होना, सिंचाई की प्रगति,आदर्श राज्य जल पुरस्कारों के लिए ढांचा शामिल हैं।

## संसद का मानसून सत्र

# 19 जुलाई को सर्वदलीय बैठक में सरकार बताएगी विधायी एजेंडा




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद के मानसून सत्र की शुरुआत से एक दिन पहले 19 जुलाई को सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई है। यह बैठक सुबह 11 बजे शुरू होगी। संसद के प्रत्येक सत्र से पहले आयोजित होने वाली इस बैठक में सरकार अपने विधायी एजेंडे की जानकारी देगी, जबकि विपक्षी दल उन मुद्दों को सामने रखेंगे जिन्हें वे सत्र के दौरान उठाना चाहते हैं।अधिकारियों का कहना है कि सरकार का विधायी एजेंडा इस बार काफी व्यापक है और सत्र के दौरान कई अहम विधेयकों पर चर्चा होने की संभावना है। कुछ विपक्षी दलों में मतभेद और विभाजन के कारण सत्र हंगामेदार रह सकता है। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू पहले ही घोषणा कर चुके हैं कि संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से 13 अगस्त तक चलेगा। उन्होंने कहा था कि भारत सरकार की सिफारिश पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद के दोनों सदनों का मानसून सत्र 20 जुलाई 2026 से 13 अगस्त 2026 तक बुलाने को मंजूरी दी है।

### बंगाल चुनावों के बाद हो रहा सत्र

विधानसभा चुनावों में हार के बाद तृणमूल कांग्रेस में उथल-पुथल देखने को मिली है। पार्टी के 20 सांसदों ने 'नेशनल सिटिजन्स पार्टी ऑफ इंडिया' में विलय कर लिया है। इन सांसदों ने लोकसभा में अलग aबैठने की व्यवस्था की मांग भी की है। इसके अलावा, पार्टी के तीन सांसदों ने राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा देकर भाजपा का दामन थाम लिया है।

### विपक्ष इन मुद्दों को उठाएगा

शिवसेना (यूबीटी) में भी विभाजन हुआ है। लोकसभा में पार्टी के 6 सांसद महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल हो गए हैं। राज्यसभा में आपके 7 सांसद पहले ही भाजपा में शामिल हो चुके हैं। सत्र के दौरान विपक्ष की ओर से नीट-यूजी पेपर लीक का मामला और ऑपरेशन सिंदूर में हुई हताहतों को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की टिप्पणियों का मुद्दा उठाए जाने की संभावना है। कांग्रेस ने रक्षा मंत्री के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस भी दिया है। प्रस्तावित 130वें संविधान संशोधन विधेयक की जांच कर रही संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के 17 जुलाई को अपनी रिपोर्ट अपनाने की उम्मीद है। इसके बाद समिति संसद में अपनी रिपोर्ट पेश करेगी।

## कर्नाटक में परिवहन मंत्री ही शिकार

# छुट्टे पैसे नहीं दे सकते तो उतरो कंडक्टर ने बस से नीचे उतारा

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक के परिवहन मंत्री बायराथी सुरेश ने बेंगलुरु में शनिवार रात एक



औचक निरीक्षण करने निकले और वह एक बस में चढ़े। कंडक्टर ने मंत्री को बस से नीचे उतरने की हिदायत दे दी। मंत्री ने बेंगलुरु में 2 घंटे तक 10 से अधिक बीएमटीसी बसों में मास्क पहनकर सफर किया, ताकि सेवाओं का निरीक्षण कर सकें। ड्राइवर और कंडक्टर को सस्पेंड कर दिया। खुले पैसे न होने से उन्हें उतार दिया।

### मंत्री चुपचाप उतर गए

100 रुपए का नोट देख कंडक्टर ने उनसे खुल्ले पैसे मांगे। जब मंत्री ने कहा कि उनके पास खुल्ले पैसे नहीं है तो कंडक्टर ने कहा उसके पास भी छुट्टा पैसे नहीं है। उसने कहा कि अगर उनके पास छुट्टा पैसे नहीं है तो वह बस से उतर जाएं। कंडक्टर को इस बात का जरा भी आभास नहीं था कि वह राज्य के परिवहन मंत्री हैं। इसके बाद मंत्री चुपचाप बस से उतर गए।

## कोलकाता में 'स्पेशल 26' की तरह लूट

# पुलिस के भेष में आए लुटेरों ने कारोबारी से लूटे 2 करोड़

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

राजधानी कोलकाता के एक कारोबारी के दफ्तर में शुक्रवार को पुलिस का भेष



बनाकर आए लुटेरों ने रेड के बहाने कथित तौर पर 2 करोड़ रुपए लूट लिए। यह घटना फिल्म स्पेशल 26 से मेल खाती है। पुलिस ने कहा कि लुटेरों ने दक्षिणी कोलकाता के कारोबारी को बताया कि वे पुलिस डिटेक्टिव हैं और प्रतापादित्य रोड पर स्थित उनके ऑफिस में भारी मात्रा में कैश की तलाशी लेने आए हैं।

### कारोबारी और कर्मचारियों के फोन जब्त कर लिए

पुलिस ने बताया कि लुटेरों ने पहले कारोबारी को फर्जी पहचान पत्र दिखाए और फिर कारोबारी और उनके कर्मचारियों के फोन भी जब्त कर लिए। लुटेरों ने कर्मचारियों को धमकाया कि उनसे ऑफिस में रखे कैश के बारे में पूछताछ की और पता लगाया कि वह एक वॉल्ट (तिजोरी) में रखा है।

## दो शहरों में महिलाओं ने पार्टी पर लगाए सनसनीखेज आरोप

यूटीबी के पूर्व सांसद पर बहू के गंभीर आरोप

# गोमूत्र पिलाया, बाल नोचे और मानसिक-शारीरिक प्रताड़ना दी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

उद्धव ठाकरे गुट के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद विनायक राउत के परिवार के खिलाफ उनकी बहू गिरिजा राउत ने



मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना और अंधविश्वास से जुड़े कई सनसनीखेज आरोप लगाए हैं। बहु की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।दरअसल, विनायक राउत की बहू गिरिजा राउत ने आरोप लगाया है कि पति की बांझपन की समस्या को लेकर ससुराल वालों ने उसे तांत्रिकों के पास जाने, अंधविश्वास के नाम पर बाल नोचने और जबरन गोमूत्र पीने पर मजबूर किया।

### पूर्व टीएमसी विधायक पर आरोप

### बाल मुंडवाए, ब्लेड से जीभ काटने की कोशिश भी की

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के बरुईपुर में छठी की छात्रा के साथ कुछ दिन पहले ही रेप और हत्या का मामला सामने आया था। इसके कुछ दिनों बाद 30 साल की एक महिला ने आरोप लगाया है कि नरेंद्रपुर में प्रॉपर्टी के झगड़े को लेकर टीएमसी की पूर्व विधायक फिरदौसी बेगम से जुड़े कुछ लोगों ने उसके साथ मारपीट की। उसके साथ मारपीट की गई, उसके बाल मुंडवा दिए गए और हमलावरों ने ब्लेड से उसकी जीभ काटने की कोशिश की।

## कालेश्वरम प्रोजेक्ट पर बीआरएस और रेवंत रेड्डी भिड़े

# किसी ने साइको कहा तो कोई बेल्ट ट्रीटमेंट पर उतरा, बीआरएस ने माफी की मांग की

### सियासी विवाद और तेज हो गया

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

तेलंगाना में कालेश्वरम लिफ्ट सिंचाई परियोजना को लेकर सियासी विवाद और तेज हो गया है। सीएम रेवंत रेड्डी की प्रोजेक्ट पर की गई टिप्पणियों को लेकर विपक्षी भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने कड़ा विरोध जताया है। बीआरएस ने रेड्डी से बिना शर्त माफी मांगने की मांग की है। विवाद की वजह सीएम का वह बयान था जिसमें उन्होंने विपक्षी नेताओं को 'बेल्ट ट्रीटमेंट' देने की बात कही। उन्होंने यह भी



कहा कि अगर उनका खून, अहंकार और चर्बी खेतों में गिरे तो किसान उसकी खाद के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं। उन्होंने बीआरएस नेताओं केटी.रामाराव और टी. हरीश राव पर भी तीखा हमला बोलते हुए उन्हें कालेश्वरम परियोजना में कूद जाने तक की टिप्पणी कर दी।

### बीआरएस ने रेड्डी पर साधा निशाना

बीआरएस के हरीश राव ने कहा कि अगर किसानों को पानी देने में उनका खून ही बाधा है तो वे इसके लिए भी तैयार हैं, लेकिन किसानों को सिंचाई का पानी मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजनीतिक आलोचना लोकतंत्र का हिस्सा है, लेकिन विपक्ष का खून खेतों में बहाने या बेल्ट ट्रीटमेंट जैसी भाषा का प्रयोग स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने मुख्यमंत्री से सार्वजनिक गलती स्वीकार कर बिना शर्त माफी मांगने की मांग की।

## केंद्रीय मंत्री बिट्टू का 'सतलुज' के निर्माताओं को चैलेंज

# '25 हजार लापता' वाले आंकड़े को सही साबित करो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिलजीत दोसांझ की फिल्म सतलुज को ओटीटी प्लेटफॉर्म से हटा दिया गया है। इस बीच केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने कहा कि फिल्म के



निर्माताओं ने विवादित दावों को स्थापित इतिहास के तौर पर पेश करने के लिए क्रिएटिव फ्रीडम की ढाल का इस्तेमाल नहीं कर सकते। बिट्टू ने कहा कि मैं निर्माताओं और डायरेक्टर को खुली चुनौती देता हूं कि वे पंजाब के लोगों के सामने वे सभी डॉक्यूमेंट्री सबूत, रिकॉर्ड, न्यायिक नतीजे और प्रमाणित डेटा पेश करें।

### प्रमाणित डेटा पेश करें, जिसके आधार पर इसे पेश किया

### संवैधानिक और कानूनी विकल्प पर विचार करेंगे



बिट्टू ने कहा कि अगर सतलुज के निर्माता सही समय में डॉक्यूमेंट्री सबूत पब्लिक करने में नाकाम रहे, तो वह सभी मौजूद संवैधानिक और कानूनी विकल्प पर विचार करेंगे ताकि यह पक्का हो सके कि इतिहास देश के सामने फैक्ट्स के उलट तरीके से पेश न किया जाए। पंजाब के मानवाधिकार कार्यकर्ता जसवंत सिंह खालड़ा के जीवन पर बनी फिल्म सतलुज इन दिनों पंजाब के कई गांवों में दिखाई जा रही है। ऐसा ही एक गांव लुधियाना के जंगपुर में है, जहां एक गुरुद्वारे के बगल में खाली प्लॉट में गुरुवार की रात को फिल्म की स्क्रीनिंग की गई।

### इतिहास कहानियों के आधार पर नहीं लिखा जा सकता

बिट्टू ने कहा कि पंजाब का इतिहास चुनिंदा कहानियों के आधार पर दोबारा नहीं लिखा जा सकता। हमेशा प्रोपेगैंडा से, फैक्ट्स को फिक्शन से और सबूतों को इमोशंस से ज़्यादा जीतना चाहिए। पंजाब में मिलिटेंट्स द्वारा हिंदुओं, बस पैसेंजर्स, दुकानदारों, कर्मचारियों को क्यों दिखाय गया।

### अनुमान के आधार पर क्यों पेश किया गया?

बिट्टू ने कहा कि अगर यह आंकड़ा सिर्फ एक अनुमान या आरोप पर आधारित है, तो इसे फिल्म में एक निर्विवाद ऐतिहासिक तथ्य के रूप में क्यों पेश किया गया है? दर्शकों को यह क्यों नहीं बताया गया कि यह संख्या किसी न्यायिक कमीशन द्वारा पक्के तौर पर स्थापित नहीं की गई है? इससे भी ज्यादा परेशान करने वाली बात यह है कि पंजाब के उग्रवाद के दौर के इतिहास को एकतरफा तरीके से पेश किया गया है।

## खबर संक्षेप

### एल्युमिनियम स्क्रैप पर लगा आयात शुल्क हटाने की मांग

**नई दिल्ली।** पुनर्चक्रण उद्योग ने सरकार से एल्युमिनियम कबाड़ यानी स्क्रैप पर लगने वाले 2.5 प्रतिशत शुल्क को समाप्त करने की मांग की है। मटेरियल रीसाइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एमआरएआई) ने कहा कि शुल्क हटाने से पुनर्चक्रण और एल्युमिनियम आधारित विनिर्माण उद्योग की लागत कम करने में मदद मिलेगी तथा वे वैश्विक स्तर पर अधिक प्रतिस्पर्धी बन सकेंगे।

### गोयल इस सप्ताह स्पेन और बेल्जियम जाएंगे



**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल व्यापार तथा निवेश को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए स्पेन, बेल्जियम और फिनलैंड की पांच दिवसीय यात्रा पर जाएंगे। वाणिज्य मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि प्रतिनिधिमंडल में उन्नत विनिर्माण, स्वच्छ ऊर्जा, डिजिटल प्रौद्योगिकी, रत्न एवं आभूषण, खाद्य प्रसंस्करण, स्वास्थ्य सेवा और डिजाइन जैसे क्षेत्रों की प्रमुख भारतीय कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। बयान के अनुसार, गोयल 13 जुलाई को गोलमेज सम्मेलन में हिस्सा लेंगे।

### भारत-कनाडा मुक्त व्यापार समझौते पर वार्ता हुई पूरी

**नई दिल्ली।** भारत और कनाडा के बीच प्रस्तावित वृहद आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) पर तीसरे दौर की वार्ता 10 जुलाई को ओटावा में पूरी हो गई है। दोनों देशों ने इस समझौते पर 2026 के भीतर बातचीत पूरी करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। माल एवं सेवाओं का व्यापार, बौद्धिक संपदा, मूल स्थान के नियम, स्वच्छता और पादप-स्वच्छता संबंधी उपाय तथा व्यापार में तकनीकी बाधाएं आदि मुद्दों पर पांच दिन तक बातचीत हुई।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# अब नहीं बनेंगी आपकी एआई तस्वीरें! मेटा ने विवादित 'म्यूज इमेज' फीचर हटाया

## मेटा ने आठ जुलाई को इंस्टाग्राम पर एक एआई फीचर लांच किया था

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मेटा ने आठ जुलाई 2026 को इंस्टाग्राम के लिए म्यूज इमेज नाम का एक एआई फीचर लांच किया था। जिसका उद्देश्य क्रिएटिविटी को बढ़ावा देना था। इसकी मदद से कोई भी यूजर किसी पब्लिक इंस्टाग्राम अकाउंट का नाम लिखकर उसकी तस्वीरों से नई एआई इमेज तैयार कर सकता था।

इसके लिए यूजर को केवल प्रॉम्प्ट में उस अकाउंट का नाम यानी यूजरनेम लिखना होता था, और एआई उस प्रोफाइल की तस्वीरों के आधार पर एक बिल्कुल नया डिजिटल रूप तैयार कर देता। दुनियाभर में इस फीचर का विरोध किया गया, क्योंकि लोगों की प्राइवेसी के लिए खतरा था। मेटा ने फीचर का बचाव करने की कोशिश की। मेटा ने क्या कहा जब विवाद बढ़ने लगा, तो मेटा ने अपने आधिकारिक ब्लॉग पोस्ट में बताया कि म्यूज इमेज फीचर को बंद कर दिया गया है। कंपनी के मुताबिक, इस टूल का उद्देश्य यूजर्स को एक नया क्रिएटिव एआई अनुभव देना था, लेकिन संभावित गलत इस्तेमाल और मिले फीडबैक को देखते हुए इसे हटाने का फैसला लिया गया।

अब अगर कोई यूजर मेटा एआई में किसी इंस्टाग्राम अकाउंट को टैग करके एआई इमेज बनाने की कोशिश करेगा, तो चैटबॉट ऐसा करने से इंकार कर देगा।

### कैसे शुरू हुआ विवाद?

फीचर लांच होते ही सोशल मीडिया पर इसकी आलोचना शुरू हो गई। यूजर्स का कहना था कि उनकी परमिशन के बिना तस्वीरों को एआई मॉडल में इस्तेमाल करना प्राइवेसी के खिलाफ है। कई लोगों ने आशंका जताई कि इस फीचर का इस्तेमाल करके किसी की फर्जी एआई इमेज बनाई जा सकती है, जिससे पहचान के दुरुपयोग और डिजिटल धोखाधड़ी का खतरा बढ़ सकता है। यानी की इससे डीपफेक जैसे मामले भी बढ़ सकते हैं।




### हॉलीवुड से भी उठा विरोध

इस फीचर से केवल आम यूजर्स को ही नहीं, बल्कि हॉलीवुड के दिग्गजों को भी समस्या थी। मशहूर टैलेंट एजेंसी सीएए, जो टॉम क्रूज और जेंडाया जैसे कलाकारों का प्रतिनिधित्व करती है, ने भी इस फीचर पर आपत्ति जताई। उनका कहना था कि किसी व्यक्ति की तस्वीरों का एआई के लिए उपयोग उसकी स्पष्ट सहमति के बिना नहीं होना चाहिए।

## सीआरईए ने कहा, पिछले माह से 34 फीसदी अधिक आयात

# भारत ने जून में रूस से रिकॉर्ड 4.5 अरब यूरो का कच्चा तेल खरीदा : रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत ने इस साल जून में रूस से रिकॉर्ड मात्रा में कच्चे तेल का आयात किया है और यह इससे पिछले महीने की तुलना में 34 प्रतिशत अधिक रहा है। हालांकि, इस दौरान अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतों में नरमी के कारण रूस की तेल निर्यात से होने वाली आय में कमी दर्ज की गई।

- कीमतों में नरमी के कारण तेल निर्यात से आय में कमी दर्ज

सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर (सीआरईए) की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार, जून में भारत ने रूस से 4.5 अरब यूरो मूल्य का कच्चा तेल खरीदा, जो रूस से उसके कुल 5.5 अरब यूरो के जीवाश्म ईंधन आयात का 83 प्रतिशत बैठता।

**खास बातें**

- जून में भारत ने रूस से 4 .5 अरब यूरो मूल्य का कच्चा तेल खरीदा



### ब्रिटिश सरकार के विशेष प्रावधान से आयात हुआ संभव

रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि यूरोपीय संघ द्वारा रूसी कच्चे तेल से बने उत्पादों के आयात पर प्रतिबंध के बावजूद जून में भारतीय रिफाइनरियों से भेजी गई ऐसी दो खेप यूरोपीय बंदरगाहों पर उतारी गईं। इसके अलावा, ब्रिटेन ने भी जून में जामनगर रिफाइनरी से रूसी कच्चे तेल से तैयार जेट ईंधन की पहली खेप प्राप्त की। ब्रिटिश सरकार द्वारा दिए गए विशेष प्रावधान के तहत यह आयात संभव हुआ।

### रूसी तेल की आपूर्ति भारतीय रिफाइनरियों में बढ़ी

इस तरह भारत चीन के बाद रूस से हाइड्रोकार्बन खरीदने वाला दूसरा सबसे बड़ा देश रहा। भारत के कुल कच्चे तेल आयात में जून के दौरान मासिक आधार पर 5.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इस दौरान रूसी तेल की आपूर्ति भारतीय रिफाइनरियों में उल्लेखनीय रूप से बढ़ी।

### रिलायंस की रिफाइनरी से तेल की आपूर्ति

रिलायंस इंडस्ट्रीज की जामनगर रिफाइनरी में रूस से तेल की आपूर्ति मई की तुलना में 150 प्रतिशत, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) की पारादीप रिफाइनरी में 126 प्रतिशत, भारत पेट्रोलियम (बीपीसीएल) की कोच्चि रिफाइनरी में 83 प्रतिशत और नायरा एनर्जी की वाडिनार रिफाइनरी में 45 प्रतिशत बढ़ी।

### भारत की निर्यात मात्रा 14 प्रतिशत बढ़ी

सीआरईए के अनुसार, भारत की बढ़ी हुई खरीदारी से जून में रूस के कच्चे तेल के निर्यात की मात्रा 14 प्रतिशत बढ़ गई। इसके बावजूद कम कीमतों के कारण रूस की कच्चे तेल से दैनिक निर्यात आय आठ प्रतिशत घटकर 34.8 करोड़ यूरो प्रतिदिन रह गई। कुल मिलाकर रूस के जीवाश्म ईंधन निर्यात की दैनिक आय एक प्रतिशत घटकर 73.4 करोड़ यूरो रह गई, जबकि निर्यात मात्रा सात प्रतिशत बढ़ी।

### भारत वैश्विक व्यापार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा

रिपोर्ट कहती है जून में भारत द्वारा रूस से आयात किए गए 5.5 अरब यूरो के जीवाश्म ईंधन में 4.5 अरब यूरो का कच्चा तेल, 48.8 करोड़ यूरो के पेट्रोलियम उत्पाद और 44.4 करोड़ यूरो का कोयला शामिल था। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत, रूस के कच्चे तेल से तैयार किए गए परिष्कृत ईंधन के वैश्विक व्यापार में भी अहम भूमिका निभा रहा है।

### 81.4 करोड़ यूरो मूल्य का उत्पाद निर्यात

जून में भारत, तुर्किये, ब्रुनेई और जॉर्जिया की रिफाइनरियों ने रूस पर प्रतिबंध लगाने वाले देशों—यूरोपीय संघ, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया-को 81.4 करोड़ यूरो मूल्य के पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात किया। इनमें से लगभग 36.9 करोड़ यूरो के उत्पाद रूसी कच्चे तेल से तैयार किए गए थे।

# खाड़ी में तनाव से सोने-चांदी पर दबाव बने रहने की संभावना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



अमेरिका-ईरान संघर्ष में ताजा तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और महंगाई के आंकड़ों पर निवेशकों की नजर के बीच अगले सप्ताह सोने और चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव बने रहने की संभावना है। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों ने कहा कि कीमती धातुओं में फिलहाल गिरावट का रुख कायम रह सकता है। विश्लेषकों ने कहा कि महंगाई के आंकड़े वैश्विक ब्याज दरों को लेकर बाजार की उम्मीदों को प्रभावित कर सकते हैं। पश्चिम एशिया में ताजा तनाव से एक बार फिर वैश्विक बाजारों में चिंता बढ़ गई है। ईरान ने हाल में कहा था कि उसने एक ऐसे जहाज को निशाना बनाया जो उसकी मंजूरी के बिना मार्ग से गुजर रहा था। इसके बाद उसने होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की घोषणा की। इसके बाद अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने ईरान पर हमले किए, जिसके जवाब में ईरान ने संयुक्त अरब अमीरात , कुवैत और बहरीन में अमेरिका से जुड़े ठिकानों को निशाना बनाया।

- कच्चे तेल की कीमतों पर निवेशकों की नजर

जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (जिंस एवं मुद्रा शोध) प्रणव मेर ने कहा, "सोने और चांदी में फिलहाल गिरावट और 'करेक्शन' का दौर जारी है। अब बाजार का ध्यान फिर से अमेरिका-ईरान संघर्ष पर रहेगा।


### हर उछाल पर निवेशकों की मुनाफावसूली

*मेर ने कहा कि बीच-बीच में सुधार की कोशिशों के बावजूद सर्राफा कीमतें तेजी को बनाए रखने में विफल रहीं और हर उछाल पर निवेशकों ने मुनाफावसूली की। त्रिवेदी ने कहा कि भारतीय रुपये में मामूली गिरावट से एमसीएक्स सोने को सीमित समर्थन मिला, लेकिन वैश्विक बाजार में कमजोर रुख ने इसके प्रभाव को काफी हद तक संतुलित कर दिया।*

# तिमाही नतीजों से तय होगी घरेलू शेयर बाजार की चाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्थानीय शेयर बाजार की चाल अगले सप्ताह अमेरिका-ईरान के बीच भू-राजनीतिक तनाव, कंपनियों के तिमाही नतीजों, कच्चे तेल की कीमतों और महंगाई के आंकड़ों से तय होगी। बाजार विश्लेषकों का मानना है कि मानसून की प्रगति और विदेशी निवेशकों (एफपीआई) की कारोबारी गतिविधियों पर भी निवेशकों की करीबी नजर रहेगी। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध)



अजित मिश्रा ने कहा कि घरेलू स्तर पर निवेशक जून के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) और थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़ों के साथ-साथ विदेशी मुद्रा भंडार के ताजा आंकड़ों पर ध्यान देंगे। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही के नतीजों का सीजन अब रफ्तार पकड़ेगा।

### मुद्रास्फीति का आंकड़ा होगा आज जारी

मीणा ने कहा कि भारत का सीपीआई आधारित मुद्रास्फीति का आंकड़ा सोमवार को और डब्ल्यूपीआई आधारित मुद्रास्फीति का आंकड़ा मंगलवार को जारी होगा। इसके अलावा ग्रामीण मांग और महंगाई पर प्रभाव को देखते हुए मानसून की प्रगति पर भी निवेशकों की नजर रहेगी।

# चार माह की बिकवाली के बाद विदेशी निवेशक लौटे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने लगातार चार महीने तक बिकवाली करने के बाद जुलाई में अबतक भारतीय शेयरों में 15,157 करोड़ रुपये से अधिक का शुद्ध निवेश किया है। बेहतर होते घरेलू व्यापक आर्थिक संकेतकों, रुपये की स्थिरता और वैश्विक स्तर पर जोखिम लेने की बढ़ती धारणा से यह रुझान देखने को मिला है। सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल)



के आंकड़ों के अनुसार, इससे पहले जून में एफपीआई ने 49,340 करोड़ रुपये, मई में 32,963 करोड़ रुपये, अप्रैल में 60,847 करोड़ रुपये और मार्च में 1.17 लाख करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की थी। इस बिकवाली के दौर से पहले फरवरी में विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार में 22,615 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया था। हालांकि, जुलाई में एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजार में शुद्ध निवेश किया है, लेकिन वर्ष 2026 में अब तक एफपीआई भारतीय शेयरों से कुल 2.60 लाख करोड़ रुपये निकाल चुके हैं। यह आंकड़ा पिछले वर्ष की समान अवधि में हुई 1.66 लाख करोड़ रुपये की निकासी से काफी अधिक है। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के प्रमुख प्रबंधक (शोध) हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि जुलाई में निवेश की वापसी वैश्विक स्तर पर जोखिम लेने की बढ़ती प्रवृत्ति, इस महीने की शुरुआत में भू-राजनीतिक तनाव कम होने के बाद ऊर्जा कीमतों को लेकर चिंता घटने और भारत की मजबूत व्यापक आर्थिक स्थिति पर बढ़े भरोसे का परिणाम है।

- जुलाई में अबतक एफपीआई ने डाले 15,157 करोड़ रुपए
- वैश्विक स्तर पर जोखिम लेने की धारणा का रुझान दिखा

## राशिफल

| राशि | फल |
| --- | --- |
| मेष | मन परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पिता का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं। |
| वृष | नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च अधिक रहेंगे। |
| मिथुन | कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध से बचें। |
| कर्क | किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते है। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। पारिवारिक समस्याएं परेशान कर सकती हैं। |
| सिंह | परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। सम्मान में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है। |
| कन्या | संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं। अफसरों से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। |
| तुला | नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। |
| वृश्चिक | मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। |
| धनु | सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। परिवार में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। |
| मकर | किसी भवन या सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। भाई-बहनों का साथ मिलेगा। |
| कुंभ | आय में वृद्धि तो होगी, परन्तु अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं। |
| मीन | शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। |

# बीते वित्त वर्ष एफएमसीजी में कर्मियों की संख्या घटी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश की प्रमुख रोजमर्रा के उपभोग का सामान (एफएमसीजी) बनाने वाली कंपनियों के कर्मचारियों की संख्या में बीते वित्त वर्ष 2025-26 में मिला-जुला रुख देखने को मिलता है। इन कंपनियों की वार्षिक रिपोर्ट से यह जानकारी मिली है। बीते वित्त वर्ष में जहां हिंदुस्तान यूनिलीवर (एचयूएल) और डाबर इंडिया ने अपने स्थायी कर्मचारियों की संख्या घटाई, वहीं नेस्ले इंडिया, मैरिको और टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (टीसीपीएल) ने अपने कार्यबल का विस्तार किया। वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में इन कंपनियों में कर्मचारियों के वेतन में औसतन 6.08 प्रतिशत से 12.1 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई।




### एचयूएल में स्थायी कर्मचारियों की संख्या घटी

सबसे अधिक 12.1 प्रतिशत की वृद्धि टीसीपीएल ने की, जबकि एचयूएल में यह वृद्धि सबसे कम 6.08 प्रतिशत रही। एचयूएल के स्थायी कर्मचारियों की संख्या 31 मार्च, 2026 तक घटकर 5,898 रह गई, जो एक वर्ष पहले 6,604 थी। यानी कंपनी के स्थायी कर्मचारियों की संख्या में 700 से अधिक की कमी आई।

### डाबर ने कर्मचारियों के औसत वेतन में वृद्धि की

घरेलू एफएमसीजी कंपनी डाबर इंडिया के स्थायी कर्मचारियों की संख्या भी घटकर 4,770 रह गई, जो पिछले वर्ष 5,343 थी। इसके बावजूद कंपनी ने कर्मचारियों के औसत वेतन में 7.7 प्रतिशत की बढ़ोतरी की, जबकि 2024-25 में यह वृद्धि छह प्रतिशत थी।

### एफएमसीजी स्वचालन पर अधिक निवेश कर रही

विशेषज्ञों का कहना है कि एफएमसीजी कंपनियां अब विनिर्माण, गोदाम, आपूर्ति श्रृंखला और बैक-ऑफिस संचालन में स्वचालन (ऑटोमेशन) पर अधिक निवेश कर रही हैं। डिजिटल उपकरण, कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित विश्लेषण, स्वचालित पैकेजिंग लाइन और एकीकृत ईआरपी प्रणालियों के इस्तेमाल से कंपनियां कम कर्मचारियों के साथ अधिक उत्पादन और वितरण करने में सक्षम हो रही हैं।

### नेस्ले में मामूली कर्मचारी बढ़े

नेस्ले इंडिया में कुल कर्मचारियों की संख्या मामूली बढ़कर 8,680 हो गई, जबकि स्थायी कर्मचारियों की संख्या 8,419 से घटकर 8,382 रह गई। कंपनी ने कर्मचारियों के वेतन में औसतन 7.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। दूसरी ओर, मैरिको और टीसीपीएल ने अपने स्थायी कर्मचारियों की संख्या बढ़ाई।

### पूंजीकरण में सबसे अधिक लाभ में एचडीएफसी बैंक रही

**नई दिल्ली।** पिछले सप्ताह शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव के बावजूद सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से चार के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 92,995.48 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ एचडीएफसी बैंक और भारती एयरटेल को हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 194.52 अंक यानी 0.25 प्रतिशत और एनएसई का निफ्टी 63.95 अंक यानी 0.26 प्रतिशत गिरावट के साथ बंद हुआ। शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के बाजार पूंजीकरण में वृद्धि दर्ज की गई।




## शब्द पहेली - 6285



**बाएँ से दाएँ**


1.शरीफ,नेकनीयत–5
4.जिसे सुनाई न दे–3
6.मां का भाई–2
7.एकमात्र,सिर्फ एक–3
8.अधिकार–2
10.सिर झुकाना–3
11.दुर्घटना–4
14.दूध फाड़कर बनाया जानेवाला पदार्थ–3
16.राजदार–4
17.राजा की पत्नी–2
18.वीज, वीर्य–2
19.मीठा पेय पदार्थ–4
21.पानी की बूंद–3
22.अवरोध,बाधा–4
24.मैला,अस्वच्छ–3
25.पानी,जल–2
27.पुत्र,लड़का–3
28.लाश,पार्थिव देह–2
29.थकावट–3
30.मन मोहने वाला–5

**ऊपर से नीचे**

1.समाजवाद को माननेवाला अनुयायी–5
2.अस्थमा–2
3.राज्य,सल्तनत–4
4.तन,काया,देह–3
5.रास्ता,मार्ग–2
7.नखरा,भुगतान–2
9.डोली उठाने वाले–3
12.बिजली,विद्युत रश्मि–3
13.भद्रता,नेकनियत –4
15.कमल,पंकज–3
16.बुखरा,ज्वर ताप–4
17.आराम,मदद–3
18.घना वन–3
20.मन को भाने वाला –2,3
21.कथा,गाथा–3
22.कहासुनी–4
23.मनन करना–3
24.शराब–2
26.घोड़ागाड़ी–2
28.बढ़ावा देना–2

**शब्द पहेली-6284 का हल**

| | | | | | | | | | | |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| | य | ह | ज | नी | | फि | स | ल | ना | |
| अ | | क | हा | र | | त | न | य | | बु |
| ह | क | | न | व | | र | म | | फ | न |
| म | म | ता | | ता | क | त | | चा | त | क |
| क | र | त | ब | | म | | त | ल | वा | र |
| | | | ल | ह | र | दा | र | | | |
| ला | व | ज | मा | | बं | | स | ह | ल | ज |
| ज | त | न | | म | द | द | | म | ग | न |
| वा | न | | क | न | | ह | म | | न | म |
| ब | | त | म | स | | ली | ट | र | | त |
| | मे | ह | रा | ब | | ज | र | ब | फ्त | |



# अल्वारेज के जादू से सेमीफाइनल पहुंची अर्जेंटीना, स्विट्जरलैंड लौटी घर

**अतिरिक्त समय में जूलियन अल्वारेज और लौतारो मार्तिनेज के गोल की मदद से मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना ने स्विटजरलैंड को 3-1 से हराकर विश्व कप सेमीफाइनल में जगह बना ली, जहां उसका सामना इंग्लैंड से होगा हालांकि यह मुकाबला उतना आसान नहीं था, जिनका सोचा जा रहा था।**




एजेंसी ▶▶ कंसास सिटी

विश्व कप में लगातार गोल करने का लियोनेल मेस्सी का 9 मैचों का सिलसिला टूट गया लेकिन लगातार दूसरे खिताब से अब वह सिर्फ दो जीत दूर हैं। सेमीफाइनल में उसे इंग्लैंड से खेलना है। दूसरे सेमीफाइनल में फ्रांस का सामना स्पेन से होगा और पहली बार फीफा रैंकिंग की शीर्ष चारों टीमें विश्व कप सेमीफाइनल में पहुंची हैं। दूसरा हाफ काफी नाटकीय रहा और एक बार फिर रैफरी के फैसले के बाद आलोचक मुखर हो जाएंगे कि टूर्नामेंट में अर्जेंटीना का पक्ष लिया जा रहा है। स्विटरजलैंड ने 67वें मिनट में डैन एनडोये के गोल की मदद से बराबरी की थी जब ब्रील एम्बोलो से टकराने के कारण लिएंड्रो पेरेदेस को येलो कार्ड दिखाया गया। वीडियो से हालांकि जाहिर था कि स्विस खिलाड़ी एम्बोलो अर्जेंटीना के मिडफील्डर से टकराने से पहले ही गिर रहे थे। एम्बोलो को मैच में पहले ही येलो कार्ड मिल चुका था, जो उसे रेडकार्ड में बदल दिया गया। स्विटजरलैंड को आखिर में दस खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। इस विश्व कप में दूसरी बार येलो कार्ड का फैसला बदला गया है। दूसरे हाफ में स्विस टीम ने लगातार हमले बोले और रिकार्डो रौड्रिगेज के पास पर एनडोये ने बराबरी का गोल दाग दिया। इसके कुछ देर बाद ही हालांकि एम्बोलो को रेडकार्ड मिला। निर्धारित समय तक स्कोर 1-1 से बराबर रहने के बाद मुकाबला अतिरिक्त समय तक गया।

## एम्बोलो को रेडकार्ड से आगबबूला स्विटजरलैंड टीम



स्विजटरलैंड के फॉरवर्ड ब्रील एम्बोलो को अर्जेंटीना के खिलाफ विश्व कप क्वार्टर फाइनल मैच के दूसरे हाफ में वीडियो रिव्यू के बाद रेडकार्ड दिखाए जाने के फैसले पर विवाद हो गया है और यह तो तय है कि इससे पूरे टूर्नामेंट में रैफरियों की ओर से अर्जेंटीना का पक्ष लिए जाने की आलोचना करने वाले और मुखर हो जाएंगे।स्विटजरलैंड के लिए डैन एनडोये ने 67वें मिनट में बराबरी का गोल दागा । इसके बाद अर्जेंटीना के मिडफील्डर लिएंड्रो पेरेडेस को एम्बोलो से टकराने के कारण येलो कार्ड दिखाया गया लेकिन वीडियो रिव्यू में नजर आया कि पेरेडेस से टकराने से पहले ही एम्बोलो गिर रहे थे। एम्बोलो को मैच में पहले येलो कार्ड मिल चुका था, जिसकी वजह से उन्हें रेडकार्ड दिया गया। मैच 1-1 से बराबर होने के बाद स्विटजरलैंड को दस खिलाड़ियों के साथ ही खेलना पड़ा।

## लगातार गोल का मेस्सी का सिलसिला टूटा

विश्व कप में लगातार गोल का लियोनेल मेस्सी का 9 मैचों का सिलसिला आखिरकार स्विटजरलैंड के खिलाफ टूट गया लेकिन अर्जेंटीना को स्विटजरलैंड पर 3-1 से जीत दिलाने में उन्होंने अहम योगदान दिया। इस विश्व कप में फ्रांस के कीलियन एमबाप्पे के साथ सर्वाधिक आठ गोल कर चुके मेस्सी ने दसवें मिनट में कॉर्नर किक हासिल की और अपने कलात्मक खेल से बॉक्स के भीतर एलेक्सिस मैक एलिस्टर को गेंद सौंपी, जिन्होंने अर्जेंटीना को बढत दिलाई। दूसरे हाफ में दाहिने घुटने के पास ठोकर लगने से मेस्सी को ट्रेनर की मदद लेनी पड़ी थी। स्विटजरलैंड ने 67वें मिनट में बराबरी का गोल किया लेकिन अतिरिक्त समय में जूलियन अल्वारेज और लौतारो मार्तिनेज के गोल के दम पर अर्जेंटीना ने 3-1 से जीत दर्ज की। मैच से पहले स्विटजरलैंड के कोच मुरात याकिन से पूछा गया था कि मेस्सी को कैसे रोकेंगे, जो विश्व कप के कैरियर में अब तक 21 गोल कर चुके हैं और पिछले नौ मैचों में गोल किया है। इस पर उन्होंने मजाकिया लहजे में कहा,' यह काफी हैरान करने वाला सवाल है।

# 2018 के बाद पहली बार सेमीफाइनल में इंग्लैंड, नहीं चला हालैंड का जादू

- अब सेमीफाइनल में अर्जेंटीना से महामुकाबला
- इंग्लैंड ने नॉर्वे को 2-1 से हराया, बेलिंगहम ने दागे 2 गोल



**मियामी गार्डंस।** जूड बेलिंगहम के दो गोल की मदद से इंग्लैंड ने एर्लिंग हालैंड की नॉर्वे को 2-1 से हराकर 2018 के बाद पहली बार विश्व कप फुटबॉल के सेमीफाइनल में जगह बना ली। बेलिंगहम ने अतिरिक्त समय के तीसरे मिनट में विजयी गोल से पहले शुरुआती हाफ में बराबरी का गोल भी किया था। बेलिंगहम के अब हैरी केन के बराबर छह गोल हो गए हैं और वह आठ गोल करने वाले फ्रांस के कीलियन एमबाप्पे और अर्जेंटीना के लियोनेल मेस्सी और नॉर्वे के एर्लिंग हालैंड (सात गोल) से ही पीछे हैं। इस विश्व कप के हर मैच में गोल करने वाले छह फुट पांच इंच लंबे हालैंड का जादू इस मैच में नहीं चल सका। उन्होंने अंतिम 16 के मुकाबले में सह मेजबान मैक्सिको के खिलाफ भी दो गोल किए थे। पिछले 60 साल में खिताब नहीं जीत सकी विश्व कप 1966 विजेता इंग्लैंड का सामना अब अर्जेंटीना से होगा।




## नहीं रहे दक्षिण अफ्रीका के मिडफील्डर एडम्स



**जोहानिसबर्ग।** विश्व कप खेल चुके दक्षिण अफ्रीका के मिडफील्डर जेडेन एडम्स का 25 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। दक्षिण अफ्रीका के खेल, कला और संस्कृति मंत्री गेटोन मैकेंजी ने उनके निधन की पुष्टि की। मैकेंजी ने एक्स पर लिखा,' बहुत दुख और भारी मन से यह बता रहा हूं कि मुझे जेडन एडम्स के निधन के बारे में पता चला है, जो टीम के मिडफील्डर थे। वह 25 वर्ष के थे।' उन्होंने लिखा,' दक्षिण अफ्रीका फुटबॉल ने अपने सबसे प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों में से एक को खो दिया। उनके परिवार, टीम और लाखों प्रशंसकों के साथ पूरा देश शोक में है।'

## खबर संक्षेप



### एवियन चैंपियनशिप : संयुक्त 33वें स्थान पर अदिति

**एवियन-लेस-बैंस।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने तीसरे राउंड में दो अंडर 69 का स्कोर बनाया, जिससे वह एवियन चैंपियनशिप में संयुक्त 33वें स्थान पर पहुंच गईं। अदिति ने पार-71 वाले कोर्स पर शुरुआती दो राउंड में एक समान 70 का स्कोर बनाया था। उन्होंने तीसरे राउंड में दो बोगी की और चार बर्डी बनाईं।

### महिला टेस्ट: भारत ने इंग्लैंड पर बनाई 365 रन की बढ़त

**लंदन।** इंग्लैंड के खिलाफ़ खेले जा रहे एकमात्र महिला टेस्ट मैच के तीसरे दिन रविवार को लंच तक भारत ने अपनी दूसरी पारी में चार विकेट पर 250 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। पहली पारी में 115 रन की बढ़त हासिल करने वाली भारतीय टीम की कुल बढ़त 365 रन हो गई थी। विकेटकीपर-बल्लेबाज़ यास्तिका भाटिया ने संयम के साथ नाबाद 91 रन बनाकर भारत की पारी को संभाले रखा। वह अपने पहले टेस्ट शतक से नौ रन दूर हैं। दिन की शुरुआत एक विकेट पर 154 के स्कोर से करने के बाद भारत को शुरुआती झटके लगे। लॉरेन बेल (27 रन पर दो विकेट) ने स्मृति मंधाना (70) और जेमिमा रोड्रिग्स (तीन) को जल्दी-जल्दी पवेलियन भेज दिया। कप्तान हरमनप्रीत कौर भी अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा सकीं और सोफी एक्लेस्टोन (84 रन पर दो विकेट) की गेंद पर 34 गेंदों में 16 रन बनाकर आउट हो गईं। दिन की शुरुआत 39 रन से करने वाली यास्तिका ने लंच ब्रेक तक 139 गेंदों की अपनी पारी के दौरान पूरा संयम दिखाया।

# टीम इंडिया में करारी हार के बाद दो बदलाव, प्रिंस और बिश्नोई को मौका

एजेंसी ▶▶ बर्मिंघम





युवा तेज गेंदबाज हर्षित राणा और अनुभवी स्पिनर वरुण चक्रवर्ती मांसपेशियों में खिंचाव के कारण अनिश्चितकाल के लिए प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से बाहर हो गए हैं और उनकी जगह भारत की आगामी एकदिवसीय और टी20 अंतरराष्ट्रीय टीमों में क्रमशः प्रिंस यादव और रवि बिश्नोई को शामिल किया गया है। प्रिंस, राणा की जगह इंग्लैंड में भारतीय एकदिवसीय टीम से जुड़ेंगे।

### बिश्नोई को मिला एक और मौका

ओल्ड ट्रैफर्ड में इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के 17वें ओवर में 29 रन खर्च कर भारत की हार के कारण बने लेग स्पिनर बिश्नोई को जिम्बाब्वे में इस महीने के आखिर में शुरू होने वाली तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए चक्रवर्ती की जगह एक और मौका मिला है।

बीसीसीआई ने कहा, 'राणा ने ट्रेंट ब्रिज में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय के दौरान अपने दाहिने पैर में अचानक तकलीफ महसूस की। बाद में हुए स्कैन में 'ग्रेड-एक हैमस्ट्रिंग' चोट की पुष्टि हुई।' बयान के अनुसार, ''उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ आगामी एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर कर दिया गया है। चक्रवर्ती 'ग्रेड-दो हैमस्ट्रिंग' चोट से जूझ रहे हैं। इस चोट के कारण उनके पूरी तरह फिट होने में तीन से छह महीने का समय लग सकता है।

### इंग्लैंड के खिलाफ वनडे अपडेटेड टीम

शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर (उप-कप्तान), केएल राहुल (विकेटकीपर), इशान किशन (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, शिवम दुबे, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, अर्शदीप सिंह, गुरनूर बराड़ और प्रिंस यादव।

### जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 अपडेटेड टीम

श्रेयस अय्यर (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा (उप-कप्तान), इशान किशन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, सूर्यांश शेडगे, रिंकू सिंह, हर्ष दुबे, प्रिंस यादव, यश ठाकुर, अशोक शर्मा, मयंक यादव, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर) और रवि बिश्नोई।

# लॉर्ड्स के 'ऑनर्स बोर्ड' पर क्रांति का नाम, बनीं पहली महिला गेंदबाज

एजेंसी ▶▶ लंदन



भारतीय तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच में पांच विकेट लेने के बाद 'लॉर्ड्स ऑनर्स बोर्ड' (सम्मान पट्टिका) पर नाम दर्ज कराने वाली पहली महिला बनना उनके और उनके परिवार के लिए बेहद गर्व की बात है।

क्रांति ने 37 रन देकर पांच विकेट लिए, जिससे भारत ने इंग्लैंड को 170 रन पर आउट कर दिया। क्रांति ने कहा, ' यह मेरे लिए पूरी तरह से अलग अहसास है। लॉर्ड्स ऑनर्स बोर्ड पर अपना नाम दर्ज कराने वाली पहली महिला बनने पर मुझे बहुत गर्व है। यह मेरे परिवार के लिए भी गर्व की बात है।' इस 22 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले साल इंग्लैंड के खिलाफ एक वनडे मैच में 52 रन देकर छह विकेट लिए थे।

### प्रत्येक गेंदबाज का सपना

क्रांति ने कहा, 'प्रत्येक गेंदबाज का सपना होता है कि वह पांच विकेट हासिल करे। हम पहली बार लॉर्ड्स में खेल रहे हैं, इसलिए मैं सोच रही थी कि अगर मैं अगर मैं पांच विकेट लेने में सफल रही तो सम्मान पट्टिका पर अपना नाम दर्ज करा सकती हूं और इससे टीम की जीत में भी मदद कर सकती हूं।' क्रांति ने लॉरेन बेल को आउट ने करके अपना पांचवा विकेट लिया जिनका शेफाली वर्मा ने शानदार कैच लिया था। क्रांति ने कहा, जो भी होता है अच्छे के लिए होता है। आज मुझे ऐसा लग रहा था कि मैं पांच विकेट ले लूंगी। स्नेह राणा (पहली स्लिप पर) ने कैच लेने के लिए वास्तव में अच्छा प्रयास किया था। जब वह उसे नहीं पकड़ पाई तो शेफाली ने उसे लपक लिया। मैं अपने पांच विकेट पूरे होने का जश्न मनाने वाली थी, लेकिन मेरे साथियों ने मुझे रिप्ले और फैसले का इंतजार करने को कहा।'

# वनडे सीरीज: वेस्टइंडीज ने न्यूजीलैंड को दी मात, बनाई 1-0 की बढ़त

**प्रोविडेंस।** केसी कार्टी के 95 और शाइ होप के नाबाद 87 रन की मदद से वेस्टइंडीज ने 5 मैचों की वनडे श्रृंखला के पहले मैच में न्यूजीलैंड को 7 विकेट से हराकर बढत बना ली। कार्टी अपना पांचवां वनडे शतक बनाने से पांच रन से चूक गए लेकिन उनकी और होप की 131 रन की साझेदारी की मदद से वेस्टइंडीज ने 267 रन का लक्ष्य सात गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया। होप ने शेरफान रदरफोर्ड (नाबाद 22) के साथ 31 गेंद में 45 रन की अटूट साझेदारी की।



### न्यूजीलैंड के डेरिल मिशेल ने जड़ा शतक

न्यूजीलैंड के लिए डेरिल मिशेल ने शतक लगाया जबकि विल यंग ने 49 रन की पारी खेली। दोनों ने पहले विकेट के लिए 80 रन जोड़े। इसके बाद हेनरी निकोल्स (27), माइकल ब्रेसवेल (29), मार्क चैपमैन (27), टॉम लैथम (25) और मिचेल सेंटनेर (21) अच्छी शुरुआत को बड़ी पारियों में नहीं बदल सके।

# तीरंदाजी विश्व कप : धीरज और कीर्ति पदक से चूके, रिकर्व वर्ग में उम्मीदें

**मैड्रिड।** धीरज बोम्मादेवरा और कीर्ति शर्मा की भारतीय रिकर्व मिश्रित जोड़ी 3-1 से बढ़त का फायदा नहीं उठा पाई और रविवार को तीरंदाजी विश्व कप के चौथे चरण में इटली से 3-5 से हारकर कांस्य पदक से चूक गई। अंताल्या विश्व कप चैंपियन धीरज के लिए यह विश्व कप निराशाजनक रहा। उन्होंने पिछले महीने तीसरे चरण में कुमकुम मोहद के साथ रिकर्व मिश्रित टीम का स्वर्ण पदक जीता था लेकिन मैड्रिड से उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ेगा। भारत की रिकर्व वर्ग में उम्मीदें अब पूरी तरह से कीर्ति पर टिकी हैं, जो व्यक्तिगत सेमीफाइनल में प्रतिस्पर्धा करेंगी। इस मैच में जीत हासिल करने पर 19 वर्षीय कीर्ति विश्व कप में अपना पहला पदक जीतने में सफल रहेंगी। कीर्ति ने पिछले महीने अंताल्या में विश्व कप में पदार्पण किया था।



# पाक के कोच मैकडरमॉट ने वेस्टइंडीज व इंग्लैंड दौरे से पहले टीम का साथ छोड़ा

भाषा ▶▶ लाहौर

पाकिस्तान के क्षेत्ररक्षण कोच शेन मैकडरमॉट ने एक साल तक काम करने के बाद वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के आगामी दौरे से ठीक पहले इस्तीफा दे दिया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के एक सूत्र ने बताया कि मैकडरमॉट टीम के साथ इन दौरों पर नहीं जाएंगे। पीसीबी ऑस्ट्रेलिया के इस कोच की जगह मंसूर अमजद को नियुक्त करने का इच्छुक है, जिन्होंने शाहीन (पाकिस्तान ए टीम) और अंडर-19 टीमों के साथ काम किया है। सूत्र ने कहा, ''मंसूर पाकिस्तान शाहीन और अंडर-19 टीम के क्षेत्ररक्षण कोच रहे हैं, उनके मैकडरमॉट की जगह लेने की संभावना है।'' पाकिस्तान सोमवार को वेस्टइंडीज के लिए रवाना होगा जहां उसे दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेलनी है। टीम उसके बाद तीन टेस्ट मैचों के लिए इंग्लैंड जाएगी। पीसीबी ने मैकडरमॉट के इस्तीफे का कोई कारण नहीं बताया है। यह पाकिस्तान क्रिकेट में किसी विदेशी कोच के बिना किसी स्पष्ट कारण के अपना काम छोड़ने का एक और मामला है।

इससे पहले फिजियो क्लिफ डीकन, मुख्य कोच गैरी कर्स्टन और जेसन गिलेस्पी के इस्तीफे शामिल हैं। पिछले कुछ वर्षों में पाकिस्तान क्रिकेट में कई विदेशी कोच और फिजियो आए और गए हैं।

# अंडर-23 ग्रीको-रोमन नेशनल रेसलिंग चैंपियनशिप: हरियाणा टीम रही अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में आयोजित अंडर-23 नेशनल कुश्ती प्रतियोगिता का रविवार को समापन हुआ। इस प्रतियोगिता में पहलवानों के बीच जोरदार टक्कर देखने को मिली। देश भर के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन दिखाया। हरियाणा ने 195 अंकों के साथ पहला स्थान हासिल किया, जबकि सर्विस स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड (एसएससीबी) 165 अंकों के साथ दूसरे और उत्तर प्रदेश 124 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। इस प्रतियोगिता में हरियाणा के पहलवानों ने 6 स्वर्ण और चार कांस्य सहित 10 पदक जीते। हरियाणा कुश्ती संघ के अध्यक्ष रमेश बोहर ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

| भार वर्ग | स्वर्ण | रजत | कांस्य |
|---|---|---|---|
| 55 किलोग्राम | निखिल हरियाणा | इंद्रजीत बिहार | हरिकेश एसएससीबी और शिवम मध्य प्रदेश |
| 60 किलोग्राम | खुन्दोंगबाम एसएससीबी | समर्थ महाराष्ट | विनय उत्तर प्रदेश व अशप्रीत दिल्ली |
| 63 किलोग्राम | नजबीर पंजाब | आदित्य महाराष्ट्र | वरुण हरियाणा व महादेव एसएससीबी |
| 67 किलोग्राम | सागर सिंह एसएससीबी | माउली महाराष्ट्र | योगेश दिल्ली व सुनील कुमार हरियाणा |
| 72 किलोग्राम | विनीत हरियाणा | अनुज दिल्ली | सत्यम उत्तर प्रदेश व काशीनाथ एसएससीबी |
| 77 किलोग्राम | तुषार हरियाणा | अतुल पंजाब | बादल उत्तर प्रदेश व लक्षित राजस्थान |
| 82 किलोग्राम | दीपक एसएससीबी | विशेष दिल्ली | अखिलेश हरियाणा व निलेश महाराष्ट्र |
| 87 किलोग्राम | विनय महाराष | मानव एसएससीबी | अनुज उत्तर प्रदेश व सागर हरियाणा |
| 97 किलोग्राम | निखिल हरियाणा | विशेष उत्तर प्रदेश | अमन एसएससीबी और वंशदीप पंजाब |
| 130 किलोग्राम | पीयूष हरियाणा | उमांग - उत्तराखंड | मोक्ष चतुर्वेदी मध्य प्रदेश व सत्यनारायण ओडिशा |






# पहलगाम में बादल फटा, कई सड़कें बह गईं उत्तराखंड में लैंडस्लाइड से 126 रास्ते हुए बंद

## केदारनाथ यात्रा पर बारिश की मार, सोनप्रयाग के पास भूस्खलन से हाईवे बंद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में जहां मानसून की रफ्तार थमी है, वहीं पहाड़ी राज्यों में बारिश के चलते नदियों का जलस्तर बढ़ने लगा है। शनिवार रात जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में बादल फटने के बाद बाढ़ आई। कई खेत बर्बाद हो गए, सड़क बह गई। उत्तराखंड के विकासनगर में भारी बारिश के कारण लखवाड़ हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट के पास लैंडस्लाइड हुआ। कई गाड़ियां और मशीनें मलबे में दब गईं। रविवार को उत्तराखंड में भारी बारिश से लैंडस्लाइड हुआ, जिससे दो नेशनल हाईवे समेत 126 सड़कें बंद हो गईं।

▶▶ देहरादून में दीवार गिरने से महिला की मौत, कई घर खाली कराए गए


▶▶ यमुनोत्री हाईवे पर मरम्मत का काम लैंडस्लाइड के कारण बंद



पहलगाम



ऋषिकेश



### कई परिवारों ने घर छोड़े

वहीं, देहरादून में दीवार गिरने से एक महिला घायल हो गई और सात परिवारों को अपना घर खाली करना पड़ा। यमुनोत्री हाईवे पर मरम्मत का काम चल रहा है, जो स्यानाचट्टी में लैंडस्लाइड की वजह से पिछले तीन दिनों से बंद है। स्टेट इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर के मुताबिक, पिछले 24 घंटों से लगातार बारिश की वजह से हुए लैंडस्लाइड की वजह से पूरे राज्य में सड़क संपर्क टूट गया।



अनंतनाग

### केदारनाथ यात्रा सुचारू रूप से जारी

जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी (डीडीएमओ) नंदन सिंह राजवार ने कहा कि भूस्खलन के कारण बाधित सड़क के अलावा केदारनाथ यात्रा सुचारू रूप से जारी है। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रभावित मार्ग जल्द ही फिर से खोल दिया जाएगा। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में लगातार हो रही बारिश के कारण हुए भूस्खलन ने केदारनाथ यात्रा में परेशानी खड़ी कर दी है।

### उत्तराखंड में 120 सड़कें और 3 नेशनल हाईवे बंद

- *रुद्रप्रयाग (सोनप्रयाग): मुनकटिया के पास भारी भूस्खलन से केदारनाथ नेशनल हाईवे बंद हुआ है।*
- *उत्तरकाशी: यमुनोत्री नेशनल हाईवे पर स्यानाचट्टी के पास भूस्खलन के कारण लगभग 100 मीटर सड़क पूरी तरह बह गई, जिससे सैकड़ों तीर्थयात्री फंस गए (जिन्हें एसडीआरएफ ने रस्सियों के सहारे सुरक्षित निकाला)। गंगोत्री हाईवे पर नालू पानी के पास भी भारी मलबा आने से रास्ता बाधित हुआ।*
- *टिहरी गढ़वाल: मसूरी मोड़ (कैम्प्टी) के पास लैंडस्लाइड की वजह से नैनबाग रूट प्रभावित रहा।*
- *हिमाचल: पहाड़ दरक रहे हैं और नदियों का जलस्तर बढा*
- *शिमला: शिमला के संजौली (बोथवेल एस्टेट) इलाके में भीषण भूस्खलन का खतरा पैदा हो गया है, जिसके चलते कई मकानों के ढहने की आशंका है और लोग रातभर घरों से बाहर रहने को मजबूर हुए। इसके अलावा राजहाना गांव और शिमला की मुख्य कार्ट रोड पर भारी मलबा और पेड़ गिरने से गाड़ियाँ दब गईं और ट्रैफिक ठप हो गया।*
- *किन्नौर व सांगला: किन्नौर में लैंडस्लाइड और बाढ़ के कारण सांगला में एक बेली ब्रिज (**Bailey bridge**) ढह गया और लिप्पा में बाढ़ का पानी घरों में घुस गया।*

## खबर संक्षेप

### भारत ने रूस से 49 हजार करोड़ का तेल खरीदा



**ढाका।** भारत ने जून 2026 में रूस से रिकॉर्ड 4.5 अरब यूरो (करीब 49 हजार करोड़ रुपये) का कच्चा तेल खरीदकर दुनिया को चौंका दिया है। सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर की रिपोर्ट के अनुसार, इस अवधि में भारत ने रूस से कुल 5.5 अरब यूरो के हाइड्रोकार्बन आयात किए, जिनमें 83% हिस्सेदारी अकेले क्रूड ऑयल की रही। मई के मुकाबले यह खरीद 34% अधिक रही। इसके साथ ही भारत, चीन के बाद रूस से कच्चा तेल खरीदने वाला दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश बन गया है।

### भारत पर 500% टैरिफ की धमकी देने वाले का निधन



**वॉशिंगटन।** अमेरिका के रिपब्लिकन सीनेटर लिंडसे ग्राहम का 71 वर्ष की उम्र में संक्षिप्त और अचानक हुई बीमारी के बाद निधन हो गया। उनके कार्यालय ने मौत की पुष्टि करते हुए परिवार की ओर से निजता बनाए रखने की अपील की है।दक्षिण कैरोलिना से सीनेटर रहे ग्राहम हाल के महीनों में रूस से तेल खरीदने को लेकर भारत के मुखर आलोचक रहे थे। उन्होंने रूस से ऊर्जा खरीदने वाले देशों पर 500% तक टैरिफ लगाने के प्रस्तावित विधेयक का समर्थन किया था।

## ओमान तट के पास एक व्यापारी जहाज जीएफसी गैलेक्सी पर हमला हुआ

# जिस जहाज पर 11 भारतीय सवार थे उसी पर दाग दी मिसाइल,एक हुआ लापता 10 सुरक्षित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ओमान तट के पास एक व्यापारी जहाज जीएफसी गैलेक्सी पर हमला हुआ। भारत के विदेश मंत्रालय ने रविवार को बताया कि इस जहाज पर 11 भारतीय नागरिक सवार थे। इनमें से 10 को सुरक्षित बचा लिया गया है, जबकि एक भारतीय अब भी लापता है।

भारत ने हमले की कड़ी निंदा की है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि मस्कट में भारतीय दूतावास ओमान सरकार के साथ मिलकर लापता भारतीय की तलाश और बचाव अभियान पर लगातार नजर रखे हुए है। भारत ने इस अभियान में सहयोग के लिए ओमानी अधिकारियों का धन्यवाद भी दिया।

भारत ने कहा कि क्षेत्र में व्यापारी जहाजों और नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाना तुरंत बंद होना चाहिए। साथ ही तनाव कम करने और बातचीत के जरिए समाधान निकालने की अपील की। विदेश मंत्रालय ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों पर बिना किसी बाधा के जहाजों की आवाजाही जल्द बहाल होनी चाहिए। ओमान के मैरिटाइम सिक्योरिटी सेंटर ने बताया कि हमले का शिकार हुए मालवाहक जहाज 'जीएफएस गैलेक्सी' से 23 नाविकों को सुरक्षित बचा लिया गया है। हालांकि, एक नाविक की तलाश अब भी जारी है।

होर्मुज बंद होने से भड़का अमेरिका किए कई हमले | ईरान ने कहा होर्मुज ही हमारी ताकत है नहीं खोलेंगे



एआई इमेज

### होर्मुज बंद करने पर भड़का अमेरिका,भीषण बमबारी

पश्चिम एशिया में तनाव चरम पर पहुंच गया है। ईरान द्वारा सामरिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह बंद करने और साइप्रस के एक मालवाहक जहाज पर हमला करने के जवाब में अमेरिकी सेना ने ईरान पर जोरदार हवाई हमले शुरू कर दिए हैं। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के अनुसार, ईरान के तटीय शहरों बंदर अब्बास और सिरिक में स्थित रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के ठिकानों को निशाना बनाया गया है। अमेरिका के रक्षामंत्री पीट हेगसेथ ने कहा ईरान ने बेहद गलत फैसला किया है। अब उन्हें इसकी भारी कीमत चुकानी होगी। यह कार्रवाई दोनों देशों के बीच हाल ही में हुए कमजोर सीजफायर समझौते को तोड़ती नजर आ रही है। अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि ईरान ने वाणिज्यिक जहाजों पर हमला कर अंतरराष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन किया है।

### बहरीन बोला- ईरान नागरिकों को निशाना बना रहा

बहरीन की सेना ने आरोप लगाया है कि ईरान लगातार मिसाइल और ड्रोन हमले कर रहा है, जिनमें नागरिकों को निशाना बनाया जा रहा है। सेना ने दावा किया कि उसकी एयर डिफेंस प्रणाली ने इन हमलों को नाकाम कर दिया। अल जजीरा के मुताबिक बहरीन ने बयान में कहा कि देश की सभी सैन्य इकाइयां पूरी तरह सतर्क हैं और देश की सुरक्षा के लिए हर समय तैयार हैं। बहरीन ने अपने नागरिकों से भी सतर्क रहने की अपील की। उसने कहा कि ईरान की ये कार्रवाई अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का स्पष्ट उल्लंघन है।

### अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर अचूक मिसाइलों से हमला

होर्मुज पर बढ़ते तनाव के बीच ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने रविवार को अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर भीषण हमला कर तबाही मचाई है। आईआरजीसी द्वारा जारी फुटेज के अनुसार, इस हमले में ईरान ने अपनी सैन्य शक्ति का प्रदर्शन करते हुए सबसे घातक और 'रेसिजन गाइडेड बैलिस्टिक मिसाइलों का इस्तेमाल किया। इस हमले में मिसाइलों के साथ आत्मघाती ड्रोन्स का भी सैल्वो अटैक किया गया। जॉर्डन और बहरीन स्थित अमेरिकी बेस को निशाना बनाने वाले इस हमले के बाद वैश्विक ऊर्जा बाजार में हड़कंप मच गया है और कच्चे तेल की कीमतें बढ़ गई हैं।

### ईरान के बड़े हथियारों ने यूएस को हैरान किया

**कद्र:** 2,000 किमी रेंज वाली इस मध्यम दूरी की मिसाइल ने रणनीतिक ठिकानों को निशाना बनाया।
**एमाद:** 1,700 किमी रेंज और री-एंट्री व्हीकल तकनीक से लैस, जो हवा में दिशा बदलकर डिफेंस सिस्टम को चकमा देती है।
**खैबर शेकन:** 1,450 किमी रेंज वाली इस ठोस ईंधन मिसाइल ने अपनी तीव्र गति से दुश्मन के मिसाइल डिफेंस को भेदा।
**फतेह-110 व जोल्फाग़ार:** कम व मध्यम दूरी की इन मिसाइलों ने सटीक और मल्टीपल विस्फोटों (सबमुनिशन) से भारी नुकसान पहुंचाया।



## 21 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया था

# वियतनाम से 16 भारतीय पर्यटक लौट रहे,एक लड़ रहा जिंदगी से

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वियतनाम के फु क्वोक द्वीप के पास हुए दर्दनाक स्पीडबोट हादसे में बचाए गए 16 भारतीय पर्यटक अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद स्वदेश लौट रहे हैं। वहीं हादसे में जीवित बचे एक भारतीय पर्यटक का अब भी अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस हादसे में 15 भारतीय पर्यटकों की मौत हो गई थी। हनोई स्थित भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि हादसे में बचाए गए 15 पर्यटकों को इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है और वे भारत लौट रहे हैं।

- मृतकों में 10 तमिलनाडु, 3 आंध्र प्रदेश और 2 केरल के हैं

गंभीर रूप से घायल दो मरीजों में से एक को भी अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी है और वह भारत के लिए रवाना हो गया है। जबकि दूसरा घायल अब भी फु क्वोक के एक अस्पताल में उपचाराधीन है। भारतीय दूतावास ने बताया कि दूतावास और वाणिज्य दूतावास की टीमें फु क्वोक में मौजूद हैं और जरूरत पड़ने पर हर संभव सहायता उपलब्ध करा रही हैं। भारतीय दूतावास की ओर से साझा की गई सूची के अनुसार, हादसे में जान गंवाने वाले 15 भारतीयों में 10 तमिलनाडु, तीन आंध्र प्रदेश और दो केरल के रहने वाले थे। मृतकों में दो महिलाएं भी शामिल हैं। सभी 15 शव बरामद कर लिए गए हैं। फिलहाल हादसे की सटीक वजह का पता नहीं चल सका है। मामले की जांच जारी है।

### *वियतनाम सरकार करा रही जांच*

*स्थानीय मीडिया के अनुसार, वियतनाम के प्रधानमंत्री ले मिन्ह हुंग ने हादसे की जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को दुर्घटना के कारणों का पता लगाने और लापरवाही के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए हैं।*

## यूरोप दौरे पर जाएंगे पीयूष गोयल, स्पेन, बेल्जियम और फिनलैंड में व्यापार, निवेश व प्रौद्योगिकी सहयोग को देंगे नई गति

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल 13 से 17 जुलाई तक स्पेन, बेल्जियम और फिनलैंड के पांच दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह भारतीय उद्योग जगत के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। दौरे का उद्देश्य यूरोपीय देशों के साथ भारत की आर्थिक साझेदारी को और मजबूत करना तथा व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी, नवाचार और सतत विकास के क्षेत्रों में सहयोग का विस्तार करना है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अनुसार दौरे के पहले चरण में केंद्रीय मंत्री सोमवार को स्पेन पहुंचेंगे। वहां वह चैंबर ऑफ कॉमर्स ऑफ स्पेन, सीईओई और आईसीईएक्स स्पेन ट्रेड एंड इन्वेस्टमेंट के सहयोग से आयोजित भारत-स्पेन बिजनेस राउंडटेबल में हिस्सा लेंगे। इस बैठक में दोनों देशों के उद्योग जगत के शीर्ष प्रतिनिधि भाग लेंगे और ऑटोमोबाइल, नवीकरणीय ऊर्जा, रेलवे, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), सेमीकंडक्टर, खाद्य प्रसंस्करण और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में निवेश एवं सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा करेंगे। दौरे के दूसरे चरण में पीयूष गोयल 14 और 15 जुलाई को बेल्जियम जाएंगे। वहां उनकी मुलाकात थेल्स ग्रुप और सिलॉक्स ग्रुप के शीर्ष नेतृत्व से होगी। इसके अलावा वह भारत-यूरोपीय संघ, बिजनेस राउंडटेबल तथा ट्रेड एंड टेक्नोलॉजी काउंसिल प्लेनरी में भी भाग लेंगे। इन बैठकों में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश, व्यापार सुगमता, टिकाऊ प्रौद्योगिकियां और मजबूत वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को लेकर विचार-विमर्श होगा। दौरे के अंतिम चरण में केंद्रीय मंत्री 16 और 17 जुलाई को फिनलैंड का दौरा करेंगे। यहां वह भारत-फिनलैंड बिजनेस राउंडटेबल में हिस्सा लेंगे तथा फिनलैंड की अग्रणी कंपनियों और अनुसंधान संस्थानों का दौरा करेंगे। इनमें नोकिया, कोने, केम्पी ग्रुप और वीटीटी रिसर्च सेंटर प्रमुख हैं। इन संस्थानों के साथ दूरसंचार, उन्नत विनिर्माण, स्वच्छ ऊर्जा, स्मार्ट मोबिलिटी और नवाचार के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की संभावनाओं पर चर्चा की जाएगी। मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि यह दौरा ऐसे समय हो रहा है जब भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते सहित आर्थिक सहयोग को नई गति देने के कई मंचों के माध्यम से प्रयास जारी हैं। ऐसे में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल की यह यात्रा भारत और यूरोप के बीच व्यापारिक एवं निवेश संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

## पीएम ने भारत का सच्चा मित्र बताया

# पूर्व अमीर शेख के निधन पर पीएम ने जताया शोक,झंडा झुका रहेगा

नई दिल्ली ▶▶ ढाका

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कतर के पूर्व अमीर और 'फादर अमीर' शेख हमद बिन खलीफा अल थानी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। सोशल मीडिया मंच एक्स पर उन्होंने शेख हमद को दूरदर्शी नेता बताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में कतर ने विकास और समृद्धि के नए आयाम स्थापित किए।

पीएम मोदी ने उन्हें भारत का सच्चा मित्र भी बताया उन्होंने कतर के मौजूदा अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी, शाही परिवार और देश की जनता के प्रति उन्होंने



संवेदनाएं भी व्यक्त कीं। वही राष्ट्रीय शोक के दिन पूरे देश में उन सभी सरकारी और सार्वजनिक भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा, जहां नियमित रूप से तिरंगा फहराया जाता है। साथ ही इस दिन कोई भी आधिकारिक मनोरंजन कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जाएगा।

## उग्रवादी नारे और साबिर को धारदार हथियार के साथ धमकी देते हुए दिखाया गया

### वीडियो में हथियार और विस्फोटक भी दिखाया गया

# ढाका में मार्शल आर्ट्स संस्था की आड़ में चल रहे आतंकी नेटवर्क का भंडाफोड़, विदेशी कनेक्शन भी सामने आया

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश में मार्शल आर्ट्स प्रशिक्षण संस्थान की आड़ में चल रहे एक संदिग्ध उग्रवादी संगठन के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। ढाका महानगर पुलिस की आतंकवाद-विरोधी और सीमा पार अपराध इकाई ने इस जांच के सिलसिले में संगठन के प्रमुख शाह अमानत साबिर सहित कई अन्य लोगों को गिरफ्तार किया है। बांग्लादेश संवाद संस्था की रिपोर्ट के अनुसार, पकड़े गए सभी लोग खुलना स्थित मार्शल आर्ट्स प्रशिक्षण संस्थान फतह कॉम्बेट सिस्टम के छात्र और प्रशिक्षक हैं। जांचकर्ता इस गुप्त नेटवर्क के प्रमुख शाह अमानत साबिर के मोबाइल फोन से मिले एक वीडियो क्लिप की गहन जांच कर रहे हैं।

### *आतंकी गतिविधियों के मामले में एक दर्जन लोगों के नाम सामने आए*



### *अरबी भाषा के गाने से किया जा रहा था प्रचार,वीडियो भी आया*

*पुलिस के मुताबिक, लगभग ढाई मिनट के इस वीडियो में रात के समय एक ग्रामीण सड़क पर विस्फोट, उग्रवादी नारे और साबिर को धारदार हथियार के साथ धमकी देते हुए दिखाया गया है, जिसके बैकग्राउंड में आतंकी संगठन आईएसआईएस के प्रचार से जुड़ा एक अरबी गीत चल रहा था। इस मामले में नेशनल सिटिजन्स पार्टी के एक सदस्य की संलिप्तता की भी जांच की जा रही है, जिसका गठन साल 2024 में शेख हसीना विरोधी छात्र आंदोलनों के बाद मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के दौरान हुआ था। आतंकवाद-विरोधी अभियान के तहत गिरफ्तार लोगों में इस पार्टी की शहर संयोजक समिति के संयुक्त सदस्य सचिव अताउल्लाह शाह भी शामिल हैं, जिन्हें गिरफ्तारी के बाद पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। शाह को जत्राबाड़ी पुलिस थाना क्षेत्र से छह अन्य लोगों के साथ पकड़ा गया था।*

### मुंबई के ताज होटल को बम से उड़ाने की धमकी



मुंबई के ताज महल पैलेस होटल को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। रविवार को नवी मुंबई पुलिस के पास आए एक अज्ञात कॉल में धमकी दी गई ताज होटल को बम उड़ा दिया जाएगा।

### दिल्ली में लॉरेंस बिश्नोई गैंग के तीन शूटर गिरफ्तार



दिल्ली में रोहिणी जिला स्पेशल स्टाफ टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़े तीन शूटरों को गिरफ्तार किया है। इनमें से दो आजमगढ़ और एक दिल्ली का रहने वाला है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109